


आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

# तरुण छत्तीसगढ़

E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in
Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
phone: 0771-2543112

■ रायपुर,सोमवार 27 जुलाई 2026 ■ आषाढ़, शुक्ल पक्ष-12 ■ वर्ष -42 ■ अंक-120 ■ पृष्ठ 8 ■ डाक संस्करण 28 जुलाई 2026 ■ मूल्य-2.00 रुपये


## नई टास्क फोर्स पर सुप्रीम कोर्ट की नजर

**नई दिल्ली,27 जुलाई।** उच्चतम न्यायालय ने सोमवार को कहा कि वह इस बात पर नजर रखेगा कि नंदन नीलेकणी की अध्यक्षता में सरकार द्वारा गठित उच्चाधिकार प्राप्त कार्यबल नीट परीक्षा के ऑनलाइन आयोजन को लेकर क्या सुझाव देता है। न्यायमूर्ति पीएस नरसिम्हा और न्यायमूर्ति आलोक अराधे की पीठ ने कहा कि कुछ नए और लीक से हटकर सुझावों की जरूरत है, विशेष तौर पर तब जब नीट परीक्षा को पारंपरिक तरीके से आयोजित करने के बजाय इसके ऑनलाइन आयोजन का प्रस्ताव है। पीठ ने कहा, 'हमें साइबर सुरक्षा और डेटाबेस सुरक्षा के मामले में कुछ अतिरिक्त सुरक्षा उपाय (करने) की जरूरत है।' पीठ राष्ट्रीय जनता दल के नेता एवं सांसद सुधाकर सिंह की याचिका पर सुनवाई कर रही थी। यह याचिका तीन मई को हुए राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा-स्नातक (नीट-यूजी) के प्रश्नपत्र लीक के आरोपों के बाद परीक्षा रद्द करने और नीट की परीक्षा दोबारा आयोजित कराने की घोषणा के बाद दायर की गई थी। केंद्र की ओर से पेश सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने पीठ को बताया कि केंद्र सरकार ने इस मामले को बहुत गंभीरता से लिया है और इसके लिए एक उच्च स्तरीय समिति बनाई गई है। उन्होंने कहा कि खुद प्रधानमंत्री ने इसकी घोषणा की थी और इस उच्च स्तरीय समिति के प्रमुख नंदन नीलेकणि हैं, जो प्रौद्योगिकी क्षेत्र के विशेषज्ञ हैं। मेहता ने बताया कि नीलेकणी के अलावा, कार्यबल के अन्य सदस्यों में भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के पूर्व अध्यक्ष एस सोमनाथ,



खुफिया ब्यूरो (आईबी) के पूर्व निदेशक तपन डेका, भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान चेन्नई के निदेशक वी कामाकोटी, पूर्व शिक्षा सचिव अनीता करवाल और 'लॉजिस्टिक्स' विशेषज्ञ अमृत लाल मीणा शामिल हैं। पीठ ने कहा कि वह सांसद सुधाकर सिंह की याचिका को अगले तीन अगस्त को सुनवाई के लिए सूचीबद्ध कर रही है। शीर्ष अदालत ने एक जून को सिंह की उस याचिका को तुरंत सुनवाई के लिए स्वीकार करने से मना कर दिया था, जिसमें 21 जून को नीट-यूजी 2026 की दोबारा परीक्षा कंप्यूटर आधारित परीक्षा (सीबीटी) मोड में कराने का अनुरोध किया गया था। राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) ने 12 मई को प्रश्नपत्र लीक के आरोपों के बीच मेडिकल में प्रवेश के लिए तीन मई को आयोजित नीट-यूजी परीक्षा को रद्द कर दिया था, जिसके बाद 21 जून को दोबारा परीक्षा आयोजित की गई थी। सीबीआई अभी इस मामले की जांच कर रहा है। हाल ही में नीट पेपर लीक के खिलाफ दिल्ली में बड़े स्तर पर आंदोलन हुआ था, जिसका नेतृत्व कांकरोच जनता पार्टी कर रही थी। सरकार की तरफ से मांगें माने जाने के बाद विरोध प्रदर्शन को रोक दिया गया था।

## राहुल गांधी को नेता प्रतिपक्ष पद से हटाने के तैयारी में भाजपा

**नईदिल्ली,27 जुलाई।** बीजेपी के निशाने पर एक बार फिर लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी है। झारखंड (गोड्डा) से बीजेपी सांसद निशिकांत दुबे ने राहुल गांधी पर तीखा हमला बोला है। दुबे का दावा है कि बीजेपी बहुत जल्द राहुल गांधी को विपक्ष के नेता के पद से हटाने के लिए संसद में एक प्रस्ताव लाने की तैयारी कर सकती है। उनका कहना है कि राहुल गांधी की जवाबदेही तय होना बहुत जरूरी है, क्योंकि 2004 से लेकर 2026 के बीच उन्होंने जो भी विदेश यात्राएं की हैं, उनके बारे में किसी को कोई साफ जानकारी नहीं है। निशिकांत दुबे ने आरोप लगाया कि राहुल गांधी जब भी विदेश जाते हैं, तो देश, सरकार और संविधान के खिलाफ ही बयानबाजी करते हैं। उन्होंने सवाल उठाया कि विदेश दौरों के दौरान राहुल किससे मिलते हैं, वहां क्या करते हैं और किस तरह के आंदोलनों को बढ़ावा देने के लिए फंडिंग की बात होती है, यह सब रहस्य बना हुआ है। दुबे ने दावा किया कि राहुल गांधी की यात्राओं में अमेरिकी उद्योगपति जॉर्ज सोरोस से जुड़े लोग शामिल थे। उन्होंने 2008 में कांग्रेस और चीन के बीच हुए कथित समझौते का मुद्दा उठाते हुए कहा कि उस 'गुप्त डील' को आज तक जनता के सामने जाहिर क्यों नहीं किया गया? बीजेपी सांसद का मानना है कि विपक्ष का नेता जब देश से बाहर जाता है, तो उसे भारत की नीतियों और रुख का प्रतिनिधित्व करना चाहिए, न कि देश की छवि बिगाड़नी चाहिए। इसीलिए उन्होंने मांग की है कि साल 2004 से 2026 तक की राहुल गांधी की सभी विदेश यात्राओं, उनके दोस्तों और तमाम गुप्त समझौतों की निष्पक्ष जांच के लिए एक विशेष जांच दल (SIT) का गठन किया जाए।

## उफान पर था नाला, तेज बहाव में बह गई कार, पति-पत्नी लापता

**सारंगढ़,27 जुलाई।** छत्तीसगढ़ में मानसून सक्रिय हो गया है। भारी बारिश के चलते नदी, नाले उफान पर है। नाले से ऊपर बह रहे पानी के बावजूद कार सवार दंपति नाला पार कर रहे थे। तेज बहाव के कारण कार नाले में बह गया। कार सवार दंपति लापता है। रेस्क्यू अभियान चलाया जा रहा है। सारंगढ़-बरमकेला मार्ग पर माधोपाली के पास लात नाला में हुआ बड़ा हादसा। सारंगढ़-बरमकेला मार्ग पर माधोपाली के पास लात नाला पड़ता है। बीते दो तीन दिनों से हो रही भारी बारिश के कारण नदी के अलावा नाले भी उफान पर है। नाले के ऊपर से पानी बह रहा है। पानी का बहाव काफी तेज है। तेज बहाव वाले पानी में कार सवार दंपति ने नाले से निकलने की कोशिश की। नाले के बीच में आते ही पानी के तेज बहाव के कारण कार पर नियंत्रण नहीं रख पाए और बहाव तेज होने के कारण कार बहकर नाले में जा गिरा। कार देवनारायण पटेल ड्राइव कर रहे थे, बाजू की सीट पर उनकी पत्नी बैठी थी। नाला से तकरीबन डेढ़ किलोमीटर दूर बहकर कार चली गई थी। और चक्का के पास कार को बरामद कर लिया है।

## भाजपा के दफ्तर पर बम से हमला

**चंडीगढ़,27 जुलाई।** देशभर में पेपर लीक और अन्य मुद्दों को लेकर जारी बवाल के बीच पंजाब से बड़ी खबर सामने आई है। यहां राज्य के संगरूर जिले में भाजपा के दफ्तर पर बड़ा हमला हुआ है। पीटीआई की एक रिपोर्ट के मुताबिक यहां उप्पली रोड स्थित भारतीय जनता पार्टी के जिला कार्यालय को असामाजिक तत्वों ने पेट्रोल बम फेंककर निशाना बनाया। हालांकि इस हमले में किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। घटना के बाद से पूरे इलाके में सनसनी फैल गई है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, हमलावर ने बियर की बोतल को पेट्रोल बम बनाकर बीजेपी दफ्तर की बाहरी दीवार की तरफ फेंक दी। घटना रविवार देर रात करीब 3 बजे की बताई जा रही है। पेट्रोल बम दफ्तर की दीवार से टकराकर फूट गया, जिससे वहां आग लगने की भी खबर है। रिपोर्ट्स में बताया जा रहा है कि दीवार पर आग लगने के निशान देखे गए हैं। सोमवार सुबह जब कार्यकर्ता दफ्तर खोलने पहुंचे, तब इस घटना का खुलासा हुआ और तुरंत पुलिस को सूचना दी गई। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने तुरंत जांच शुरू कर दी है। संगरूर के एसपी दविंदर अत्री ने बताया कि उन्होंने डीएसपी और संगरूर थाना प्रभारी के साथ बीजेपी कार्यालय पहुंचकर घटनास्थल की जांच की है। अत्री ने बताया, "मैं, डीएसपी और संगरूर के SHO मौके पर पहुंचे हैं। हम पूरे घटनास्थल का निरीक्षण कर रहे हैं। बीयर की बोतल में पेट्रोल भरकर उसे पेट्रोल बम में बदला गया था।" पुलिस फिलहाल इस मामले की जांच के लिए आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है।

## 2 साल की सजा के खिलाफ 24 साल तक लड़ा केस, हाईकोर्ट ने दी राहत

### लेकिन 4 महीने के लिए जाना पड़ेगा जेल

**बिलासपुर,27 जुलाई।** धमतरी के सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र में हत्या के प्रयास के 24 साल पुराने मामले में दोषी ठहराए गए दीपक कुमार ओझा को ट्रायल कोर्ट ने 2 साल के कारावास की सजा सुनाई थी। इस फैसले को चुनौती देते हुए दीपक ने हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया। करीब 24 साल तक चली कानूनी लड़ाई के बाद आखिरकार उच्च न्यायालय ने उसे आंशिक राहत देते हुए सजा को घटाकर 4 महीने कर दिया। कोर्ट ने उसे 30 सितंबर 2026 तक ट्रायल कोर्ट के समक्ष सरेंडर करने का निर्देश दिया है, ताकि वह अपनी शेष सजा पूरी कर सके।



हाईकोर्ट ने प्राणघातक हमले के आरोपी की अपील को आंशिक रूप से स्वीकार करते हुए 24 वर्ष पुराना मामला होने पर सुप्रीम कोर्ट के न्यायदृष्टांत का हवाला देते हुए कहा, कि सजा का मकसद एक असरदार रोकथाम बनाना है ताकि भविष्य में ऐसे ही क्राइम/कार्रवाइयों को रोका जा सके। अपीलकर्ता गुरु उर्फ राहुल उर्फ प्रवीण कुमार शिंदे निवासी बांसपारा धमतरी, थाना सिटी कोतवाली धमतरी का 3 दिसंबर 2002 को दीपक कुमार ओझा के साथ झगड़ा हुआ था। झगड़े के बाद, जब दीपक ओझा अपने घर जा रहा था और वह अपने घर के सामने पहुंचा, तो आरोपी मोटरसाइकिल पर वहां पहुंचा और उसके साथ दो और लोग थे, जिन्होंने पीड़ित पर तलवार से हमला किया, जिसका मकसद उसे जान से मारना था। पीड़ित ने खुद को हमले से बचाने के लिए अपने हाथ से हमले को रोका और उसकी कोहनी में गंभीर चोट आई और फ्रैक्चर भी हो गया।

घायल के रिपोर्ट पर धमतरी कोतवाली पुलिस ने धारा 307/34 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर सीजेएम कोर्ट में चालान पेश किया। सीजेएम कोर्ट ने मामले को विचारण के लिए रायपुर जिला एवं सत्र न्यायालय भेजा। सुनवाई उपरांत ट्रायल कोर्ट ने आरोपी को दो वर्ष कैद एवं 500 रू अर्थदंड की सजा सुनाई।

## कैंसर मरीजों को म्यूजिक थेरेपी देने वाली ज्योतिर्मयी बनीं इंडियन आइडल

**मुंबई,27 जुलाई।** देश के लोकप्रिय सिंगिंग रियलिटी शो इंडियन आइडल 16 को आखिरकार अपना विजेता मिल गया है। ओडिशा की प्रतिभाशाली गायिका ज्योतिर्मयी नायक ने शानदार प्रदर्शन के दम पर ट्रॉफी अपने नाम कर ली। विजेता बनने के साथ उन्हें 20 लाख रुपये की प्राइज मनी भी मिली। इस ऐतिहासिक जीत के बाद उनके परिवार और प्रशंसकों में खुशी की लहर दौड़ गई है। महज 24 वर्ष की ज्योतिर्मयी अब ओडिशा की पहली ऐसी सिंगर बन गई हैं, जिन्होंने इंडियन आइडल का खिताब जीतकर राज्य का नाम पूरे देश में रोशन किया है। संगीत के जरिए लोगों की जिंदगी में सकारात्मक बदलाव लाने का सपना देखने वाली ज्योतिर्मयी म्यूजिक थेरेपिस्ट के रूप में भी काम कर चुकी हैं। उन्होंने कैंसर से जूझ रहे मरीजों के मानसिक तनाव को कम करने और उन्हें भावनात्मक सहारा देने के लिए म्यूजिक थेरेपी से जुड़ी सेवाएं दीं। यही संवेदनशीलता और समर्पण उन्हें बाकी प्रतिभागियों से अलग बनाता है।

## 7 आईएफएस अधिकारियों का तबादला

**रायपुर,27 जुलाई।** छत्तीसगढ़ के वन विभाग में अभी-अभी महत्वपूर्ण तबादले हुए हैं। इसमें पांच अधिकारियों को इधर-से-उधर किया गया है। बता दें, लघु वनोपज संघ के एमडी अनिल साहू और वन विकास निगम के एमडी प्रेम कुमार 31 जुलाई को रिटायर हो रहे हैं। उनकी जगह नई पोस्टिंग के लिए यह आदेश निकाला गया है। इसके साथ पांच आईएफएस अधिकारियों का एक चेन बन गया है।

## सीएम के प्रमुख सचिव का फेसबुक में बनाया फेक आईडी

**रायपुर,27 जुलाई।** फेसबुक जैसे सोशल मीडिया प्लेटफार्म अब वसूली का नया जरिया बन गए हैं। इसके लिए शातिर ठग फेक आईडी का सहारा ले रहे हैं। ऐसा ही एक मामला मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के प्रमुख सचिव सुबोध सिंह से जुड़ा हुआ आया है, जिसमें शातिर फेसबुक में उनकी फेक आईडी बनाकर परिचितों से पैसे मांग रहा है। जानकारी के अनुसार, शातिर ठग ने आईएएस सुबोध सिंह का फेसबुक पर आज ही एक फेक आईडी बना डाला।

## गुरु पूर्णिमा 29 को शिवधाम में पादुका पूजन

■ तरुण छत्तीसगढ़

**रायपुर,27 जुलाई.** ग्राम तुलसी (पाटन) स्थित शिवधाम अघोरेश्वर महादेव मंदिर परिसर में 29 जुलाई को गुरु पूर्णिमा धूमधाम से मनाई जाएगी। ज्ञात हो कि शिवधाम में पूज्य गुरु भगवान अघोरेश्वर राम की प्रतिमा पृथक से निर्मित मंदिर में स्थापित है। 29 जुलाई को प्रातः 11 बजे ध्वज पूजन व ध्वजारोहण का कार्यक्रम होगा। पूर्वान्ह 11:30 बजे श्री गुरु पादुका पूजन के बाद मध्यान्ह 12:30 बजे परम गुरु की आरती होगी। मध्यान्ह 1 बजे प्रसाद का वितरण किया जाएगा। शिवधाम परिसर में विशाल शिवलिंग के साथ पारद निर्मित शिवलिंग भी स्थापित है। यहां मां काली अघोरेश्वरी भी जीवंत रूप में विराजित हैं। खारुन नदी के किनारे स्थित शिवधाम में निर्मित विशाल मंदिर में श्रद्धा व आस्था की अद्भुत तरंगें प्रवाहित होती है। यह तीर्थ क्षेत्र महादेवघाट से मोतीपुर, झीट होते हुए पाटन रोड पर ग्राम तुलसी में स्थित है।



## संसद पहुंचे धर्मेन्द्र प्रधान का एनडीए सांसदों ने किया जोरदार स्वागत

**नई दिल्ली,27 जुलाई।** नीट पेपर लीक विवाद के कारण इस्तीफा देने के बाद पहली बार संसद पहुंचे पूर्व केंद्रीय शिक्षा मंत्री और भाजपा सांसद धर्मेंद्र प्रधान का सोमवार को एनडीए नेताओं ने जोरदार स्वागत किया। पार्टी के साथियों ने धर्मेंद्र प्रधान जिंदाबाद के नारे लगाकर और सम्मान देकर उनका स्वागत किया। प्रधान के आने से पहले ही कई भाजपा और एनडीए सांसद संसद के मकर द्वार पर जमा हो गए थे। जैसे ही वे संसद परिसर में दाखिल हुए, सांसदों ने धर्मेंद्र प्रधान जिंदाबाद के नारे लगाए, उन्हें अंदर तक साथ ले गए और एक खास टोपी पहनाई। यह पूर्व मंत्री के प्रति सत्ताधारी गठबंधन के समर्थन और एकजुटता को दिखाता है।



दूसरी ओर, कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा के नेतृत्व में विपक्षी नेताओं ने छात्रों के विरोध-प्रदर्शन के दौरान उन पर कथित तौर पर अत्यधिक बल प्रयोग किए जाने को लेकर संसद परिसर के भीतर विरोध-प्रदर्शन किया। "शिक्षा चोरी" के नारे लगाते हुए, विपक्षी सांसदों ने शांतिपूर्ण प्रदर्शनकारियों के खिलाफ पुलिस की बर्बरता बताते हुए केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से माफी की मांग की। लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी, कांग्रेस सांसद केसी वेणुगोपाल और समाजवादी पार्टी के प्रमुख अखिलेश यादव उन विपक्षी नेताओं में शामिल थे जिन्होंने संसद के बाहर विरोध प्रदर्शन में हिस्सा लिया। विरोध कर रहे सांसदों ने मांग की कि अमित शाह 20 जुलाई के 'संसद चलो' विरोध प्रदर्शन के दौरान पुलिस द्वारा अत्यधिक बल प्रयोग के आरोपों पर जवाब दें और छात्र प्रदर्शनकारियों के खिलाफ दर्ज आपराधिक मामले वापस लिए जाएं।

विपक्ष के सूत्रों के अनुसार, पार्टियों ने सदन के भीतर चर्चा में भाग न लेने का फैसला किया है और वे छात्रों के खिलाफ कथित बल प्रयोग को लेकर केंद्रीय गृह मंत्री से जवाबदेही की मांग जारी रखेंगे।

## कानूनी उत्तराधिकारियों से नहीं वसूल सकते पुराना सर्विस टैक्स: हाईकोर्ट

**बिलासपुर,27 जुलाई।** हाई कोर्ट ने अपने एक अहम फैसले में कहा है कि प्रोपराइटरशिप फर्म के मालिक की मौत के बाद उसके कानूनी उत्तराधिकारियों से पुराना सर्विस टैक्स नहीं वसूला जा सकता है। कोर्ट ने साफ कहा कि मृत करदाता के वारिसों के विरुद्ध खाता या संपत्ति कुर्क करने का आदेश या रिकवरी नोटिस जारी करना कानूनन गलत है। न्यायमूर्ति राकेश मोहन पांडेय की सिंगल बेंच भिलाई के रिसाली निवासी देवन अनीषा की याचिका पर सुनवाई करते हुए यह निर्णय सुनाया है। दरअसल, याचिकाकर्ता के पति स्व. महेंद्रन रूपेश नायडू एम/एस महेंद्रन रूपेश नायडू नाम से प्रोपराइटरशिप फर्म संचालित करते थे, और सब-कॉन्ट्रैक्टर के रूप में काम करते थे। विभाग ने वित्तीय वर्ष 2013-14 के लिए 12 अक्टूबर 2018 को कारण बताओ नोटिस जारी किया था। इसके बाद 30 जून 2020 को एसेसमेंट आदेश पारित कर 10 लाख 74 हजार 919 रुपये सर्विस टैक्स और इतनी ही राशि का जुर्माना निर्धारित किया गया। इसके खिलाफ दायर अपील भी खारिज हो गई। इसी बीच करदाता महेंद्रन रूपेश नायडू का तीन मई 2023 को निधन हो गया।

इसके बाद जीएसटी एवं केंद्रीय उत्पाद शुल्क विभाग ने 13 दिसंबर 2024 को उनकी पत्नी और उनके बैंक खातों के खिलाफ फाइनेंस एक्ट, 1994 की धारा 87(बी) और सीजीएसटी एक्ट की धारा 142 के तहत गार्निशी व रिकवरी नोटिस जारी कर दिया। इसके बाद जीएसटी एवं केंद्रीय उत्पाद शुल्क विभाग ने 13 दिसंबर 2024 को उनकी पत्नी और बैंक खातों के खिलाफ फाइनेंस और सीजीएसटी एक्ट के तहत रिकवरी नोटिस जारी कर दिया था।

मामले में हाईकोर्ट ने सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ता की ओर से तर्क दिया गया, कि प्रोपराइटरशिप फर्म की कोई अलग स्वतंत्र कानूनी पहचान नहीं होती और मृत प्रोपराइटर के उत्तराधिकारियों से टैक्स वसूलने का प्रविधान नहीं है। हाई कोर्ट ने 'शबीना अब्राहम बनाम कलेक्टर ऑफ सेंट्रल एक्साइज' मामले में सुप्रीम कोर्ट के फैसले का हवाला भी दिया। कोर्ट ने सभी पक्षों को सुनने के बाद 13 दिसंबर 2024 को जारी रिकवरी और मांग नोटिस को पूरी तरह निरस्त कर दिया।




# श्रावण सोमवार को विश्व शांति व जनकल्याण के लिए होगा रुद्राभिषेक

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**भिलाई, 27 जुलाई।** ब्राह्मण मित्र मंडल की बैठक रविवार को कोहका रोड कुरुद में संयोजक पं. राम मिलन दुबे की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में निर्णय लिया गया कि श्रावण मास के प्रथम सोमवार 3 अगस्त को प्रातः 10 बजे से श्री मंगल वाटिका परिसर में देवाधिदेव महादेव का सामूहिक रुद्राभिषेक आयोजित किया जाएगा। विद्वान पंडितों के सानिध्य में होने वाला यह आयोजन विश्व कल्याण, राष्ट्र कल्याण, सर्व समाज के मंगल तथा सभी के उत्तम स्वास्थ्य एवं आरोग्यता की कामना के साथ संपन्न होगा। कार्यक्रम के अंतर्गत रुद्राभिषेक के पश्चात हवन-पूजन एवं भोजन प्रसाद की व्यवस्था रहेगी। संयोजक पं. राम मिलन दुबे ने समाज के सभी सदस्यों से आयोजन में सक्रिय सहभागिता की अपील करते हुए प्रत्येक सदस्य से 100 रुपये का सहयोग देने का आग्रह किया, ताकि प्रत्येक व्यक्ति इस धार्मिक अनुष्ठान का सहभागी बन सके। कार्यक्रम की विस्तृत रूपरेखा पं. राजमणि दुबे ने प्रस्तुत की तथा समाज के सभी भाई-बहनों से अधिकाधिक संख्या में उपस्थित होने का अनुरोध किया। बैठक के दौरान समाज हित में किए जा रहे कार्यों के लिए पं. राम मिलन दुबे का ब्राह्मण समाज द्वारा शॉल, श्रीफल एवं पुष्पहार भेंट कर सम्मान किया गया। साथ ही कारगिल विजय दिवस के अवसर पर देश के लिए सर्वोच्च बलिदान देने वाले शहीदों को दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। बैठक में सरयूपारीण ब्राह्मण समाज के अध्यक्ष प्रभुनाथ मिश्रा, विष्णु पाठक, शंकर चरण, राम बिहारी मिश्रा एवं जे.एन. तिवारी सहित अन्य वक्ताओं ने अपने विचार रखे। साथ ही आगामी समय में समाजहित के विभिन्न कार्यक्रम आयोजित करने का निर्णय भी लिया गया। बैठक में प्रमुख रूप से रामलखन मिश्र, महेश तिवारी, चंद्रशेखर पांडे, राकेश शुक्ला, रितु शुक्ला, शिवसागर मिश्रा, दिनेश मिश्रा, डॉ. सोमनाथ द्विवेदी, पं. हरेकृष्ण पांडे, इंद्रमणि मिश्रा, अंजनी कुमार द्विवेदी, गोकुलेश तिवारी, रामविलास मिश्रा, राम उपकार तिवारी, ईश्वर चंद्र त्रिपाठी, विमलेश पांडे, मनोज शुक्ला, सुदेश मिश्रा, एन.पी. मिश्रा, नागेंद्र पांडे, अखिलेश त्रिपाठी, नित्य नारायण पांडे, निखिल शुक्ला, उमेश शुक्ला, राम बिहारी मिश्रा, हिमांशु तिवारी, अमित मिश्रा, विजय पांडे, ओमप्रकाश मिश्रा गौतम एवं दीपक मिश्रा सहित बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित रहे।

# छग मानव क्षत्रिय कुर्मी समाज पाटन राज ने मुक्तिधाम में पौधे लगाए



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**उतई, 27 जुलाई।** डॉ. खुबचंद बघेल की जयंती पर कुर्मी समाज द्वारा उतई नगर के मुक्ति धाम में पौधा रोपण किया।इस मौके पर समाज के लोगों ने कहा कि वृक्ष हमारी संस्कृति का अभिन्न अंग है और स्वच्छ पर्यावरण और पृथ्वी पर पर्यावरण संतुलन हेतु आवश्यक है। स्वैच्छिक रूप से वृक्षारोपण कर वृक्षारोपण अभियान को सफल करने का आह्वान किया और साथ ही जोर दिया की वृक्षों को लगाने के साथ-साथ उनकी रक्षा भी करनी होगी।इस अवसर पर मोराजध्वज वर्मा अध्यक्ष कुर्मी समाज उतई ,मोतीलाल ,चंद्रिका प्रसाद,गणेश धुरंधर ,महेंद्र वर्मा ,हितेश वर्मा ,देव आडिल,दौलत राम ,सुषमा वर्मा ,प्रदीप वर्मा विवेक वर्मा भूषण वर्मा, दिग्विजय वर्मा शिशुपाल वर्मा,नूरेश मढ़रिया,मुकेश वर्मा आदि उपस्थित थे ।

## एक नजर

### धमकी देकर 5 लाख की मांग, गिरफ्तार

**भिलाई, 27 जुलाई (तछसं.)।** भिलाई एआई तकनीक का दुरुपयोग कर पीड़िता के फोटो एडिट कर सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म इंस्टाग्राम पर वायरल करने पीड़िता से 5 लाख रुपए की अवैध मांग तथा रकम नहीं देने पर उसके पति को जान से मारने एवं पीड़िता को जबरन तलाक लेने के लिए लगातार धमकी देने वाले आरोपी को छावनी थाने पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है छावनी प्रभारी रामनारायण ध्रुव ने बताया कि पीड़िता ने थाना छावनी में लिखित आवेदन प्रस्तुत कर रिपोर्ट दर्ज कराया कि मोबाइल का उपयोग करने वाले रविन्द्र भारती ने उससे 5 लाख रुपए की मांग की जा रही थी। रकम नहीं देने पर आरोपी ने उसके पति को जान से मारने की धमकी दी तथा एआई तकनीक का उपयोग कर उसके फोटो एडिट कर सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म इंस्टाग्राम पर वायरल करने की धमकी दी एवं पीड़िता पर उसके पति से जबरन तलाक लेने का दबाव बनाया। प्रार्थिया की रिपोर्ट पर थाना छावनी में धारा 308(2), 308(3) भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) के अंतर्गत विवेचना प्रारंभ की विवेचना के दौरान आरोपी रविन्द्र भारती (30 साल ) निवासी सतनामी पारा, ठेंगाभाट, थाना धमधा को गिरफ्तार किया है।



### जुआ खेलते कई गिरफ्तार



**भिलाई, 27 जुलाई (तछसं.)।** भिलाई खुर्सीपार टीआई लक्ष्मण केवट ने बताया कि पुलिस को सूचना मिली कि काली माता मंदिर के पीछे घर में कुछ व्यक्ति अवैध रूप से जुआ खेल रहे हैं। सूचना पर पुलिस टीम एवं एसीसीयू की टीम मौके पर पहुंचकर घेराबंदी कर रेड मारा इस दौरान मनोज कुमार 39 साल निवासी जोन 02 खुर्सीपारए राजीव कुमार 22 साल निवासी मछली मार्केट खुर्सीपारए एम राजू 36 साल निवासी बालाजीनगर खुर्सीपारए सूरज महतो 29 साल निवासी एचएससीएल कालोनी खुर्सीपारए जीण् गौतम 29 साल निवासी सड़क 38 खुर्सीपारए किशोर कुमार साहू 31 साल निवासी मछली मार्केट खुर्सीपारए शिवा राव 34 साल निवासी जोन 02 खुर्सीपारए विकास गुप्ता 29 साल निवासी बापूनगर खुर्सीपारए दिनेश बाग 35 वर्ष निवासी बैरागी मोहल्ला छावनी अनिल 46 साल द्ध निवासी पावर हाउस छावनी पवन कुमार 29 साल निवासी बापूनगर खुर्सीपार राजा 27 साल निवासी बापूनगर खुर्सीपार सैनी कुमार 37 साल निवासी इंदिरा पारा सेंट्रल बैंक के पास पुरानी भिलाई व मंजीत सिंह 48 साल निवासी काली मंदिर के पीछे खुर्सीपार को जुआ खेलते हुए पकड़ा। आरोपियों के कब्जे से नगदी राशि ताश पत्ती एवं मोबाइल जब्त की है साथ ही मकान मालकिन पर भी कार्रवाई की है।

### अवैध रूप से नशीली दवाई बेचने के मामले में तीन गिरफ्तार



**भिलाई, 27 जुलाई (तछसं.)।** भिलाई जी.ई. रोड स्थित खंडहर पावर हाउस में अवैध रूप से नशीली दवाई बेचने वाले तीन आरोपियों को छावनी पुलिस ने गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 500 नग अल्प्राजोलम टेबलेट एवं बिक्री रकम बरामद की है छावनी प्रभारी रामनारायण ध्रुव ने बताया कि छावनी थाने पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि जी.ई. रोड स्थित हीरो शोरूम के पीछे खंडहर पावर हाउस परिसर में कुछ व्यक्ति अवैध रूप से प्रतिबंधित नशीली दवाई का विक्रय कर रहे हैं ।

सूचना पर तत्काल पुलिस टीम घेराबंदी कर रेड कार्रवाई की रेड कार्रवाई के दौरान तीन आरोपियों को कमल थापा (29 साल ) निवासी शर्मा कॉलोनी, मिलन चौक के पास कैम्प-02, प्रदीप साहू (34 साल ) निवासी ढोलक पारा न्यू गणेश चौक कैम्प-02 व शहनवाज आलम उर्फ बिन्नी (26 साल ) निवासी शारदा पारा गांधी चौक कैम्प-02 को मौके से गिरफ्तार किया है ।

# ग्राम सांकरा के बूथ क्रमांक-71 में सुना गया पीएम मोदी के 'मन की बात' का 136वां एपिसोड



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**उतई, 27 जुलाई।** ग्राम सांकरा के बूथ क्रमांक 71 में भारत के यशस्वी प्रधानमंत्री माननीय श्री नरेंद्र मोदी जी के लोकप्रिय रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' के 136वें एपिसोड का सामूहिक श्रवण किया गया। कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री जी ने देशवासियों को सामाजिक सरोकार, पर्यावरण संरक्षण, आत्मनिर्भर भारत, नवाचार, युवाओं की भागीदारी, जनभागीदारी तथा राष्ट्र निर्माण से जुड़े विभिन्न प्रेरणादायी विषयों पर संबोधित किया।कार्यक्रम में उपस्थित कार्यकर्ताओं एवं ग्रामवासियों ने प्रधानमंत्री जी के विचारों को ध्यानपूर्वक सुना तथा उन्हें जन-जन तक पहुँचाने का संकल्प लिया।इस अवसर पर भाजयुमो अमलेश्वर मंडल अध्यक्ष एवं ग्राम पंचायत सांकरा के सरपंच रवि सिंगौर, बूथ अध्यक्ष छोटू यादव, धनंजय तुरकाने, बूथ अध्यक्ष राधे बंधे, सांसद प्रतिनिधि मनहरण सिंगौर, तिहारु बघेल, मीडिया प्रभारी कामता सिंगौर, रामनिहोर सिंगौर, प्रकाश सिंगौर, हरि कौशिक एवं सीताराम ध्रुव सहित भाजपा एवं भाजयुमो के कार्यकर्ता तथा ग्रामवासी उपस्थित रहे।कार्यक्रम के अंत में सभी उपस्थित जनों ने प्रधानमंत्री जी के प्रेरणादायी संदेशों को समाज के प्रत्येक वर्ग तक पहुँचाने तथा विकसित भारत के संकल्प को साकार करने में सक्रिय योगदान देने का संकल्प व्यक्त किया।



# जामुल में कार्यकर्ताओं ने सुनी प्रधानमंत्री मोदी की मन की बात

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**जामुल,27 जुलाई।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के रेडियो कार्यक्रम मन की बात का प्रसारण रविवार को नगर पालिका परिषद जामुल के वार्ड क्रमांक 1 स्थित मंगल भवन में सामूहिक रूप से सुना गया। कार्यक्रम का आयोजन जामुल मंडल के नेतृत्व में किया गया जिसमे पूर्व पालिका अध्यक्ष एवं वरिष्ठ पार्षद रेखराम बंछोर विशेष रूप से उपस्थित रहे । इस अवसर पर उपस्थित कार्यकर्ताओं और नागरिकों ने प्रधानमंत्री के विचारों एवं संदेशों को ध्यानपूर्वक सुना तथा उन्हें समाज और राष्ट्र के विकास के लिए प्रेरणादायक बताया। कार्यक्रम में जामुल मंडल के पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं स्थानीय नागरिक बड़ी संख्या में मौजूद रहे।



## गांजा बेचने के आरोप में 4 गिरफ्तार

**भिलाई, 27 जुलाई (तछसं.)।** भिलाई खुर्सीपार टीआई लक्ष्मण केवट ने बताया कि मुखबिर से सूचना मिली कि आईटीआई बॉयज हॉस्टल के पास दशहरा मंच के सामने खुर्सीपार में 03-04 व्यक्ति अवैध रूप से मादक पदार्थ गांजा बेचकर आर्थिक लाभ अर्जित कर रहे हैं सूचना पर खुर्सीपार थाने पुलिस मौके पर पहुंचकर घेराबंदी की पूछताछ में अपना नाम शेख शब्बीर उर्फ कल्लू (21 साल ) निवासी डॉ. राजेन्द्र प्रसाद नगर खुर्सीपार, उदय देवार (22 साल ) निवासी डॉ. राजेन्द्र प्रसाद नगर, खुर्सीपार गेट, विकास वर्मा उर्फ चेतन (23 साल ) निवासी डॉ. राजेन्द्र प्रसाद नगर खुर्सीपार व रोहित कंवर (19 साल ) निवासी डॉ. राजेन्द्र प्रसाद नगर बताया आरोपियों के कब्जे से बिक्री हेतु रखा गया 02 किलो 514 ग्राम गांजा एवं 1,200 नगद बिक्री रकम बरामद किया है ।

# सिरजन संस्था के तत्वावधान में चार पुस्तकों का हुआ विमोचन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई, 27 जुलाई ।** निर्मल ज्ञान मंदिर, कबीर आश्रम, नेहरू नगर में लोक कला एवं साहित्यिक संस्था सिरजन के तत्वावधान में चार पुस्तकों का लोकार्पण समारोह आयोजित किया गया। समारोह में डॉ. डी.पी. देशमुख के छत्तीसगढ़ी उपन्यास बड़े दाऊजी, डॉ. दीनदयाल साहू के सोनहा माटी तथा डॉ. गिरधर चंद्रा के हिंदी काव्य संग्रह अंतर्मन का शब्द एवं भावों की अभिव्यक्ति का विमोचन किया गया।

मुख्य अतिथि हेमचंद यादव विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. संजय तिवारी ने कहा कि सभी पुस्तकें छत्तीसगढ़ की संस्कृति, समाज और साहित्य का सशक्त दस्तावेज हैं तथा विद्यार्थियों और शोधार्थियों के लिए भी उपयोगी साबित होंगी। अध्यक्षता वरिष्ठ साहित्यकार आचार्य डॉ. महेशचंद शर्मा ने की। समारोह में वरिष्ठ साहित्यकारों, शिक्षाविदों एवं समाजसेवियों ने प्रकाशित कृतियों की सराहना की। इस अवसर पर डॉ. दीनदयाल साहू एवं डॉ. डी.पी. देशमुख का जन्मोत्सव भी मनाया गया तथा उनका सम्मान किया गया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. दुलारी चंद्राकर ने एवं आभार प्रदर्शन लालजी साहू ने किया।




# छत्तीसगढ़ी फिल्म लंदर-फंदर प्यार मोहब्बत के टाइटल का हुआ लोकार्पण



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई, 27 जुलाई।** आकृति फिल्म एंड श्रीजी फिल्म्स के बैनर तले बनने जा रही छत्तीसगढ़ी फिल्म लंदर-फंदर प्यार मोहब्बत के टाइटल का लोकार्पण रविवार को रायपुर में आयोजित एक समारोह में किया गया। कार्यक्रम में प्रख्यात सिने कलाकार एवं निर्माता योगेश अग्रवाल और सतीश जैन ने फिल्म के टाइटल का विमोचन किया। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ फिल्म विकास निगम की अध्यक्ष मोना सेन ने उपस्थित होकर फिल्म की पूरी टीम को शुभकामनाएं दीं। फिल्म में मुख्य नायक की भूमिका भारत राज केशरवानी निभा रहे हैं। भारत के पिता राजेश राज केशरवानी भोजपुरी एवं छत्तीसगढ़ी सिनेमा के चर्चित अभिनेता और निर्माता हैं, जबकि उनकी माता गायत्री केशरवानी भी छत्तीसगढ़ी फिल्मों की जानी-मानी निर्माता हैं। 20 से अधिक सुपरहिट म्यूजिक एल्बमों में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर चुके भारत केशरवानी ने छत्तीसगढ़ फिल्म उद्योग में बतौर हीरो अपनी अलग पहचान बनाई है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि योगेश अग्रवाल ने इस अवसर पर कहा कि छत्तीसगढ़ी सिनेमा निरंतर प्रगति कर रहा है और लगातार नई फिल्मों का निर्माण होना उद्योग के उज्ज्वल भविष्य का संकेत है। वहीं सतीश जैन ने विश्वास जताया कि लंदर-फंदर प्यार मोहब्बत दर्शकों का भरपूर मनोरंजन करने वाली एक यादगार फिल्म साबित होगी। कार्यक्रम का शुभारंभ गणपति वंदना के साथ हुआ। फिल्म के लेखक गंगासागर ने स्वागत उद्बोधन दिया। इस अवसर पर मनोज वर्मा, रजनीश झांझी, अशोक तिवारी, गायत्री केशरवानी, दीपक शर्मा, इंदू शर्मा, राकेश केशरवानी, विकास जायसवाल सहित अनेक अतिथियों ने अपने विचार व्यक्त किए। समारोह में गणेश केशरवानी, आरती केशरवानी, सुश्री दीपाली केशरवानी, सुश्री जेश केशरवानी, पुष्पेंद्र, सुभाष केशरवानी, रमेश केशरवानी, महेश केशरवानी, रोमित केशरवानी, कैलाश केशरवानी, शमशीर शिवानी सहित फिल्म के समस्त कलाकार एवं बड़ी संख्या में फिल्म प्रेमी एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# कारगिल विजय दिवस पर अमर शहीदों को किया गया नमन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**भिलाई, 27 जुलाई।** शिवसेना के भिलाई जिला अध्यक्ष राजू गुप्ता ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि कारगिल विजय दिवस के अवसर पर छावनी वार्ड क्रमांक 40 स्थित तिरंगा चौक, शहीद चुम्मन यादव स्मारक स्थल पर रविवार को हर्ष, सम्मान और देशभक्ति के साथ कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान कारगिल युद्ध के अमर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित कर उनके अदम्य साहस, शौर्य और सर्वोच्च बलिदान को याद किया गया। वक्ताओं ने कहा कि वर्ष 1999 में भारतीय सेना ने ऑपरेशन विजय को सफलतापूर्वक अंजाम देते हुए कारगिल की चोटियों से घुसपैठियों और पाकिस्तानी सैनिकों को खदेड़कर देश की रक्षा की थी। कारगिल विजय दिवस हमें भारतीय सेना की वीरता, कर्तव्यनिष्ठा और राष्ट्र के प्रति समर्पण की याद दिलाता है। शिवसेना प्रदेश उपाध्यक्ष सुरेन्द्र यादव ने कहा कि हमें अपने बहादुर सैनिकों पर गर्व है, जिन्होंने विषम परिस्थितियों में भी देश की सीमाओं की रक्षा करते हुए सर्वोच्च बलिदान दिया। उन्होंने सभी अमर वीरों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए युवाओं से राष्ट्रभक्ति की भावना को आत्मसात करने का आह्वान किया। कार्यक्रम में मिथलेश राय, जसवंत सिंह, अनिल साव, संदीप हटवार, डी. रमना सहित अन्य शिवसैनिक उपस्थित रहे।


# मानसून की सक्रियता के बाद भी उमस कम नहीं

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता




**भिलाई, 27 जुलाई।** उत्तर-पश्चिम बंगाल की खाड़ी तथा उससे सटे उत्तरी ओडिशा-पश्चिम बंगाल तट पर बने अवदाब के प्रभाव से छत्तीसगढ़ में अगले चार दिनों तक मानसून पूरी तरह सक्रिय रहने की संभावना है। मौसम विभाग द्वारा गरज-चमक के साथ वज्रपात की भी चेतावनी जारी की गई है। मौसम विभाग के अनुसार बंगाल की खाड़ी में बना कम दबाव का क्षेत्र अब अवदाब में परिवर्तित हो चुका है। इसके अगले 24 घंटों में और अधिक मजबूत होकर गहरे अवदाब में बदलने तथा 27 जुलाई को पारादीप और सागर द्वीप के बीच उत्तरी ओडिशा एवं पश्चिम बंगाल तट को पार करने की संभावना है। इसके प्रभाव से पूरे छत्तीसगढ़ में व्यापक वर्षा गतिविधियां बनी रहेंगी। मानसून द्रोणिका वर्तमान में पश्चिमी राजस्थान, मध्य भारत होते हुए उत्तर-पश्चिम बंगाल की खाड़ी तक फैली हुई है। साथ ही मध्य भारत के ऊपर चक्रवाती परिसंचरण और पूर्व-पश्चिम कतरनी क्षेत्र भी सक्रिय है, जिससे प्रदेश में लगातार बादल छाए रहने और बारिश की अनुकूल परिस्थितियां बनी हुई हैं। भिलाई में शाम के समय गरज-चमक के साथ वर्षा और तेज हवाएं चल सकती हैं। हवा की गति 11 से 22 किलोमीटर प्रति घंटा तक रहने का अनुमान है। मौसम उमस भरा रहेगा।

### जोरातराई में सुनी गई मन की बात



**अंवरी,27 जुलाई।** ग्राम जोरातराई अ मंडल भखारा, विधानसभा कुरूद,जिला धमतरी छत्तीसगढ़ में देश के यशस्वी प्रधानमंत्री आदरणीय श्री नरेंद्र मोदी जी की 136 वा मन की बात सुना गया द्य इस अवसर पर रामस्वरूप साहू पूर्व जनपद उपाध्यक्ष, गोविंद सिंह राजपूत प्राधिकृत अधिकारी कोलियारी, प्रकाश तारक हाई स्कूल अध्यक्ष, संतोष साहू बुथ अध्यक्ष , राम जी तारक बूथ अध्यक्ष, गोपाल राजपूत,प्रकाश निषाद , हरिश्चंद्र तारक, बालमुकुंद साहू , घनश्याम साहू आदि उपस्थित थे।

# कम्यूनिटी मीडियेशन प्रशिक्षण में लोग उत्साह से हुए शामिल

**दुर्ग, 26 जुलाई ।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली के निर्देशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, दुर्ग द्वारा दिनांक 25 जुलाई 2026 से 29 जुलाई 2026 तक आयोजित पांच दिवसीय कम्यूनिटी मीडियेशन प्रशिक्षण कार्यक्रम अत्यंत हर्षोल्लास एवं उत्साहपूर्ण वातावरण में संपन्न हो रहा है। प्रशिक्षण कार्यक्रम में सहभागिता कर रहे प्रतिभागियों द्वारा अभूतपूर्व उत्साह, सीखने की जिज्ञासा एवं सामाजिक परिवर्तन के प्रति समर्पण इस अभिनव पहल की सार्थकता को सुदृढ़ कर रहे हैं।

उद्घाटन समारोह में उपस्थित सम्मानित मीडिया प्रतिनिधियों द्वारा यह अवलोकन किया गया कि जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, दुर्ग द्वारा ÷वाद-मुक्त ग्रामीण भारत÷ के निर्माण के संकल्प के साथ जिले के पाँच चयनित ग्राम–घुघसीडीह, ननकट्ठी, अरसनारा, निकुम एवं कुथरेल–से चयनित कम्यूनिटी मीडियेटर्स को विशेष प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है। मीडिया प्रतिनिधियों ने प्रतिभागियों की सक्रिय सहभागिता, संवादात्मक शिक्षण पद्धति एवं ग्राम स्तर पर शांति, सामाजिक समरसता एवं वाद-मुक्त ग्रामीण भारत के निर्माण के प्रति उनके सकारात्मक दृष्टिकोण को भी निकटता से देखा एवं सराहा।प्रशिक्षण कार्यक्रम में ग्राम पंचायत निकुम से माधव प्रसाद देशमुख, भागवत राम पटेल एवं श्रीमती मंजुषा मेश्राम, ग्राम पंचायत घुघसीडीह से मोहन सोनी, गोवर्धन बारले एवं श्रीमती ललिता बारले; ग्राम पंचायत कुथरेल से श्रीमती गीता गजपाल एवं डॉ. लोकनाथ साहू; ग्राम पंचायत अरसनारा से श्रीमती राधा निषाद एवं बरातूराम निषाद तथा ग्राम पंचायत ननकट्ठी से रवि साहू एवं बुद्धि सागर वर्मा सक्रिय सहभागिता कर रहे हैं।

इस प्रशिक्षण कार्यक्रम की एक अत्यंत प्रेरणादायी एवं उल्लेखनीय विशेषता यह भी है कि ग्राम पंचायत घुघसीडीह से गोवर्धन बारले एवं उनकी धर्मपत्नी श्रीमती ललिता बारले पति-पत्नी के रूप में इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में सहभागिता कर रहे हैं। अपनी पारिवारिक एवं सांसारिक जिम्मेदारियों का निर्वहन करते हुए दोनों ने कम्यूनिटी मीडियेशन के माध्यम से समाज सेवा के इस शुभ अवसर के महत्व को आत्मसात किया है। प्रशिक्षण के दौरान दोनों एक-दूसरे का सहयोग एवं ध्यान रखते हुए अत्यंत उत्साह एवं समर्पण के साथ सहभागिता निभा रहे हैं। उनकी यह सहभागिता न केवल पारिवारिक सामंजस्य एवं आपसी सम्मान का सशक्त उदाहरण प्रस्तुत करती है, बल्कि यह संदेश भी देती है कि जब परिवार संवाद एवं सहयोग की भावना के साथ आगे बढ़ता है, तब वह समाज में सकारात्मक परिवर्तन का वाहक बन सकता है।

## एक नजर

### पसंदीदा रंगों में मिलेगी स्टाइलिश स्कोडा स्लाविया मोंटे कार्लो

**रायपुर 27 जुलाई।** स्कोडा ऑटो इंडिया ने अपनी लोकप्रिय सेडान स्लाविया मोंटे कार्लो को दो नए आकर्षक ड्यूल-टोन रंगों शिमला ग्रीन और स्टील ग्रे में पेश किया है। इन दोनों रंगों की केवल 200-200 यूनिट ही उपलब्ध होंगी, जिससे ग्राहकों को एक्सक्लूसिव मॉडल का अनुभव मिलेगा। स्लाविया मोंटे कार्लो 1.0 टीएसआई ऑटोमैटिक और 1.5 टीएसआई डीएसजी वैरिएंट में उपलब्ध होगी। कंपनी का कहना है कि नए रंगों के साथ कार का स्पोर्टी और प्रीमियम लुक पहले से अधिक आकर्षक हो गया है। इसमें 1.5 टीएसआई इंजन के साथ एक्टिव सिलेंडर टेक्नोलॉजी दी गई है, जो बेहतर प्रदर्शन के साथ ईंधन की बचत भी सुनिश्चित करती है। स्कोडा ऑटो इंडिया के ब्रांड डायरेक्टर आशीष गुप्ता ने कहा कि स्लाविया मोंटे कार्लो को ग्राहकों से शानदार प्रतिक्रिया मिली है और नए रंगों के जरिए उन्हें अपनी पसंद के अनुरूप अधिक स्टाइलिश विकल्प उपलब्ध कराए जा रहे हैं।

### डॉ. अमरोहित स्पोर्ट्स कॉन्क्लेव में देगें व्याख्यान

**रायपुर 27 जुलाई।** नगर के चिकित्सक डॉ. गीतेश अमरोहित राजधानी रायपुर में 28 जुलाई को आयोजित छत्तीसगढ़ स्पोर्ट्स कॉन्क्लेव में व्याख्यान



देगें। खेल विभाग छत्तीसगढ़ शासन द्वारा राजधानी में आयोजित इस कार्यक्रम में राज्य के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की गरिमामय भागीदारी रहेगी। राज्य में खेल को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आयोजित इस कॉन्क्लेव में डॉ. अमरोहित स्पोर्ट्स इंज्युरी के बाद खिलाड़ियों का कैरियर और परफर्मेंस विषय पर लाइव सेशन को संबोधित करेगें। सेशन के तुरंत बाद पैनल डिस्कशन का आयोजन भी होगा, जिसमें चिकित्सक डॉ. गीतेश अमरोहित खिलाड़ियों और उनसे जुड़े सपोर्टिंग स्टॉफ के सवालों का समाधान भी करेगें। इस कान्क्लेव में छत्तीसगढ़ के खेल जगत से जुड़े खिलाड़ी, कोच, अधिकारी-कर्मचारी सहित कई नेशलन प्लेयर भी शामिल हो रहे हैं।

### राजेंद्र व्यास एवं निशु गुप्ता के निधन पर कांग्रेस ने जताया शोक, दी श्रद्धांजलि

**राजनांदगांव 27 जुलाई। (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** नगर निगम के पूर्व एल्डरमैन अमृत संदेश समाचार पत्र के वरिष्ठ पत्रकार राजेंद्र व्यास जी, एवं कांग्रेस की सदस्य निशु गुप्ता जी के निधन पर कांग्रेस परिवार ने शोक व्यक्त श्रद्धांजलि दी है । शहर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जितेंद्र मुदलियार ने राजनांदगांव में पत्रकारिता के पुरोधा के रूप में चर्चित एवं पत्रकारिता के साथ-साथ व्यवहार कुशल व्यक्तित्व के धनी राजेंद्र व्यास जी के निधन सहित शासकीय सेवा से सेवानिवृत्ति के पश्चात कांग्रेस के विचारों को जनजन तक पहुंचाने के उद्देश्य से कांग्रेस के कार्यक्रमों में अपनी महत्वपूर्ण उपस्थिति देने वाली निशु गुप्ता जी के निधन पर भी शोक संवेदना व्यक्त किया है पार्टी के प्रति इनकी समर्पण अनुकरणीय है इनके निधन से कांग्रेस परिवार को अपूरणीय क्षति हुई है ईश्वर से पुण्य मृतात्माओ की शांति के लिए प्रार्थना किए है । शोक श्रद्धांजलि व्यक्त करने वालों में प्रदेश कांग्रेस महामंत्री शाहिद भाई ,डॉ थानेश्वर पाटीला,पूर्व मंत्री धनेश पाटीला ,पूर्व जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष श्रीकिशन खंडेलवाल, रमेश राठौर, दिनेश शर्मा, कुलबीर छाबड़ा, पूर्व महापौर नरेश डाकलिया, हेमा देशमुख, प्रदेश प्रवक्ता रूपेश दुबे ,छत्तीसगढ़ स्टेट बर काउंसिल के अनुशासन समिति के अध्यक्ष प्रशांत तिवारी, हफीज खान, राकेश जोशी, अशोक पंजवानी,सूर्यकांत जैन, आसिफ अली, अशोक फड़नवीस, हेमंत ओस्तवाल, ब्लॉक अध्यक्षगण चेतन भानुशाली, लक्ष्मण साहू, आदि प्रमुख है।

### जिले में अब तक 516 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज

**बलौदाबाजार,27 जुलाई। (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** जिले में चालू मानसून के दौरान 1 जून से 26 जुलाई 2026 तक 516.1 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है। भू-अभिलेख कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार अब तक तहसील टुण्डरा में 728 मिमी, बलौदाबाजार में 640 मिमी, लवन 523.4 मिमी, भाटापारा में 482.4 मिमी, कसडोल 472.2 मिमी, पलारी में 473.4 मिमी, सुहेला 426.5 मिमी, सिमगा में 411.2 मिमी एवं सोनाखान 487.7 मिमी. वर्षा दर्ज की गई है। इस तरह कुल 4644.8 मिमी वर्षा अभी तक दर्ज की गई है जिसकी औसत वर्षा 516.1 मिमी है।

### कोर्ट से 27000रुपए का जुर्माना

**बचेली 27 जुलाई। (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** बिना नंबर HIRO SPLENDOR वाहन के नाबालिग चालक निवासी बचेली जिला-दंतेवाड़ा (छ. ग.) द्वारा अपने बिना नंबर hiro splendor वाहन में अवैध तरीके से मॉडिफाई साइलेंसर, प्रेसर हॉर्न, स्ब्बष्ठ लाइट, मोटी मोटी टायरें लगा कर तेज फ्टिदार आवाज के साथ मोटर साईकिल चलाने वाले एक नाबालिक चालक पर बचेली पुलिस द्वारा एम. व्ही. एक्ट की धारा-182(ए)(4), 3/181, 129/194(डी), 130(3)/177 के तहत कार्यवाही कर माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया गया था जहां माननीय न्यायालय द्वारा - 27000/00 रु. (सत्ताईस हजार रुपये) का जुर्माना लगाकर दण्डित किया गया द्य बाद माननीय न्यायालय के आदेशानुसार अवैध तरीके से लगाये गए मॉडिफाई साइलेंसर को निकलवाकर जप्त कर दूसरी ऑरिजिनल साइलेंसर लगवा कर मोटर साइकिल को चालक के सुपुर्द किया गया। जिला दन्तेवाड़ा में पुलिस अधीक्षक महोदय श्री गौरव रॉय एवं वरिष्ठ अधिकारियों के आदेश निर्देश पर रोड दुर्घटनाओं और दुर्घटना मृत्युदर में कमी लाने व यातायात नियमों के प्रति लोगों को जागरूक करने और यातायात नियमों का उल्लंघन करने पर संबंधित वाहन चालकों पर चालानी कार्यवाही करने के लिए थाना प्रभारी बचेली निरीक्षक प्रहलाद कुमार साहू अपने टीम के साथ लगातार अलग-अलग जगह पर रोज स्ब्बक्कलगा कर चेकिंग की जा रही है और समझाईश के साथ-साथ कार्यवाही भी की जा रही है ।

# गिरवी जमीन की धोखाधड़ी और धमकी के मामले में दो गिरफ्तार

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**राजनांदगांव, 27 जुलाई।** गिरवी रखी गई जमीन को कथित रूप से अपने नाम पर रजिस्ट्री कराने और ब्याज की अधिक राशि वसूलने के लिए पीड़ित पक्ष को जेल भेजने की धमकी देने के मामले में सिटी कोतवाली पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया है। पुलिस के अनुसार, प्रार्थी रोहित कुमार साहू, उम्र 46 वर्ष, निवासी पार्टिकला, थाना कोतवाली राजनांदगांव ने 26 जुलाई 2026 को थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई। रिपोर्ट में बताया गया कि 25 नवंबर 2021 को उनके पिता आनंद राम साहू ने आर्थिक आवश्यकता के चलते अपनी भूमि खसरा नंबर 138/6, रकबा 40 डिसमिल, निर्मल कोठारी के पास गिरवी रखकर 5 लाख 11 हजार रुपये लिए थे। इस दौरान तय ब्याज दर के अनुसार लेन-देन किया गया तथा सुरक्षा के तौर पर प्रार्थी, उसके पिता एवं भाई से ब्लैंक चेक और कोरे कागजात पर हस्ताक्षर कराए गए थे।

आरोप है कि निर्मल कोठारी ने उक्त जमीन को अपने नाम पर रजिस्ट्री करा लिया। इसके बाद पीड़ित पक्ष से कथित रूप से अधिक ब्याज राशि वसूलने के लिए दबाव बनाया गया तथा झूठे मामले में जेल भेजने और जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया गया। शिकायत के अनुसार, कोरे कागजात का दुरुपयोग करते हुए कथित रूप से झूठा किरायानामा तैयार कराया गया और सुरक्षा के तौर पर लिए गए ब्लैंक चेक को बाउंस कराकर न्यायालय में मामला प्रस्तुत किया गया। प्रार्थी ने यह भी आरोप लगाया कि उधार ली गई रकम वापस करने के बावजूद जमीन वापस करने के एवज में 20 लाख रुपये की राशि की व्यवस्था कर आरोपी को देने के बाद केवल 12 डिसमिल जमीन वापस की गई, जबकि शेष 28 डिसमिल जमीन अब भी आरोपी के कब्जे में है। शेष जमीन वापस करने के लिए अतिरिक्त राशि की मांग किए जाने तथा धमकी देकर मानसिक, शारीरिक और आर्थिक रूप से परेशान करने का आरोप लगाया गया है।

प्रार्थी की रिपोर्ट पर थाना सिटी कोतवाली में अपराध क्रमांक 398/2026, धारा 386, 420, 34 भादवि एवं छत्तीसगढ़ ऋणियों का संरक्षण अधिनियम, 1937 की धारा 4 के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया। पुलिस अधीक्षक सुश्री अंकिता शर्मा (भा.पु.से.) के निर्देश तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री कीर्तन राठौर (रा.पु.से.) एवं नगर पुलिस अधीक्षक राजनांदगांव श्रीमती वैशाली जैन (भा.पु.से.) और श्री अलेक्जेण्डर किरों (रा.पु.से.) के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी निरीक्षक उपेन्द्र कुमार शाह के नेतृत्व में पुलिस ने मामले की जांच शुरू की। जांच के दौरान आरोपी *निर्मलचंद कोठारी, उम्र 58 वर्ष, एवं नलिन कोठारी, उम्र 54 वर्ष, दोनों निवासी कामठी लाइन, राजनांदगांव को पूछताछ के लिए तलब किया गया। पुलिस के अनुसार, पूछताछ के बाद दोनों आरोपियों को विधिवत गिरफ्तार कर 26 जुलाई 2026 को माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया गया, जहां से उन्हें न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक उपेन्द्र शाह, उप निरीक्षक रतन सिंह नेताम, सुमेन्द्र कुमार खरे, प्रियांश, लीलेंद्र सहित थाना स्टाफकी सराहनीय भूमिका रही।

# ऊर्जा के मामले में आत्मनिर्भर बन रही राजनांदगांव जिले की ग्राम पंचायतें

- ग्राम पंचायत मुसराकला, अछोली और अर्जुनी के घर-घर पहुंची सौर ऊर्जा, अतिरिक्त बिजली उत्पादन से बन रहे ऊर्जादाता
- प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना से बदल रही गांवों की तस्वीर

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**राजनांदगांव 27 जुलाई।** प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के माध्यम से राजनांदगांव जिले में स्वच्छ एवं नवीकरणीय ऊर्जा को बढ़ावा देने के साथ-साथ आम नागरिकों को ऊर्जा के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में तेजी से कार्य किया जा रहा है। डोंगरगढ़ विकासखंड की ग्राम पंचायत मुसराकला, अछोली एवं डोंगरगांव विकासखंड की ग्राम पंचायत अर्जुनी इस योजना के सफल क्रियान्वयन से आत्मनिर्भरता की प्रेरणादायी मिसाल बनकर उभरी हैं। इन ग्राम पंचायतों में बड़ी संख्या में ग्रामीण रूफ्टॉप सोलर संयंत्र लगाकर न केवल अपना बिजली बिल शून्य कर रहे हैं, बल्कि अतिरिक्त बिजली का उत्पादन कर ऊर्जा संरक्षण और आय अर्जित करने की दिशा में भी आगे बढ़ रहे हैं।

डोंगरगढ़ विकासखंड की ग्राम पंचायत मुसराकला में अब तक 29 घरों में रूफ्टॉप सोलर संयंत्र स्थापित किए जा चुके हैं। 10 आवेदन स्थापना की प्रक्रिया में हैं तथा 16 नए परिवारों ने भी योजना का लाभ लेने के लिए पंजीयन कराया है। ग्राम पंचायत की सरपंच श्रीमती गायत्री टेम्भुरकर ने बताया कि उन्होंने बताया कि ग्राम पंचायत में ग्राम सभा, पंचायत बैठकों तथा व्यक्तिगत संपर्क के माध्यम से लगातार लोगों को योजना की जानकारी दी जा रही है, जिससे ग्रामीण बड़ी संख्या में योजना से जुड़ रहे हैं। सरपंच श्रीमती गायत्री ने बताया कि वे स्वयं ने माह अप्रैल 2026 में अपने घर पर 3 किलोवॉट क्षमता का सोलर संयंत्र स्थापित कराया। पहले उनके घर का बिजली बिल लगभग 1200 रूपए प्रतिमाह आता था, लेकिन अब बिजली बिल पूरी तरह शून्य हो गया है। उन्होंने बताया कि अतिरिक्त बिजली का उत्पादन भी हो रहा है, जिसका लाभ आगामी समय में मिलेगा।

इसी तरह ग्राम पंचायत अछोली में भी योजना को लेकर लोगों में विशेष उत्साह दिखाई दे रहा है। यहां लगभग 50 घरों में सोलर संयंत्र स्थापित हो चुके हैं तथा 15 से अधिक नागरिकों ने पंजीयन कराया है जो प्रक्रियाधीन हैं। ग्राम पंचायत के सरपंच श्री नंद कुमार साहू ने बताया कि पंचायत स्तर पर विशेष जागरूकता अभियान चलाकर बिजली विभाग, बैंक तथा संबंधित विभागों के अधिकारियों की उपस्थिति में शिविर आयोजित किए गए। इन शिविरों के माध्यम से ग्रामीणों को योजना की पूरी जानकारी दी गई, जिसके सकारात्मक परिणाम सामने आए हैं। उन्होंने बताया कि पहले कई परिवारों का मासिक बिजली बिल 1000 रूपए से 2 हजार रूपए तक आता था, जबकि अब बिजली बिल शून्य होने के साथ-साथ अतिरिक्त बिजली ग्रिड में भेजकर भविष्य में आय प्राप्त करने का अवसर भी मिल रहा है। उन्होंने कहा कि यह योजना ग्रामीणों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाते हुए आत्मनिर्भरता की दिशा में आगे बढ़ा रही है।

डोंगरगांव विकासखंड की ग्राम पंचायत अर्जुनी में भी लगभग 47 घरों में रूफ्टॉप सोलर संयंत्र स्थापित किए जा चुके हैं। गांव में दूर से दिखाई देने वाले सोलर पैनल ग्रामीणों की जागरूकता और बदलती सोच का प्रतीक बन गए हैं। ग्राम पंचायत की सरपंच श्रीमती ललिता साहू ने बताया कि ग्रामीणों को घर-घर जाकर योजना का लाभ लेने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। इसके साथ ही ग्राम सभा और सूर्यसभा आयोजित कर ग्रामीणों को जागरूक किया जा रहा है। जिससे ग्रामीण प्रेरित होकर अपने घरों में रूफ्टॉप सोलर पैनल लगाकर प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना का लाभ ले रहे हैं। उन्होंने बताया कि वे भी स्वयं लगभग 4 माह पूर्व अपने घर पर 3 किलोवॉट क्षमता का सोलर संयंत्र लगाया। पहले उनके घर का बिजली बिल 1800 से 2000 रूपए प्रतिमाह तथा गर्मी के मौसम में 3 हजार रूपए से अधिक तक पहुंच जाता था, जबकि अब बिजली खर्च में उल्लेखनीय कमी आई है। प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों में सौर ऊर्जा के प्रति विश्वास लगातार बढ़ रहा है। लोग इसे केवल बिजली बचत का माध्यम नहीं, बल्कि भविष्य की आर्थिक सुरक्षा और पर्यावरण संरक्षण का प्रभावी साधन मान रहे हैं। योजना से लाभान्वित परिवार स्वयं अन्य लोगों को प्रेरित कर रहे हैं।

## 1999 से समाजसेवा में सक्रिय अंकालू साहू बने जिला साहू संघ के जिला प्रचार सचिव

- नवदायित्व पर जताया आभार, समाज हित में पूरी निष्ठा और समर्पण से कार्य करने का लिया संकल्प



**राजनांदगांव 27 जुलाई।** जिला साहू संघ की नवगठित जिला कार्यकारिणी में समाजसेवी एवं वरिष्ठ पत्रकार अंकालू साहू को जिला प्रचार सचिव का महत्वपूर्ण दायित्व सौंपा गया है। उनकी नियुक्ति पर समाज के पदाधिकारियों एवं समाजजनों ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उन्हें शुभकामनाएं प्रेषित की हैं। अंकालू साहू वर्ष 1999 से निरंतर समाज सेवा से जुड़े हुए हैं। उन्होंने समाज संगठन को मजबूत बनाने के लिए विभिन्न दायित्वों का सफलतापूर्वक निर्वहन किया है। वे इंदिरा नगर वार्ड क्रमांक-41 के निर्विरोध अध्यक्ष रहे हैं। इसके साथ ही नगर साहू संघ एवं तहसील साहू संघ के न्याय प्रकोष्ठ के सदस्य के रूप में भी अपनी सक्रिय भूमिका निभा चुके हैं। विगत वर्षों में उन्होंने जिला साहू संघ के मीडिया प्रकोष्ठ में जिला प्रवक्ता, जिला उपाध्यक्ष एवं जिला कोषाध्यक्ष जैसे महत्वपूर्ण पदों का दायित्व संभालते हुए समाज के संगठनात्मक, प्रचार-प्रसार एवं जनसंपर्क कार्यों को नई दिशा प्रदान की है। उनकी सक्रियता, कार्यकुशलता एवं समाज के प्रति समर्पण को देखते हुए जिला कार्यकारिणी में उन्हें जिला प्रचार सचिव की जिम्मेदारी सौंपी गई है। नवमनोनीत जिला प्रचार सचिव अंकालू साहू ने इस दायित्व के लिए जिला साहू संघ के संरक्षक माननीय भागवत साहू, नवनिर्वाचित जिला अध्यक्ष माननीय नोबल साहू तथा जिला महामंत्री माननीय नीलमणि साहू सहित समस्त पदाधिकारियों के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि संगठन ने जिस विश्वास के साथ उन्हें यह जिम्मेदारी सौंपी है, उस विश्वास पर खरा उतरने का पूरा प्रयास करेंगे तथा समाज हित, संगठन की मजबूती और जनसंपर्क को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए दोगुने उत्साह, ऊर्जा और समर्पण के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करेंगे।

# चाकू लेकर दहशत फैलाने वाला युवक आर्म्स एक्ट के तहत भेजा गया जेल

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजनांदगांव, 27 जुलाई।** शहर में अड्डेबाजी एवं चाकूबाजी कर दहशत फैलाने वाले असामाजिक तत्वों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत सिटी कोतवाली पुलिस ने एक युवक को धारदार चाकू के साथ गिरफ्तार कर आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई करते हुए न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, पुलिस अधीक्षक सुश्री अंकिता शर्मा (भा.पु.से.) के निर्देश तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री कीर्तन राठौर (रा.पु.से.) एवं नगर पुलिस अधीक्षक राजनांदगांव श्री अलेक्जेण्डर किरों (रा.पु.से.) के मार्गदर्शन में थाना क्षेत्र में असामाजिक तत्वों के विरुद्ध लगातार अभियान चलाया जा रहा है। थाना प्रभारी निरीक्षक उपेन्द्र कुमार शाह के नेतृत्व में पुलिस टीम को 26 जुलाई को मुखबिर से सूचना मिली कि राहुल नगर, लखोली में एक युवक चाकू लेकर किसी घटना को अंजाम देने की नीयत से घूम रहा है और आम लोगों में दहशत फैला रहा है। सूचना पर पुलिस टीम ने तत्काल मौके पर पहुंचकर घेराबंदी की और आरोपी नूतन नेताम पिता देवकुमार नेताम, उम्र 19 वर्ष, निवासी राहुल नगर लखोली, थाना कोतवाली राजनांदगांव को पकड़ लिया। तलाशी लेने पर उसके कब्जे से एक लोहे का धारदार चाकू बरामद किया गया, जिसे पुलिस ने विधिवत जप्त कर लिया।

आरोपी के विरुद्ध थाना कोतवाली में अपराध क्रमांक 399/2026, धारा 25 आर्म्स एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर उसे विधिवत गिरफ्तार किया गया। इसके बाद आरोपी को 26 जुलाई 2026 को माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया गया, जहां से उसे न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया। पुलिस ने कहा है कि चाकूबाजों एवं असामाजिक तत्वों के विरुद्ध कार्रवाई आगे भी लगातार जारी रहेगी।

### पूर्व में भी दर्ज है आपराधिक प्रकरण

पुलिस के अनुसार आरोपी नूतन नेताम के विरुद्ध थाना कोतवाली में अपराध क्रमांक 857/2023, धारा 294, 323, 506 भादवि के तहत पूर्व में भी आपराधिक प्रकरण दर्ज है। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक उपेन्द्र कुमार शाह, सहायक उप निरीक्षक गणेश चौहान, आरक्षक श्रीनिवास राव एवं प्रयंश सिंह की सराहनीय भूमिका रही।

## 5 अगस्त को पूरे छत्तीसगढ़ में पेंशनर्स देंगे ज्ञापन, जनवरी 2026 से देय 2% डीआर एरियर सहित भुगतान की मांग

**रायपुर, 27 जुलाई।** भारतीय राज्य पेंशनर्स महासंघ, छत्तीसगढ़ प्रांत ने राज्य के समस्त पेंशनरों के हित में जनवरी 2026 से केंद्र सरकार के समान देय 2 प्रतिशत महंगाई राहत (डीआर) का एरियर सहित भुगतान आदेश जारी कराने के लिए प्रदेशव्यापी अभियान प्रारंभ करने का निर्णय लिया है। महासंघ के प्रांताध्यक्ष वीरेन्द्र नामदेव ने बताया कि महासंघ के सतत एवं प्रभावी प्रयासों से दोनों राज्यों के बीच सहमति लेने-देने की प्रक्रिया समाप्त कराने में महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त हुई है। अब महासंघ की प्राथमिकता छत्तीसगढ़ शासन से जनवरी 2026 से देय 2 प्रतिशत डीआर का आदेश एरियर सहित जारी कराना है, ताकि राज्य के लाखों पेंशनरों को उनका वैधानिक अधिकार मिल सके।

इसी उद्देश्य से 05 अगस्त 2026 (बुधवार) को प्रदेश के सभी जिलों में जिला इकाइयों द्वारा कलेक्टर के माध्यम से माननीय मुख्यमंत्री के नाम एकसूत्रीय मांग का ज्ञापन सौंपा जाएगा। ज्ञापन में केवल जनवरी 2026 से देय 2 प्रतिशत डीआर का एरियर सहित भुगतान आदेश जारी करने की मांग की जाएगी। महासंघ ने सभी जिला इकाइयों से आग्रह किया है कि कार्यक्रम पूर्ण अनुशासन एवं गरिमा के साथ आयोजित किया जाए। किसी प्रकार का धरना, प्रदर्शन अथवा नारेबाजी नहीं की जाएगी। ज्ञापन सौंपने के उपरांत उसकी प्राप्ति रसीद (पावती) अवश्य प्राप्त की जाएगी तथा स्थानीय समाचार पत्रों एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया को समाचार-विज्ञप्ति भेजी जाएगी। इसके पश्चात 19 अगस्त 2026 (बुधवार) को सभी संभाग मुख्यालयों में संभागीय अध्यक्षों के नेतृत्व में संभागीय आयुक्त के माध्यम से मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा जाएगा। महासंघ ने आगे की आंदोलनात्मक रणनीति पर विचार एवं निर्णय हेतु 06 सितम्बर 2026 (रविवार) को बिलासपुर में प्रांतीय कार्यसमिति की बैठक आयोजित करने का भी निर्णय लिया है।

## पड़कीड़ीह, राव, हिरमी मार्ग निर्माण कार्य का मंत्री टंकराम वर्मा ने किया निरीक्षण



- विष्णु का सुशासन, टंक राम का साथ – विकास की ओर निरंतर अग्रसर बलौदा बाज़ार विधानसभा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**तिल्दा नेवरा 27 जुलाई।** छत्तीसगढ़ शासन के राजस्व, आपदा प्रबंधन एवं पुनर्वास तथा उच्च शिक्षा मंत्री एवं बलौदा बाज़ार विधानसभा के विधायक टंक राम वर्मा ने आज पड़कीड़ीह से रावन होते हुए हिरमी मार्ग के निर्माणाधीन सड़क कार्य का स्थल निरीक्षण कर निर्माण की गुणवत्ता एवं प्रगति का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने संबंधित अधिकारियों एवं निर्माण एजेंसी को गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए, ताकि क्षेत्रवासियों को शीघ्र ही बेहतर आवागमन सुविधा का लाभ मिल सके। इस अवसर पर जनपद पंचायत अध्यक्ष डॉ. दौलत राम पाल, भाजपा मंडल अध्यक्ष हेमंत बघमार, मंडल महामंत्री युगल किशोर वर्मा, मंडल महामंत्री रामकुमार साहू, विधायक प्रतिनिधि करण वर्मा, मंडल उपाध्यक्ष खोमलाल साहू, भागीरथी वर्मा, सोशल मीडिया प्रभारी संदीप वर्मा, टुकेंद्र वर्मा, धन्ना निषाद, अनिल वर्मा, कामदेव बघमार, डोमर मार्कण्डेय सहित अनेक भाजपा पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं युवा साथी उपस्थित रहे। मंत्री टंक राम वर्मा के नेतृत्व में बलौदा बाज़ार विधानसभा क्षेत्र में सड़क, शिक्षा एवं आधारभूत संरचना के क्षेत्र में विकास कार्य निरंतर गति पकड़ रहे हैं। प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के सुशासन में क्षेत्र विकास के नए आयाम स्थापित कर रहा है।

# आय-व्यय का कोई हिसाब नहीं,विधायक ने जताई नाराजगी

- अस्पताल प्रबंधन के पास कोई जवाब नहीं
- जीवनदीप समिति की बैठक में सभी प्रस्ताव खारिज

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**डोंगरगढ 27 जुलाई।** डेढ़ साल बाद हुई जीवन दीप समिति की बैठक में विधायक हर्षिता स्वामी बघेल ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र डोंगरगढ़ में घोर लापरवाही को लेकर सवाल उठाया है। उन्होंने बिना प्रस्ताव के खरीदी, डेढ़ साल के आय व्यय की जानकारी नहीं देने पर नराजगी जाहिर करते हुए सभी प्रस्तुत प्रस्ताव को खारिज कर दिया। तीन सदस्यो के साथ बैठक में पहुंची विधायक ने भाजपा पदाधिकारीयों की उपस्थिति में हास्पिटल प्रबंधन की खामियों को तीखे तेवर दिखाते खरी खोटी सुनाई गई तो दूसरी ओर भाजपा के जनप्रतिनिधि घंटो चली बैठक में चुप्पी साधे रहे। विधायक बघेल ने प्रबंधन पर बिना प्रस्ताव के राशि व्यय करने और खर्च राशि का संसाधरण नहीं करने का आरोप लगाया। उन्होने आगामी बैठक में पूरी जानकारी प्रस्तुत करने कहा।

### बीएमओ की खिंचाई

बैठक में विधायक ने अस्पातल की लचर व्यवस्था को लेकर भी बीएमओ को आड़े हाथ लिया। बैठक के दौरान भाजपा नेता और जनप्रतिनिधि तीखे सवालों का जवाब देने में समक्ष नजर नहीं आए। सबसे हैरान करने वाली बात यह रही कि बिना प्रस्ताव के भाजपा नेताओं के मौखिक आदेश पर खरीदी करने की बात कही जिस पर भाजपा नेता चुप्पी साधे नजर पाए गए।

### अगली बैठक 3 अगस्त को

विधायक द्वारा आगामी 3 अगस्त को होने वाली बैठक में जीवन दीप समिति फंड से सामग्रियों की खरीदी का पूरा हिसाब प्रस्तुत करने निर्देशित किया गया है। बैठक में विधायक बघेल के अलावा एसडीएम विश्वास कुमार, पालिका अध्यक्ष रमन डोंगरे, संध्या देशपांडे, विजय राज चौहान, सुरेन्द्र सिंग बन्नोआना, कालू अरोरा, सीएमओ राजेश तिवारी सहित अन्य शामिल हुए।

## लॉन्ग एशिया ट्रेडिंग एप मामला: बेमेतरा में पहले दर्ज हुई शिकायत, डोंगरगढ़ के दो लोगों पर निवेशकों को जोड़ने का आरोप

**डोंगरगढ़ 27 जुलाई।** लॉन्ग एशिया ट्रेडिंग ऐप के जरिए कथित करोड़ों रुपये के निवेश घोटाले में अब नए तथ्य सामने आए हैं। डोंगरगढ़ में शुक्रवार को हुए हंगामे से पहले ही 20 जुलाई को बेमेतरा जिले के 15 निवेशकों ने पुलिस अधीक्षक को लिखित शिकायत सौंपकर डोंगरगढ़ निवासी कुलजीत भाटिया और जोगेंद्र वर्मा सहित अन्य लोगों पर बड़े पैमाने पर निवेश कराने का आरोप लगाया था।शिकायत के अनुसार वर्ष 2024 से प्रदेश के विभिन्न शहरों के बड़े होटलों में सेमिनार और निवेशक बैठकें आयोजित कर हर माह 10 प्रतिशत मुनाफे का भरोसा दिया गया। शुरुआती दौर में निवेशकों को समय पर रिटर्न मिलता रहा, जिससे लोगों का विश्वास बढ़ा और निवेश की राशि लगातार बढ़ती गई। लेकिन फरवरी 2026 के बाद निकासी पूरी तरह बंद हो गई, जिससे निवेशकों की करोड़ों रुपये की राशि फंस गई।शिकायतकर्ताओं का कहना है कि निकासी बंद होने के बाद वे चार से पांच बार डोंगरगढ़ पहुंचे और संबंधित लोगों से रकम वापस करने की मांग की। हर बार तकनीकी समस्या और अन्य कारण बताकर भुगतान टाल दिया गया। आरोप है कि पुरानी राशि लौटाने के बजाय दो महीने में रकम दोगुनी करने का नया प्रस्ताव देकर दोबारा निवेश का दबाव बनाया गया, लेकिन निवेशकों ने नया निवेश करने से इनकार करते हुए अपनी जमा राशि वापस मांगी। शिकायत के मुताबिक पूरे नेटवर्क में समय-समय पर ट्रेडिंग प्लेटफॉर्म का नाम भी बदला गया। शुरुआत में यह XTB International Limited के नाम से संचालित हुआ, बाद में इसका नाम FCX International Limited किया गया और वर्तमान में Long Asia Group NZ Limited के नाम से संचालित किए जाने का दावा किया गया है।


# विपक्ष में राहुल के लिए चुनौती बस केजरीवाल हैं


देश की राजनीति में कांग्रेस का दबदबा खत्म होने के बाद कांग्रेस व राज्यों के क्षेत्रीय दलों के बीच अजब रिश्ता है।वह एकजुट भी होना चाहते हैं और आपस मे लड़ते भी रहते हैं। उनका लक्ष्य पीएम मोदी व भाजपा को केंद्र व राज्यों में हराना भी है और राज्यों में खुद को मजबूत भी करना है।जब कांग्रेस केंद्र व राज्यों में मजबूत हुआ करती थी तो क्षेत्रीय दल व नेता कमजोर हुआ करते थे।केंद्र व राज्यों मे कांग्रेस कमजोर हुई तो क्षेत्रीय दल मजबूत हुए,क्षेत्रीय दलों के नेता मजबूत हुए।वह राष्ट्रीय नेता के तौर पर जाने जाने लगे।यानी उनका संबंध ऐसा है कि एक मजबूत होगा तो दूसरे का कमजोर होना जरूरी है।एक कमजोर होगा तो दूसरे का मजबूत होना जरूरी है।हाल के चुनाव में बिहार व बंगाल में क्षेत्रीय दलों के हारने से राज्यों में भाजपा तो मजबूत हुई है क्षेत्रीय दल कमजोर हुए और मजे की बात है माना जा रहा है कि पं.बंगाल में अब कांग्रेस मजबूत हो सकती है, वह टीएमसी की जगह ले सकती है और आने वालों दिनों में विपक्ष की भूमिका में आ सकती है। कांग्रेस के नेता राहुल गांधी के लिए विपक्ष के कई नेता चुनौती बने रहे हैं। उनके कारण वह विपक्ष के मजबूत नेता के रूप में नही उभर सके हैं,अपनी बात क्षेत्रीय दलों से मनवा नहीं पाते थे।कभी शरद पवार उनके विरोध में खड़े हो जाते थे,कभी ममता उनके विरोध में सामने आ जाती थी। बिहार में लालू परिवार उनके रास्ते में आ जाता था।यूपी मे अखिलेश कांग्रेस को मजबूत नहीं होने देना चाहते हैं।बिहार,बंगाल में भाजपा की जीत,महाराष्ट्र मे शरद पवार व उध्दव ठाकरे की पार्टी टूटने,बंगाल में ममता के कमजोर होने का लाभ कांग्रेस और राहुल गांधी को यह हुआ है कि विपक्ष में उनको चुनौती देने वाले नेताओं की संख्या कम होती गई है।केरल व तमिलनाडु में चुनाव के बाद कांग्रेस राजनीतिक रूप से मजबूत हुई है। राहुल गांधी अब विपक्ष के सबसे मजबूत व बड़े नेता हैं।उनके सामने अब विपक्ष में कोई मजबूत नेता है तो वह अरविंद केजरीवाल हैं।यानी राहुल गांधी को देश की राजनीति, पंजाब सहित कई राज्यों में अरविंद केजरीवाल ही चुनौती दे सकते हैं। सीजेपी आंदोलन के चलते हुए, युवाओं के बीच अपनी जगह बनाने के लिए राहुल गांधी व केजरीवाल के बीच होड़ सी लगी हुई है कि युवाओं का सबसे बड़ा हितैषी कौन है।सीजेपी के आंदोलन को विपक्ष के बड़े नेताओं में सबसे पहले समर्थन देने केजरीवाल जंतरमंतर पहुंचे थे। उनके अलावा आम आदमी पार्टी के संजय सिंह, आतिशी मारलेना आदि नेता भी पहुंचे थे। उसके बाद दूसरे राजनीतिक दल पहुंचे और सबसे आखिरी में कांग्रेस ने पवन खेड़ा जैसे नेता को भेजकर समर्थन करने की औपचारिकता पूरी की थी। इससे ऐसा लग रहा था कि पेपरलीक,शिक्षामंत्री के इस्तीफे को लेकर एक ही आंदोलन होगा। कांग्रेस नेता भी जंतर मंतर के आकर आंदोलन में शामिल होंगे। सीजेपी के संसद मार्च, पुलिस के लाठी चार्ज के बाद राहुल गांधी व केजरीवाल के बीच युवाओं के बीच जगह बनाने को लेकर फिर से नई होड़ शुरू हो गई। केजरीवाल ने लाठीचार्ज की निंदा की, घायलों के इलाज व लीगल सहायता की घोषणा की,अस्पताल घायल युवाओं को देखने गए तो राहुलगांधी ने पीएम आवास के पास धरना दिया,घायलों को देखने अस्पताल भी गए और साफ कर दिया उनका युवाओं के लिए आंदोलन सीजेपी के आंदोलन से अलग है। अब सीजेपी सरकार से अलग मांग कर रही है और कांग्रेस सरकार से अलग मांग कर रही है।ऐसे मे केजरीवाल ने कांग्रेस पर आरोप लगाया है कि वह युवाओं के आंदोलन को कमजोर कर रही है और वह भाजपा व मोदी से मिली हुई है।सीजेपी भी शिक्षामंत्री के इस्तीफे की मांग कर रहा है और कांग्रेस भी शिक्षामंत्री के इस्तीफे की मांग कर रही है। इससे माना जा रहा है कि कांग्रेस ऐसा इसलिए कर रही है ताकि इस मामले में वह आप से आगे रह सके।सीजेपी आप वाले माने जा रहे हैं और माना जा रहा है कि सीजेपी के आंदोलन का लाभ केजरीवाल को होगा।वह देश में युवाओं के मजबूत नेता के रूप में उभर कर सामने आएंगे। राहुल गांधी यही नहीं चाहते हैं कि विपक्ष मे उनके लिए जो बड़ी चुनौती केजरीवाल है, वह और बड़ी चुनौती बने। केजरीवाल को और बड़ी चुनौती न बनने देने के लिए जरूरी है कि पंजाब में केजरीवाल की हार हो। जैसे यूपी मे अखिलेश,बिहार में तेजस्वी और बंगाल में ममता की हार बाद उनका राजनीतिक कद कम हुआ है, उसी तरह केजरीवाल यदि पंजाब में हारते है तो उनका राजनीतिक कद दूसरे विपक्षी नेताओं की तरह कम हो जाएगा और राहुल गांधी का कद विपक्ष के तमाम नेताओं की तुलना में बढ़ जाएगा। तब वह विपक्ष की तरफ से पीएम पद के स्वाभाविक दावेदार माने जाएँगे। राहुल गांधी को युवाओं के मजबूत नेता के रूप में पेश करने के लिए पीएम आवास के सामने धरना दिया गया है, मुख्य विपक्षी दल होने के बाद भी उसे सीजेपी के रास्ते पर चलना पड़ रहा है। केंद्र की सत्ता चलाने का लंबा अनुभव रखने वाली कांग्रेस संसद के बजाय सड़क पर उतर अपनी बात रख रही है तो इससे साफ हो जाता है कि वह चाहती क्या है, उसका लक्ष्य क्या है। लोकतंत्र में सड़क की राजनीति भी होती है, लेकिन कांग्रेस ने कभी संसद की जगह सड़क को ज्यादा महत्व नहीं दिया है, अब दे रही है तो इसका मतलब साफ है कि मौका है तो इसका लाभ क्यों न उठाया जाए।केजरीवाल सड़क की राजनीति करते हैं, उनको मात सड़क की राजनीति करके दिया जा सकता है।दिल्ली में तीन बार और एक बार पंजाब मे कांग्रेस को हराकर केजरीवाल राहुल गांधी से बड़े नेता तो हैं, राहुल गांधी उनको पंजाब चुनाव में हराकर खुद को बड़ा नेता साबित करना चाहते हैं और अपने रास्ते की एक और बड़ी बाधा को दूर करना चाहते हैं।

## यादें

# स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्वर्गीय नंदकिशोर पांडे की गौरवशाली विरासत को आगे बढ़ाती चार पीढ़ियाँ







छत्तीसगढ़ के प्रख्यात स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्वर्गीय श्री नंदकिशोर पांडे का जीवन राष्ट्रभक्ति, जनसेवा, ईमानदारी और अनुशासन का अनुपम उदाहरण रहा है। उन्होंने स्वतंत्रता आंदोलन में सक्रिय भूमिका निभाते हुए अपने जीवन का महत्वपूर्ण समय राष्ट्रसेवा के लिए समर्पित किया।

वर्ष 1933 में जब महात्मा गांधी रायपुर आए और स्वतंत्रता आंदोलन की चेतना जगाने के लिए जनसंपर्क कर रहे थे, तब मात्र 9 वर्ष की आयु में बालक नंदकिशोर पांडे ने गांधीजी का हाथ थामकर उनके साथ जेल जाने का साहसिक प्रयास किया। यद्यपि अल्पायु होने के कारण उन्हें तत्काल रिहा कर दिया गया, किंतु यह घटना उनके भीतर देशभक्ति की प्रबल भावना का प्रारंभिक परिचायक बनी। इसके बाद 3 अगस्त 1942 को भारत छोड़ो आंदोलन के दौरान छत्तीसगढ़ के अग्रणी स्वतंत्रता सेनानियों पंडित रविशंकर शुक्ल एवं महंत लक्ष्मीनारायण दास के साथ रेल की पटरियाँ उखाड़ने के कथित षड्यंत्र के आरोप में उन्हें गिरफ्तार किया गया। पुनः 6 सितंबर 1942 को बाल समाज लाइब्रेरी के समक्ष ब्रिटिश प्रधानमंत्री विंस्टन चर्चिल की प्रतीकात्मक अर्थी निकालने के आंदोलन में सेनानी हरि ठाकुर के साथ उन्हें पुनः गिरफ्तार किया गया। 12 अगस्त 1942 को उन्हें 6 माह 28 दिन के सश्रम कारावास का दंड सुनाया गया। उन्होंने 16 मार्च 1943 तक रायपुर केंद्रीय जेल में 'बी' श्रेणी के राजनीतिक बंदी के रूप में कारावास भोगा। इसका उल्लेख रायपुर जेल की जिला सूची क्रमांक 28/52 में दर्ज है। इस प्रकार उन्होंने स्वतंत्रता संग्राम में सक्रिय आंदोलनकारी के रूप में अपना अमूल्य योगदान दिया।

स्वतंत्रता प्राप्ति के पश्चात श्री नंदकिशोर पांडे एक प्रतिष्ठित अधिवक्ता के रूप में स्थापित हुए। उन्होंने न्याय, सत्यनिष्ठा और जनसेवा को अपने जीवन का मूल मंत्र बनाया। वर्ष 1956 से 1966 तक वे रायपुर के कंकालीपारा वार्ड से प्रजा समाजवादी पार्टी के पार्षद रहे। उस समय यह दल स्वतंत्रता सेनानी ठाकुर प्यारेलाल सिंह के नेतृत्व में सक्रिय था। वे बार काउंसिल के सम्मानित अध्यक्ष रहे तथा लोक अदालत एवं खंडपीठ आंदोलन के प्रमुख प्रेरकों में भी उनकी महत्वपूर्ण भूमिका रही।

2 मई 1998 को उनका निधन हो गया, किंतु उनके आदर्श आज भी उनके परिवार की पीढ़ियों को प्रेरित कर रहे हैं।

### दूसरी पीढ़ी : सेवा और कर्तव्य का विस्तार

स्वर्गीय श्री नंदकिशोर पांडे के परिवार ने उनके आदर्शों को जीवन का आधार बनाया।

उनके ज्येष्ठ पुत्र श्री चंद्रकांत पांडे वन विभाग के वर्ल्ड बैंक परियोजना में सहायक प्रबंधक रहे तथा मध्यप्रदेश एवं छत्तीसगढ़ शासन में दीर्घकाल तक उत्कृष्ट सेवाएँ दीं।

दूसरे पुत्र श्री हीरेंद्रनाथ पांडे ने रेलवे मेल सर्विस में अपनी सेवाएँ प्रदान कीं।

तीसरे पुत्र श्री अखिलेश पांडे ऑयल एंड नेचुरल गैस कॉर्पोरेशन (ओएनजीसी), बड़ौदा में महाप्रबंधक के पद पर कार्यरत रहे।

उनकी ज्येष्ठ पुत्री श्रीमती विश्वभारती तिवारी मुंबई में विद्यालय की प्राचार्य रहीं।

उनकी धर्मपत्नी श्रीमती रुक्मिणी देवी पांडे अत्यंत विदुषी, संस्कारवान एवं दृढ़ व्यक्तित्व की धनी थीं। उन्होंने परिवार को उत्कृष्ट संस्कार प्रदान करते हुए अपने दायित्वों का सफलतापूर्वक निर्वहन किया।

### तीसरी पीढ़ी : शिक्षा और वैश्विक उपलब्धियाँ

स्वर्गीय पांडे जी की तीसरी पीढ़ी ने शिक्षा और उत्कृष्टता के क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धियाँ प्राप्त कीं।

श्री चंद्रकांत पांडे के ज्येष्ठ पुत्र अपूर्व पांडे ने आईआईटी खड़गपुर से बी.टेक. तथा हार्वर्ड बिजनेस स्कूल, बोस्टन (अमेरिका) से एम.बी.ए. की प्रतिष्ठित उपाधि प्राप्त की। वे छत्तीसगढ़ के उन चुनिंदा व्यक्तियों में हैं जिन्होंने हार्वर्ड बिजनेस स्कूल से यह गौरवशाली उपलब्धि अर्जित की।

उनकी पत्नी श्रीमती सोनल पांडे ने बिट्स पिलानी से एम.टेक. की उपाधि प्राप्त की है।

श्री चंद्रकांत पांडे की पुत्री श्रीमती आस्था शर्मा ने एनआईटी रायपुर से बी.टेक. की शिक्षा प्राप्त की।

### चौथी पीढ़ी : प्रतिभा और संस्कार का संगम

स्वर्गीय नंदकिशोर पांडे की चौथी पीढ़ी भी शिक्षा, साहित्य और रचनात्मक प्रतिभा के क्षेत्र में अपनी पहचान बना रही है।

अपूर्व पांडे के ज्येष्ठ पुत्र निसर्ग पांडे ने रिड्ज वर्ल्ड इंटरनेशनल पब्लिकेशन द्वारा आयोजित अंतरराष्ट्रीय कहानी लेखन प्रतियोगिता में विश्व के श्रेष्ठ दस युवा कहानीकारों में स्थान प्राप्त किया। उनकी लिखी कविता 10 जुलाई को देश के प्रतिष्ठित समाचार पत्र द हिंदू में प्रकाशित हुई तथा उन्हें सम्मानित भी किया गया।

निसर्ग के छोटे भाई नभ्य पांडे भी बहुमुखी प्रतिभा के धनी हैं और विभिन्न रचनात्मक गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रहे हैं।

### समाज द्वारा मिला सम्मान

स्वर्गीय नंदकिशोर पांडे के राष्ट्र और समाज के प्रति योगदान को सम्मानित करते हुए रायपुर के कारी तालाब, आमापारा स्थित स्थल पर उनकी प्रतिमा स्थापित की गई है। इसके अतिरिक्त आर. डी. तिवारी विद्यालय से तेलघानी नाका मार्ग तक सड़क का नामकरण भी उनके सम्मान में स्वर्गीय नंदकिशोर पांडे मार्ग के रूप में किया गया है।

### प्रेरणादायी विरासत

आज जबकि आधुनिक समाज में संयुक्त परिवारों के विघटन और सामाजिक मूल्यों के क्षरण की चिंता व्यक्त की जाती है, ऐसे समय में स्वर्गीय नंदकिशोर पांडे का परिवार एक प्रेरणादायी उदाहरण प्रस्तुत करता है। चार पीढ़ियों से यह परिवार राष्ट्रसेवा, जनसेवा, शिक्षा, ईमानदारी, अनुशासन और उत्कृष्टता की परंपरा को निरंतर आगे बढ़ा रहा है तथा राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर छत्तीसगढ़ का गौरव बढ़ा रहा है।

स्वर्गीय नंदकिशोर पांडे का जीवन और उनका परिवार इस सत्य का सशक्त प्रमाण है कि महान संस्कारों की विरासत पीढ़ियों तक समाज को दिशा देता रहता।

**संजीव ठाकुर, वरिष्ठ पत्रकार, लेखक, चिंतक, स्तंभकार, रायपुर छत्तीसगढ़**

## राशिफल

**मेष राशि**-आज का दिन आपके लिए शुभ रहेगा और समस्याओं से राहत भरा भी दिन साबित होगा। बाहर जाने का प्लान बन रहे हैं, तो यात्रा सुखद रहेगी। हालांकि किसी छोटी-सी बात पर माहौल बहस में बदल सकता है, इसलिए अपनी वाणी पर संयम रखें।

**वृषभ राशि**-वृषभ राशि वालों को धन लाभ हो सकता है। संतान की छोटी-सी इच्छा पूरी करके आपको सुकून मिलेगा। आपकी भावनाओं को हर कोई समझ नहीं पाएगा, लेकिन इससे निराश होने की जरूरत नहीं है। जीवनसाथी का सहयोग आपके आत्मविश्वास को बढ़ाएगा।

**मिथुन राशि**-मिथुन राशि वालों का दिन परेशानियों भरा हो सकता है, इसलिए आर्थिक मामलों में सोच-समझकर फैसला लें। आज कार्यक्षेत्र में कोई आपको भटकाने की कोशिश कर सकता है। अपनों को मनाने की कोशिश रिश्तों में फिर से मिठास ला सकती है।

**कर्क राशि**-पुराने मित्र से मुलाकात होने के योग हैं। किसी नई जिम्मेदारी की शुरुआत भी हो सकती है। हालांकि, खुद के लिए कुछ खरीदारी करने का मन करेगा, लेकिन खर्च करते समय संतुलन बनाए रखना जरूरी है। कर्क राशि वालों को किसी पुराने अधूरे काम को पूरा करने का अवसर मिल सकता है।

**सिंह राशि**-सिंह राशि वालों के लिए आज का दिन भागदौड़ से भरा रहेगा। एक पुरानी गलती आपको नया सबक सिखा सकती है। स्वास्थ्य का भी थोड़ा ध्यान रखें। लेकिन कार्यक्षेत्र में आपकी मेहनत की सराहना होगी।

**कन्या राशि**-कन्या राशि वालों को आज सावधान रहना होगा। किसी से वादा करते समय सोच-समझकर बोलें, क्योंकि इसके आज दिए गए शब्द भविष्य में जिम्मेदारी बन सकते हैं। इसके अलावा किसी धार्मिक कार्यक्रम का हिस्सा भी बन सकते हैं। परिवार का सहयोग आपके मनोबल को मजबूत बनाए रखेगा।

**तुला राशि**-तुला राशि के लोग आज सावधानी बरतें। पैसों का लेन-देन सोच-समझकर करें, क्योंकि धोखे की संभावना है। किसी भी दस्तावेज पर हस्ताक्षर करने से पहले उसे अच्छी तरह पढ़ लें। कोई यात्रा आपके लिए लाभदायक साबित होगी।

**वृश्चिक राशि**-आज का दिन आपको खुशियां भी दे सकता है। कोई अच्छा अवसर भी हाथ लग सकता है, जिसे समय रहते पहचानना जरूरी होगा। करियर में आज आपको सफलता मिलने की संभावना बढ़ेगी। धन लाभ आज आपको अच्छा होता दिख रहा है।

**धनु राशि**-धनु राशि वालों के लिए दिन रचनात्मक रहेगा और नए-नए आइडिया आपके दिमाग में आएंगे। यदि आप उन्हें सही समय पर अपनाते हैं, तो अच्छे परिणाम मिल सकते हैं। करियर में आपको आगे बढ़ने का अवसर प्राप्त होने वाला है। किसी नए काम की योजना बन सकती है

**मकर राशि**-मकर राशि वालों के लिए दिन शानदार रहेगा। दोस्तों का सहयोग आपके लिए फायदेमंद रहेगा। पुरानी गलतियों से सीख लेना ही आज की सबसे बड़ी सीख है। इसके अलावा कार्यक्षेत्र में धैर्य बनाए रखें, जल्दबाजी नुकसान पहुंचा सकती है।

**कुंभ राशि**-कुंभ राशि वालों को अजनबी लोगों पर भरोसा करने से बचना होगा। सावधानी ही आज आपकी सबसे बड़ी ताकत है। परिवार के साथ बातचीत करने से कई उलझनें दूर हो सकती हैं। मानसिक शांति के लिए किसी धार्मिक यात्रा पर जाएंगे।

**मीन राशि**-मीन राशि वालों के लिए दिन सामान्य रहेगा। कोई प्लानिंग आज करेंगे, जो भविष्य के लिए फायदेमंद साबित होगी। नई जगह या नए लोगों से जुड़ना आपके लिए शुभ रहेगा। कोई अच्छा अवसर भी हाथ लग सकता है।

29 जुलाई गुरु पूर्णिमा पर विशेष ...

# गुरु होता है आध्यात्मिक ज्ञान का पोषक

**डॉ.सूर्यकांत मिश्रा**

आज गुरु पूर्णिमा के दिन अपने गुरु के प्रति कृतज्ञता प्रकट करने की प्रबल इच्छा ही वह ताकत बन गई है जिसके चलते मैं गुरु के विषय में अपने विचारों को कलमबद्ध करने बैठा हूं । मै तो ईश्वर की कृपा ही मानता हूं कि मुझे इतने अच्छे गुरु या कहूँ गुरुओं का सानिध्य मिला जिनके आशीर्वाद ने मुझे एक दिशा प्रदान की । मैने यह अनुभव किया है कि एक सच्चा गुरु निः स्वार्थ प्रेम , ज्ञान और सादगी का प्रतीक होता है । लालच जैसे अवगुण से कहीं दूर गुरु अपने कर्तव्य को धर्म मानते हुए ही आचरण करते हैं । वे कभी भी व्यवहार को व्यापार नहीं बनने देते । उनके हृदय में अहंकार नहीं होता । उनके वचन वेदों और शास्त्रों के अनुकूल होते हैं । वे ही इस मृत्युलोक में अच्छे - बुरे का ज्ञान कराकर सही मार्ग पर अपने शिष्यों को प्रशस्त करते हैं । सांसारिक लाभ या धन की अपेक्षा उन्हें दूर -दूर तक छू नहीं पाती है । एक गुरु का उद्देश्य शिष्य के भीतर छिपे आध्यात्मिक ज्ञान को जागृत करना ही होता है । यह भी शाश्वत सत्य है कि गुरु का ज्ञान और उनके द्वारा दिए गए उपदेश प्रामाणिक होते हैं । दिखावा और पाखण्ड उनके विचारों को दूषित नहीं कर पाते हैं । अनुशासन और श्रेष्ठ चरित्र ही गुरु की महिमा माने जाते हैं । एक गुरु कभी भी अपने शिष्य को अंधेरे में नहीं रखता । संदेहों का समाधान कर वे अपने शिष्य को प्रगति के पथ पर अग्रसर करते हैं ।

आज की बदली परिस्थितियों में गुरु और शिष्य के संबंध नगण्य हो चले हैं ! अब न तो गुरुकुल की परंपरा रही और न ही समर्पित गुरुओं का सानिध्य ! आज के समय में हमारी पीढ़ी ने नए गुरु की खोज कर ली है , जिसे " गूगल " गुरु के नाम से जाना जाता है ! हम यदि अपने बच्चों को कोई सीख देना चाहें तो वे इसके लिए सहज रूप से तैयार नहीं होते हैं ! गूगल ने जो कुछ बता दिया वही पत्थर की लकीर बन जाती है ! हमारी पीढ़ी इस बात को मानने तैयार नहीं कि जीवन में एक गुरु का होना अत्यंत जरूरी है । आज मैं अपने इस लेख के माध्यम से दुस्साहस करते हुए वर्तमान पीढ़ी को गुरु की महिमा से अवगत कराना चाहता हूं । हमने हमेशा से ही गुरु महिमा का वर्णन अपने बुजुर्गों से सुना है । वे कहा करते थे जिसका कोई गुरु नहीं , उसका उद्धार नहीं। एक छोटा सा कथानक याद आ रहा है - " एक बार सुखदेव ऋषि अपनी सिद्धि की शक्ति के बल पर उड़ान भरते हुए स्वर्ग पहुंच गए । भगवान विष्णु ने सुखदेव ऋषि के स्वर्ग प्रवेश को यह कहते हुए रोक दिया कि आपका अभी तक कोई गुरु नहीं है ! विवश होकर सुखदेव ऋषि को धरती पर लौटना पड़ा ! बाद में उन्होंने राजा जनक को अपना गुरु बनाया और स्वर्ग में स्थान पाया । इस संसार में गुरु ही वह व्यक्ति है जो मनुष्य को जन्म -मरण के रोग रूपी अंधकार से मोक्ष रूपी प्रकाश की ओर ले जाता है । समाज में व्याप्त अंधविश्वास , रूढ़िवादिता , पाखंडवाद और अंध भक्ति की गहरी नींद से जगाकर मानवीय समाज को वास्तविक और प्रमाणिक भक्ति का मार्ग एक गुरु ही दिखाता है । इतिहास के पन्नों में दर्ज कहानी और दृश्य बताते हैं कि इस धरती पर जितने भी महापुरुष हुए , सभी ने गुरुओं की कृपा पाई । भगवान विष्णु के अवतार प्रभु श्रीराम हों या फिर श्रीकृष्ण और गुरुनानक ही क्यों न हों , सभी के गुरुओं की कहानी हम पढ़ते आ रहे हैं । सभी ने अपनी अंतिम साँस




तक गुरु की मर्यादा में रहकर उनकी भक्ति और पूजा की । भगवान श्रीराम ने वशिष्ठ जी को अपना आध्यात्मिक गुरु बनाकर उनसे दीक्षा ग्रहण की । आज की पीढ़ी यह बताना चाहती है कि कंप्यूटर और इंटरनेट के माध्यम से उन्होंने जो कुछ सीखा वही सर्वथा सत्य है ! इसे मै कुएं के मेंढ़क की सोच ही मानता हूं । आज के आधुनिक और तकनीकी युग में भी , जहां जानकारी आसानी से उपलब्ध है , एक सच्चे मार्गदर्शक या गुरु की भूमिका पहले से कहीं अधिक महत्वपूर्ण है । गुरु केवल किताबी ज्ञान ही नहीं ,बल्कि जीवन जीने की सही कला , नैतिक मूल्य और अनुशासन भी सिखाता है । एक सच्चा गुरु ही हमें अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए प्रेरित करते हैं । असमंजस की स्थिति में गुरु का मार्गदर्शन हमारा सबसे बड़ा संबल बनकर सामने आता है । गुरु का सानिध्य ही एक व्यक्ति को विनम्रता , धैर्य और सहनशीलता जैसे गुणों से परिपूर्ण करता है । हमारे जीवन में एक गुरु होना कितना जरूरी है , इसे एक कथानक से समझा जा सकता है । पोरस को जब बंदी बनाकर सिकंदर के सामने प्रस्तुत किया गया , तो सिकंदर ने पोरस से पूछा - आपके साथ कैसा बर्ताव किया जाए ? पोरस ने बड़ी ही सहजता से कहा - " एक राजा , दूसरे राजा के साथ जैसा बर्ताव करता है , आप भी मेरे साथ वैसा ही करें !" पोरस के उत्तर से प्रभावित होकर सिकंदर ने उसे न केवल रिहा किया बल्कि उसका राज्य भी लौटा दिया और खुद अपने देश लौट गया !

ठीक इसी तरह मोहम्मद गोरी ने पृथ्वीराज चौहान को बंदी बनाने के बाद वही प्रश्न किया कि -मुझसे तुम क्या अपेक्षा रखते हो ? पृथ्वीराज चौहान ने भी पोरस से मिलता - जुलता ही उत्तर दिया । पृथ्वीराज चौहान ने कहा - मैने तुम्हें अनेक बार क्षमादान दिया है , इसलिए तुम्हें भी मेरे साथ सम्मान पूर्वक व्यवहार करना चाहिए । पृथ्वीराज की इस मांग के बाद मोहम्मद गोरी ने उसकी आँखें फोड़ दीं और मृत्यु दंड की सजा सुना दी ! दोनों घटनाओं में समानता के बावजूद परिणाम अलग रहे ! जानते हैं ऐसा क्यों हुआ ? वह इसलिए कि सिकंदर के चरित्र और व्यवहार को उसके गुरु और मार्गदर्शक अरस्तू ( एरिस्टोटल ) ने अपने ज्ञान से तराशा था । इसके विपरीत मोहम्मद गोरी की संगत ऐसे किसी गुरु या मार्गदर्शक से नहीं थी ! वह जंगलियत में पैदा हुआ । जंगलियत में जिया और उसी जंगलियत में मर गया ! सामान्यतः यह देखने में आ रहा है कि लोग गुरु और शिक्षक को एक ही तराजू में तौलते हैं ! भारतीय संस्कृति के मान से देखा जाए तो इन दोनों शब्दों में सूक्ष्म और महत्वपूर्ण अंतर दिखाई पड़ता है । स्कूल में पढ़ाने वाला शिक्षक वह व्यक्ति होता है जो हमें किसी विषय विशेष अथवा कौशल का ज्ञान प्रदान करता है । शिक्षक का कार्य क्षेत्र शिक्षण प्रक्रिया से जुड़ाव रखता है जो शैक्षणिक ही हुआ करता है । शिक्षक ज्ञान के एक विशिष्ट क्षेत्र के विशेषज्ञ होते हैं तथा अपना विद्यार्थियों को उस ज्ञान को व्यवस्थित तरीके से प्रदान करते हैं । मसलन गणित का शिक्षक जहां सूत्रों की जानकारी प्रदान करता है वहीं हिंदी भाषा का शिक्षक व्याकरण और साहित्य का ज्ञान प्रदान कर अपना कर्तव्य निभाता है । अब यदि बात की जाए " गुरू" की तो एक गुरु का संबंध अपने शिष्य के साथ कहीं अधिक गहराई लिए होता है । गुरु का काम किताबी ज्ञान देना नहीं बल्कि वे अपने शिष्य के संपूर्ण व्यक्तित्व का निर्माण करते हैं । वे शिष्य को जीवन जीने की कला सिखाते हैं । उनमें नैतिक मूल्यों का संचार करते हैं । साथ ही अपने शिष्य को आध्यात्मिक मार्ग पर अग्रसर करते हैं । गुरु और शिष्य का संबंध आजीवन बना रहता है । गुरु अपने शिष्य के हर पहलू पर अपनी शिक्षा का प्रभाव डालते रहते हैं । गुरु का मार्गदर्शन केवल शैक्षणिक नहीं होता बल्कि वह जीवन दर्शन , नैतिकता , धर्म और आध्यात्मिकता तक विस्तार लिए होता है । एक गुरु अपने शिष्य को केवल क्या पढ़ना है ? यह नहीं बताते वरन कैसे जीना है , यह भी सिखाते हैं । गुरु का उद्देश्य शिष्य को आत्म साक्षात्कार और मोक्ष की ओर ले जाना होता है । गुरु ही अपने शिष्य की आत्मा को पोषित करता है ।

## एक नजर

### छत्तीसगढ़ प्रदेश कोषालयीन शासकीय कर्मचारी संघ का प्रांताध्यक्ष एवं प्रांतीय महामंत्री का निर्वाचन 1 अगस्त को



**दंतेवाड़ा 27 जुलाई।** छत्तीसगढ प्रदेश कोषालयीन शासकीय कर्मचारी संघ के पूरन लाल ताती उप प्रांताध्यक्ष ने बताया कि छत्तीसगढ़ प्रदेश कोषायलीन शासकीय कर्मचारी संघ का प्रांतीय बैठक दिनांक 11.07.2026 को आयोजित किया गया था । जिसमें प्रदेश के समस्त पदाधिकारी ने निर्णय लिया कि प्रांताध्यक्ष एवं प्रांतीय महामंत्री का निर्वाचन सर्वसम्मति से कराया जाना है और सहमति न होने की स्थिति में चुनाव का आयोजन किया जाना है । पदाधिकारियों ने बस्तर संभाग में आयोजित करने का बात रखा जिसमें दिनांक 01 अगस्त 2026 समय प्रात 10.00 बजे स्थान उप संचालक, क्षेत्रीय महिला प्रशिक्षण संस्थान महिला एवं बाल विकास विभाग डीमरापाल बस्तर में आम सभा में निर्वाचन कराने का निर्णय लिया गया है जिसमें निर्वाचन अधिकारी राजेश कर्मा, सहायक संचालक, संभागीय शिक्षा संभाग को नियुक्त किया गया है और उनके द्वारा निर्वाचन अधिसूचना जारी कर दिया गया है । प्रदेश के समस्त कोषालयीन कर्मचारी अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होना सुनिश्चित करेगें ।

### मलेरिया से 10 दिन में 3 मौतें, बस्तर में 8426 मरीज पॉजिटिव मिले

**कांकेर,27 जुलाई। (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** जिले के मर्दापोटी बालक आश्रम में पढ़ने वाले चौथी कक्षा के छात्र सुभाष कुमेटी (9) की रविवार को इलाज के दौरान मौत हो गई। जिले में दो दिन में मलेरिया से दो बच्चों की जान जा चुकी है। बीते 10 दिनों में यह तीसरी मौत है, तीनों मृतक स्कूली बच्चे हैं। वहीं छात्रावास के 11 बच्चे पॉजिटिव पाये गये हैं। मलेरिया के मरीज मिलने के बाद कांकेर स्वास्थ्य विभाग में हड़कंप मच गया है। मामले को लेकर विभाग अलर्ट मोड पर है। सूचना पर विभाग की टीम मौके पर पहुंची और जांच कर रही है। कांकेर स्वास्थ्य विभाग के अनुसार मर्दापोटी और इरादाह छात्रावास में कुल 11 छात्र मलेरिया संक्रमित मिले हैं। प्रभावित छात्रावासों और गांवों में स्वास्थ्य विभाग की टीमें कैंप लगाकर इलाज कर रही हैं। जांच करने के साथ ही दवायें बांटी जा रही हैं। सभी छात्रावासों में विशेष निगरानी बरती जा रही है। स्वास्थ्य जांच में मलेरिया पॉजिटिव मिले तामेश्वर भास्कर (7) और विक्रम मंडावी (8) की हालत गंभीर होने पर उन्हें रायपुर रेफर किया गया है। नवीन कुमेटी का इलाज एमसीएच अलबेलापारा में चल रहा है। मृतक छात्र सुभाष की तबीयत बिगड़ने पर परिजन पहले उसे अस्पताल ले जाने के बजाय गांव में झाड़-फूंक कराने ले गए थे। गंभीर हालत में रविवार दोपहर करीब 3:30 बजे उसे अस्पताल पहुंचाया गया, लेकिन तब तक काफी देर हो चुकी थी। लगातार मौतों के बाद सहायक आयुक्त जया मनु और जिला स्वास्थ्य अधिकारी की टीम आश्रम पहुंची और बच्चों का दोबारा टेस्ट कराया। बस्तर संभााग को मलेरिया मुक्त बनाने के लिए अभियान का 14वां चरण चल रहा है, लेकिन संक्रमण नहीं थम रहा है।

### पीएम मोदी के निर्णायक कदम और सोनम वांगचुक के अनशन समाप्त होने से विपक्ष का 'भारत विरोधी एजेंडा' बेनकाबः भाजपा

**जगदलपुर, 27 जुलाई। (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष वेदप्रकाश पाण्डेय ने नीट पेपर लीक मामले में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा की गई ऐतिहासिक एवं कड़े कदमों की घोषणा तथा अस्पताल में भर्ती सोनम वांगचुक द्वारा अनशन समाप्त किए जाने के बाद कांग्रेस सहित 'इण्डी गठबंधन' के घटक दलों पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि इन घटनाक्रमों ने विपक्ष के असली राजनीतिक चरित्र और उनके भारत विरोधी एजेंडे की पूरी तरह पोल खोल दी है। भाजपा जिला अध्यक्ष श्री पाण्डेय ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी ने युवाओं के भविष्य को सुरक्षित करने के लिए त्वरित और अभूतपूर्व कदम उठाने की घोषणा की है। श्री मोदी के नेतृत्व में केन्द्र सरकार द्वारा न केवल त्वरित सुनवाई के लिए फास्ट ट्रैक कोर्ट के गठन के निर्देश दिए हैं, बल्कि दोषियों को 5 से 10 साल की कड़ी सजा, कठोर जमानत शर्तों और दोषी पाए जाने पर संबंधित कोचिंग संस्थानों को बंद करने जैसे कठोर प्रावधानों वाले कानून का मसौदा तैयार करवाया जा रहा है।

# बीजापुर ने नम आंखों से दी विदाई: एसपी डॉ. जितेन्द्र यादव के ढाई साल के कार्यकाल को बताया 'स्वर्णिम अध्याय'

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बीजापुर, 27 जुलाई।** माओवादी प्रभावित बीजापुर को सुरक्षा, शांति और विकास की नई दिशा देने वाले पुलिस अधीक्षक डॉ. जितेन्द्र यादव को शुक्रवार को जिला प्रशासन ने भावभीनी विदाई दी। लगभग ढाई वर्षों के कार्यकाल में बीजापुर जैसे घोर नक्सल प्रभावित क्षेत्र को नक्सल मुक्त करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उनकी इस उपलब्धि को बीजापुर की जनता हमेशा याद रखेगी। वर्तमान में उनका स्थानांतरण कबीरधाम जिले के पुलिस अधीक्षक के रूप में हुआ है। जिला कार्यालय के इन्द्रावती सभाकक्ष में आयोजित गरिमामय समारोह में कलेक्टर विश्वदीप सहित प्रशासन, वन विभाग और विभिन्न विभागों के वरिष्ठ अधिकारियों ने उन्हें स्मृति-चिन्ह भेंट कर उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।



कलेक्टर विश्वदीप ने कहा कि लंबे समय तक माओवादी गतिविधियों से प्रभावित रहे बीजापुर में डॉ. यादव का कार्यकाल एक ÷स्वर्णिम अध्याय÷ के रूप में याद किया जाएगा। उन्होंने कहा कि पिछले ढाई वर्षों में पुलिस, जिला प्रशासन और सुरक्षा बलों के बेहतर समन्वय से जिले ने सुरक्षा, विकास और जनविश्वास के क्षेत्र में अभूतपूर्व उपलब्धियां हासिल की हैं। डॉ. यादव के नेतृत्व में कानून-व्यवस्था मजबूत हुई और आम नागरिकों में सुरक्षा का भरोसा बढ़ा।

उन्होंने कहा कि चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में भी डॉ. यादव ने धैर्य, संवेदनशीलता और दूरदर्शिता के साथ नेतृत्व किया। पुलिस और प्रशासन के बीच बेहतर तालमेल स्थापित कर उन्होंने विकास कार्यों के लिए अनुकूल वातावरण तैयार किया। कलेक्टर ने कबीरधाम में नई जिम्मेदारी के लिए उन्हें शुभकामनाएं देते हुए उनके स्वस्थ एवं सफल भविष्य की कामना की।

**बीजापुर हमेशा दिल में रहेगाः डॉ. जितेन्द्र यादव :** अपने विदाई संबोधन में डॉ. जितेन्द्र यादव भावुक नजर आए। उन्होंने कहा कि बीजापुर में बिताया गया समय उनके जीवन का सबसे महत्वपूर्ण और अविस्मरणीय अध्याय रहेगा। उन्होंने कहा कि जिले की उपलब्धियां किसी एक व्यक्ति की नहीं, बल्कि पुलिस, जिला प्रशासन, सुरक्षा बलों और सभी विभागों की सामूहिक टीम भावना का परिणाम हैं।

उन्होंने कहा कि कठिन परिस्थितियों और लगातार चुनौतियों के बावजूद सभी ने एकजुट होकर कार्य किया, जिससे जिले में शांति, विश्वास और विकास का नया माहौल बना। बीजापुर आगे भी विकास की इसी गति से आगे बढ़ता रहेगा।

**अधिकारियों ने किया नेतृत्व का सम्मान :** समारोह में इन्द्रावती टाइगर रिजर्व के उप संचालक संदीप बलगा, डीएफओ डॉ. जाधव सागर, जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी नम्रता चौबे, आईपीएस रविन्द्र मीणा, आईपीएस अमन कुमार झा, अपर कलेक्टर भूपेन्द्र अग्रवाल, संयुक्त कलेक्टर जागेश्वर कौशल, संयुक्त कलेक्टर उत्तम पंचारी, सीएमएचओ डॉ. बी.आर. पुजारी सहित वरिष्ठ अधिकारियों ने डॉ. यादव के साथ कार्य करने के अनुभव साझा किए। सभी ने उनकी कार्यशैली, अनुशासन, नेतृत्व क्षमता और टीम भावना की सराहना करते हुए कहा कि उनका योगदान लंबे समय तक याद रखा जाएगा। समारोह के अंत में उपस्थित अधिकारियों ने डॉ. जितेन्द्र यादव को स्मृति-चिन्ह भेंट कर उनके सफल एवं उज्ज्वल भविष्य की कामना की। भावनाओं, सम्मान और आत्मीयता से परिपूर्ण यह विदाई समारोह एक ऐसे अधिकारी के प्रति जिले की कृतज्ञता का प्रतीक बन गया, जिसने अपने साहस, समर्पण और नेतृत्व से बीजापुर के इतिहास में एक अमिट छाप छोड़ी।

# स्वास्थ्य विभाग में संलग्रीकरण वापसी के आदेश का नहीं हो रहा पालन

## संचालनालय से अटैचमेंट खत्म करने अप्रैल में आदेश हुआ था जारी

- ■ संलग्रीकरण (अटैचमेंट) वापसी आदेश के 4 माह बाद भी कई स्वास्थ्य कर्मचारी सालों से पुरानी पसंदीदा स्थानों पर ही जमे हुए हैं.
- ■ दूरस्थ स्वास्थ्य केंद्रों से स्वास्थ्य कर्मचारियों के जिला मुख्यालय या दूसरे स्वास्थ्य केंद्रों में संलग्र रहने से ग्रामीण इलाकों में स्वास्थ्य सेवाएं हो रही प्रभावित.
- ■ कई स्वास्थ्य कर्मचारी मूल पदस्थापना स्थान पर ज्वाइन तो कर लिए है बावजूद पुराने जगह पर ही बैठकर विभागीय कार्य निपटा रहे हैं।




**दंतेवाड़ा 27 जुलाई।** दंतेवाड़ा जिले के संदर्भ में एक बात कही जाती है कि जो भी सरकारी कर्मचारी एक बार इस जिले में पदस्थ हो जाता है तो फिर स्थानांतरण होने या संलग्रीकरण खत्म करने का आदेश वह अपनी कुर्सी छोड़कर यहां से कहीं अन्य स्थान पर जाने को तैयार नहीं होता। यह कहना बिलकुल भी गलत नहीं होगा क्योंकि हाल फिलहाल में ऐसे बहुतेरे मामले दंतेवाड़ा जिले में देखने को मिले हैं कि जब किसी कर्मचारी का स्थानांतरण आदेश हो जाता है या फिर शासन उनका अटैचमेंट खत्म कर वापसी का आदेश जारी करती है तो भी कर्मचारी शासन के आदेशों की अवहेलना करते हुए मनमर्जी से अपनी कुर्सी पर ही चिपके रहते हैं। ऐसा ही मामला वर्तमान में 2 विभागों में स्पष्ट तौर पर देखने सुनने को आया है। पहला शिक्षा विभाग और दुसरा स्वास्थ्य विभाग। इन दोनों विभागों में दशकों से संलग्रीकरण या कहें अटैचमेंट पर कार्यरत कर्मचारियों को शासन ने मूल पदस्थापना स्थान पर वापस जाने का आदेश महिनों पूर्व जारी किया था। शिक्षा विभाग में अटैचमेंट शिक्षकों को अपने मूल पदस्थापना स्थान पर जाने का आदेश मार्च-अपैल में जारी किया गया था बावजुद आज भी कई शिक्षक एवं मंडल संयोजक अपने मूल पदस्थापना स्कूल में वापस नहीं लौटे हैं जिसको लेकर आए दिन मीडिया में खबरें देखने को मिलती रहती है वहीं दुसरा मामला स्वास्थ्य विभाग का है यहां भी अप्रैल 2026 में शासन एवं संचालनालय स्तर से दंतेवाड़ा स्वास्थ्य विभाग में संलग्रीकरण को खत्म करते हुए स्वास्थ्य कर्मचारियों को अपने मूल पदस्थापना स्थान पर वापस लौटने का आदेश जारी हुआ था। 4 माह बीतने को हैं मगर आजपर्यत संलग्रीकरण के तहत दुसरे स्थानों पर सेवा दे रहे ज्यादातर कर्मचारी अपने मूल स्थान पर वापस नहीं लौटे हैं। इसे शासन की कमजारी कहें या फिर प्रशासन की अकर्मण्यता।

गौरतलब है कि छ0ग0 शासन के आदेशों की धज्जियां दंतेवाड़ा जिले के स्वास्थ्य विभाग में उड़ाई जा रही है। स्वास्थ्य विभाग में संलग्रीकरण अटैचमेंट वापसी के आदेशों का मैदानी स्तर पर पुरी तरह से पालन नहीं हो रहा है, जिससे ग्रामीण अस्पतालों में डॉक्टरों व कर्मचारियों की कमी बनी हुई है। बताते चलें कि दंतेवाड़ा जिले में प्रशासन इस मामले में सबसे ज्यादा ढीला रूख अपनाया हुआ है। दरअसल विभागीय अधिकारी चाहते ही नहीं कि संलग्रीकरण खत्म हो क्योंकि अधिकारियों को इस बात की चिंता नहीं की दुरस्थ गामीण अंचलों में शिक्षा या स्वास्थ्य सेवाएं इन कर्मचारियों के नहीं रहने से कितनी प्रभावित हो रही है बल्कि उन्हें चिन्ता इस बात की ज्यादा रहती है कि ये कर्मचारी अगर कार्यालय का कार्य छोड़ चले जाएंगे तो उनका विभागीय कार्य कौन सम्हालेगा? कौन वेतन निकालेगा? कौन फाईल निपटाएगा । यहां गांव व गरीब की चिंता किसे है। बताते चलें कि कई दशकों से स्वास्थ्य विभाग में कर्मचारी संलग्रीकरण पर सीएमएचओ कार्यालय के विभिन्न शाखाओं में जमे पडे हैं तो कोई जिला अस्पताल में बाबुगिरी कर रहा है। जिनका काम सामुदायिक एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में जाकर बीमार ग्रामीणों का ईलाज करना एवं दवाईयां बांटने का है वे कार्यालयों में बैठकर फाईल निपटा रहे हैं या फिर एकाउंट सेक्शन देख रहे हैं। ऐसी परिस्थितियों में ग्रामीण अंचलों में स्वास्थ्य सेवाएं प्रभावित होना लाजिमी है। इसे ठीक करने की नियत से ही शासन ने संलग्रीकरण को खत्म कर मूल पदस्थापना स्थान पर कर्मचारियों को वापस भेजने का आदेश जारी किया है। वहीं दुसरी ओर शासन के आदेशों को सीएमएचओ या सीएस तवज्जो नहीं दे रहे। दिखावे के तौर पर कुछ कर्मचारियों को उनके मूल पदस्थापना स्थान पर वापस भेजा गया है मगर यहां भी झोल है क्योंकि सुनने में तो आया है कि फलां कर्मचारी वापस अपने मूल स्थान पर जाकर ज्वाईन कर लिया है मगर उसके बाद भी वह पुराने स्थान पर ही बैठकर काम निपटा रहा है। सीएमएचओ कार्यालय में ऐसे कुछ मामले देखने को मिले हैं। निर्देशों के बाद भी समय पर रिलीविंग और मूल पदस्थापना पर वापसी न होने से प्रशासनिक अनुशासन कमजोर हो रहा है। इससे जिले की बदनामी भी हो रही है। जिला कार्यालयों में पदस्थ कर्मचारियों का हक भी मारा जा रहा है। काम कहीं पर और वेतन कहीं और से निकल रहा है ये सिस्टम अब पुरी तरह से बंद होना चाहिए। प्रशासनिक अधिकारियों की कमजोरी एवं लापरवाही के चलते ही संलग्रीकरण कर्मचारी अपने मूल स्थान पर वापस नहीं जा रहे क्योंकि इन्हें अधिकारियों का वर्दहस्त प्राप्त है। लोक सेवक होने के नाते शासन के आदेशों का अक्षरशः पालन सुनिश्चित कराना अधिकारियों का वैधानिक और प्रशासनिक कर्त्तव्य है।

> ‘ शासन का आदेश है कि कर्मचारियों का संलग्रीकरण समाप्त कर उन्हें वापस उनके मूल पदस्थापना स्थान में भेजा जाए। हमने आदेश का पालना करते हुए समस्त संलग्रीकरण कर्मचारियों को उनके मूल स्थान में भेजने का आदेश पूर्व में ही जारी कर दिया है। जो कर्मचारी अब तक मूल पदस्थापना में नहीं गए हैं हमने उनका वेतन भी रोका है और उन पर अनुशासनात्मक कारवाई के लिए फाईल भी उच्चाधिकारी को आगे बढ़ा दिया है। ’
>
> **अजय रामटेके,**
> सीएमएचओ, दंतेवाड़ा

## मंडेम में नया मोबाइल टॉवर लगने संचार व्यवस्था हुई बेहतर

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**बीजापुर 27 जुलाई।** भैरमगढ़ विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत मंडेम में नए मोबाइल नेटवर्क टॉवर का सफलतापूर्वक संचालन प्रारंभ हो गया है। लंबे समय से नेटवर्क की समस्या से जूझ रहे मंडेम एवं आसपास के ग्रामीणों के लिए यह किसी बड़ी सौगात से कम नहीं है। टॉवर चालू होने के साथ ही अब क्षेत्र में मोबाइल नेटवर्क और इंटरनेट सेवाएं पहले की तुलना में अधिक सुचारु रूप से उपलब्ध होने लगी हैं।

जिला मुख्यालय बीजापुर से लगभग 60 किलोमीटर दूर स्थित ग्राम पंचायत मंडेम, जिसका कुल क्षेत्रफल लगभग 2,168 हेक्टेयर है, अब डिजिटल कनेक्टिविटी की मुख्यधारा से जुड़ गया है। मोबाइल टॉवर की स्थापना से ग्रामीणों को संचार संबंधी समस्याओं से राहत मिलेगी और आधुनिक डिजिटल सेवाओं तक उनकी पहुंच आसान होगी।

अब ग्रामीणों को मोबाइल कॉल करने, वीडियो कॉल, ऑनलाइन पढ़ाई, डिजिटल बैंकिंग, यूपीआई भुगतान, सरकारी ऑनलाइन सेवाओं तथा आपातकालीन परिस्थितियों में संपर्क स्थापित करने में पहले जैसी परेशानियों का सामना नहीं करना पड़ेगा। नेटवर्क बेहतर होने से विद्यार्थियों, प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे युवाओं, किसानों एवं आम नागरिकों को विशेष लाभ मिलेगा।

मोबाइल नेटवर्क उपलब्ध होने से शासन की विभिन्न डिजिटल योजनाओं एवं ई-गवर्नेंस सेवाओं का लाभ भी ग्रामीणों तक तेजी से पहुंचेगा। स्वास्थ्य सेवाओं के लिए टेलीमेडिसिन, ऑनलाइन आवेदन, डिजिटल दस्तावेज़, बैंकिंग सुविधाएं तथा अन्य इंटरनेट आधारित सेवाओं का उपयोग अब अधिक सुगम हो सकेगा।

स्थानीय ग्रामीणों ने नए मोबाइल टॉवर के संचालन पर खुशी व्यक्त करते हुए कहा कि वर्षों से क्षेत्र में बेहतर नेटवर्क की आवश्यकता महसूस की जा रही थी। अब मोबाइल नेटवर्क उपलब्ध होने से गांव के लोगों का अपने परिजनों एवं बाहरी दुनिया से संपर्क मजबूत होगा तथा शिक्षा, रोजगार और विकास के नए अवसर भी खुलेंगे।

ग्राम पंचायत मंडेम में स्थापित यह मोबाइल टॉवर केवल संचार सुविधा तक सीमित नहीं है, बल्कि यह क्षेत्र के सामाजिक, शैक्षणिक एवं आर्थिक विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि माना जा रहा है। दूरस्थ वनांचल क्षेत्रों में डिजिटल पहुंच बढ़ाने की दिशा में यह पहल निश्चित रूप से ग्रामीणों के जीवन को अधिक सुविधाजनक और आधुनिक बनाने में अहम भूमिका निभाएगी।

## साई मंदिर में तीन दिवसीय गुरु पूर्णिमा महोत्सव 28 से 30 जुलाई तक



**जगदलपुर, 27 जुलाई ।** बस्तर जिला मुख्यालय के धरमपुरा मार्ग में स्थित साई बाबा मंदिर में गुरु पूर्णिमा महोत्सव को लेकर तैयारी शुरू हो गई है। 28 जुलाई से 30 जुलाई तक तीन दिवसीय गुरु पूर्णिमा महोत्सव में विशेष पूजा-अर्चना, अभिषेक, पालकी यात्रा, भजन संध्या, महाआरती, प्रसाद वितरण और पौधरोपण जैसे कार्यक्रम होंगे। महोत्सव के दौरान प्रतिदिन सुबह काकड़ आरती से कार्यक्रम की शुरुआत होगी। दिनभर दर्शन, पूजन और धार्मिक अनुष्ठान चलते रहेंगे। शाम को भजन संध्या एवं सांस्कृतिक प्रस्तुतियां होंगी। रात्रि में महाआरती के बाद प्रसाद वितरण किया जाएगा।

मंदिर समिति के अनुसार इस तीन दिवसीय महोत्सव की शुरुआत 28 जुलाई को सुबह काकड़ आरती, विशेष अभिषेक एवं गुरु पूजन से होगी। दोपहर को मंदिर से करीब 8 किमी की पालकी व कलश यात्रा निकलेगी। 29 जुलाई को दिनभर धार्मिक अनुष्ठान, भजन संध्या और महाआरती होगी। इससे पहले दोपहर की आरती के बाद महाभंडारा होगा। शाम को फूलों से अर्चना की जाएगी। 30 जुलाई को गुरु पूर्णिमा के मुख्य पर्व पर विशेष पूजन, हवन, महाआरती तथा प्रसाद वितरण के साथ सत्यनारायण कथा होगी। शाम को सुंदरकांड का पाठ होगा। रात 10 बजे शेजारती के बाद महोत्सव का समापन होगा। इस महोत्सव में पूजा-पाठ के लिए नागपुर से पांच पुजारियों को बुलाया गया है। मंदिर समिति ने इस वर्ष महोत्सव को सामाजिक सरोकारों से भी जोड़ा है। श्रद्धालुओं को प्रसाद के साथ पौधे दिए जाएंगे, पर्यावरण संरक्षण का संकल्प दिलाया जाएगा। समिति के सदस्यों ने बताया कि इस साल करीब तीन हजार पौधे बांटने का लक्ष्य रखा गया है। इसमें फलदार, फूल वाले और औषधीय पौधे शामिल हैं। ये पौधे श्रद्धालुओं को प्रसाद के रूप में दिए जाएंगे। आयोजन में महिला मंडल, युवा स्वयंसेवक और सामाजिक संस्थाएं व्यवस्था संभालेंगी।

### कड़ी सुरक्षा के बीच संपन्न हुई प्रयोगशाला परिचारक भर्ती परीक्षा, 52.78% अभ्यर्थी रहे उपस्थित

**जगदलपुर, 27 जुलाई। (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** छत्तीसगढ़ कर्मचारी चयन मंडल द्वारा आयोजित प्रयोगशाला परिचारक भर्ती परीक्षा रविवार 26 जुलाई को सुबह 10 बजे से दोपहर 12:15 बजे तक शांतिपूर्ण और सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न हुई। कलेक्टर श्री आकाश छिकारा के निर्देशों के तहत जिला प्रशासन द्वारा परीक्षा को पूर्णतः पारदर्शी और निष्पक्ष बनाने के लिए सुरक्षा और व्यवस्था के व्यापक प्रबंध किए गए थे।

## प्रदेश कोषालयीन शासकीय कर्मचारी संघ का प्रांतीय निर्वाचन 1 अगस्त को

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**जगदलपुर , 27 जुलाई ।** छत्तीसगढ़ प्रदेश कोषालयीन शासकीय कर्मचारी संघ के प्रांताध्यक्ष एवं प्रांतीय महामंत्री का निर्वाचन आगामी 1 अगस्त 2026 को बस्तर संभाग में आयोजित किया जाएगा। संघ के संभागीय अध्यक्ष भानु पटेल ने बताया कि 11 जुलाई 2026 को आयोजित प्रांतीय बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया था कि दोनों प्रमुख पदों का निर्वाचन पहले आम सहमति से कराने का प्रयास किया जाएगा। यदि सहमति नहीं बनती है तो चुनाव प्रक्रिया अपनाई जाएगी। निर्णय के अनुसार आमसभा एवं निर्वाचन 1 अगस्त 2026 को प्रातः 10 बजे उप संचालक, क्षेत्रीय महिला प्रशिक्षण संस्थान, महिला एवं बाल विकास विभाग, डीमरापाल (बस्तर) में आयोजित होगा। निर्वाचन प्रक्रिया के लिए राजेश कर्मा, सहायक संचालक, संभागीय शिक्षा कार्यालय को निर्वाचन अधिकारी नियुक्त किया गया है। उनके द्वारा निर्वाचन अधिसूचना भी जारी कर दी गई है। संघ ने प्रदेश के सभी कोषालयीन शासकीय कर्मचारियों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर निर्वाचन प्रक्रिया में भाग लेने की अपील की है।

## जिला कांग्रेस की बैठक में संगठन को और मजबूत,सक्रिय बनाने पर जोर

**जगदलपुर, 27 जुलाई। (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** शहर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष सुशील मौर्य ने राजीव भवन में जिला कांग्रेस कमेटी की महत्वपूर्ण संगठनात्मक बैठक आयोजित कर आगामी कार्ययोजना को लेकर विस्तृत चर्चा की। बैठक में जिला कार्यकारिणी के पदाधिकारी, समस्त विंग्स के अध्यक्षगण, ब्लॉक अध्यक्षगण, मंडल अध्यक्षगण सहित विभिन्न मोर्चा, प्रकोष्ठ एवं विभागों के अध्यक्षगण उपस्थित रहे। बैठक के दौरान संगठन को और अधिक मजबूत एवं सक्रिय बनाने, कांग्रेस की विचारधारा और नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने तथा आगामी दिनों में पार्टी द्वारा निर्धारित कार्यक्रमों एवं गतिविधियों को प्रभावी रूप से संचालित करने को लेकर विस्तारपूर्वक विचार-विमर्श किया गया।

# औद्योगिक नगर बैलाडीला में पशुपालन व्यवस्था पर उठे गंभीर सवाल

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**किरंदुल/बैलाडीला 27 जुलाई।** बैलाडीला के औद्योगिक नगर में पशुपालन व्यवस्था को लेकर आम नागरिकों की चिंताएँ लगातार बढ़ती जा रही हैं। नागरिकों, समाजसेवियों और बुद्धिजीवियों का मानना है कि पशुपालन संबंधी नियमों के प्रभावी पालन और निगरानी के अभाव में कॉलोनियों के भीतर व्यावसायिक स्तर पर पशुपालन तेजी से बढ़ा है, जिससे स्वच्छता, यातायात, सार्वजनिक सुरक्षा और स्वास्थ्य संबंधी अनेक समस्याएँ उत्पन्न हो रही हैं। लोगों ने अब इस विषय पर सख्त एवं प्रभावी कानून लागू करने की मांग की है।

### मुख्य बिंदु

कॉलोनियों के भीतर व्यावसायिक स्तर पर गाय, बैल, बकरी सहित अन्य पशुओं का पालन। खुले में छोड़े गए पशुओं से बगीचों, पौधों और निजी संपत्तियों को नुकसान। मुख्य सड़क, बाजार और भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में आवारा मवेशियों से दुर्घटना का खतरा। मल-मूत्र से फैल रही दुर्गंध और संक्रामक बीमारियों की आशंका। गोठानों के निर्माण के बावजूद आवारा पशुओं की समस्या बरकरार। प्रशासन, जनप्रतिनिधियों और संबंधित संस्थाओं से प्रभावी कार्रवाई की मांग। स्थानीय लोगों का कहना है कि कई पशुपालक कॉलोनियों के



भीतर ही गाय, बैल, बकरी एवं अन्य पशुओं का पालन कर व्यवसायिक लाभ अर्जित कर रहे हैं। आरोप है कि कुछ लोग पशुओं को चारा खिलाने के नाम पर पूरे दिन खुले में छोड़ देते हैं। ये पशु आसपास के घरों के बगीचों में घुसकर दुर्लभ पौधों, फूलों और फलदार वृक्षों को नुकसान पहुंचाते हैं, जिससे लोगों की मेहनत और आर्थिक क्षति होती है।

नागरिकों का यह भी कहना है कि जब तक गाय और बैल उपयोगी रहते हैं, तब तक उनकी देखभाल की जाती है, लेकिन अनुपयोगी होने पर उन्हें सड़कों पर छोड़ दिया जाता है। परिणामस्वरूप आवारा मवेशियों की संख्या लगातार बढ़ रही है। ये पशु मुख्य बाजार, स्कूलों, कॉलोनियों और व्यस्त मार्गों पर विचरण करते दिखाई देते हैं, जिससे सड़क दुर्घटनाओं का खतरा बना रहता है और राहगीरों को भी भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है।

स्वास्थ्य विशेषज्ञों और स्थानीय नागरिकों का कहना है कि रिहायशी क्षेत्रों में बड़ी संख्या में पशु रखने से मल-मूत्र की दुर्गंध फैलती है, जिससे मच्छर, मक्खियां और अन्य संक्रमण फैलाने वाले जीव पनपते हैं। इसका सबसे अधिक असर छोटे बच्चों, बुजुर्गों और कमजोर प्रतिरोधक क्षमता वाले लोगों पर पड़ सकता है। लोगों का मानना है कि यह केवल स्वच्छता का विषय नहीं, बल्कि एक गंभीर जनस्वास्थ्य का मुद्दा भी बन चुका है।

विडंबना यह भी है कि आवारा पशु स्वयं भी भूख, बीमारी और दुर्घटनाओं का शिकार हो रहे हैं। इससे पशु कल्याण और सार्वजनिक सुरक्षा–दोनों प्रभावित हो रहे हैं। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि इस विषय को लेकर कई बार समाचार पत्रों में खबरें प्रकाशित हुईं, लेकिन अब तक स्थायी समाधान सामने नहीं आया। लोगों ने याद दिलाया कि वर्षों पहले नगर पालिका एवं नगर पंचायत द्वारा प्रशासनिक मद से लाखों रुपये खर्च कर गोठानों का निर्माण कराया गया था, ताकि आवारा मवेशियों को सुरक्षित रखा जा सके। इसके बावजूद समस्या आज भी यथावत बनी हुई है।

समाजसेवियों और बुद्धिजीवियों ने नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि यदि कॉलोनियों के भीतर व्यावसायिक स्तर पर पशुपालन किया जा रहा है, तो उसके लिए स्पष्ट नियम, निर्धारित स्थान, नियमित निगरानी और जवाबदेही सुनिश्चित की जानी चाहिए। साथ ही, आवारा पशुओं के पुनर्वास, गोठानों के प्रभावी संचालन तथा पशु मालिकों की जिम्मेदारी तय करने के लिए ठोस कदम उठाए जाने चाहिए।

जनता के सवाल

बैलाडीला की जनता अब यह जानना चाहती है कि आखिर समाचारों में लगातार मुद्दा उठने के बावजूद जिम्मेदार विभाग, जनप्रतिनिधि और संबंधित संस्थाएं इस गंभीर समस्या के स्थायी समाधान की दिशा में कब प्रभावी कार्रवाई करेंगी क्या कॉलोनियों के बीच व्यावसायिक पशुपालन करने वालों पर नियमानुसार कार्रवाई होगी क्या आवारा मवेशियों को गोठानों तक पहुंचाने और सार्वजनिक सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए विशेष अभियान चलाया जाएगा

बैलाडीला के नागरिकों का स्पष्ट कहना है कि यह केवल पशुपालन का मामला नहीं, बल्कि जनस्वास्थ्य, पर्यावरण, यातायात सुरक्षा और नागरिक सुविधाओं से जुड़ा गंभीर विषय है। समय रहते ठोस और प्रभावी कदम नहीं उठाए गए, तो आने वाले समय में यह समस्या और भी विकराल रूप धारण कर सकती है।

# जिले से अब तक 1524 लोगों ने किए अयोध्या में राम लला के दर्शन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**रायगढ़, 27 जुलाई।** छत्तीसगढ़ शासन की महत्वाकांक्षी श्री रामलला दर्शन योजना प्रदेश के श्रद्धालुओं के लिए केवल एक यात्रा योजना नहीं, बल्कि वर्षों से संजोए गए धार्मिक सपनों को साकार करने का सशक्त माध्यम बनकर उभर रही है। मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में संचालित इस योजना के माध्यम से आर्थिक, सामाजिक अथवा अन्य कारणों से अयोध्या धाम नहीं पहुंच पाने वाले नागरिकों को निःशुल्क प्रभु श्रीराम की जन्मभूमि और काशी विश्वनाथ की धरती के दर्शन का अवसर उपलब्ध कराया जा रहा है।

रायगढ़ जिले में इस योजना का प्रभाव अत्यंत सकारात्मक और व्यापक रूप से देखने को मिला है। जिला प्रशासन द्वारा उपलब्ध कराए गए आंकड़ों के अनुसार अब तक जिले से 15 जत्थों में कुल 1,524 श्रद्धालु अयोध्या धाम के दर्शन के लिए रवाना किए जा चुके हैं। इनमें 1,137 ग्रामीण तथा 387 शहरी श्रद्धालु शामिल हैं। इस योजना का सबसे अधिक लाभ ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों तक पहुंचा है।




कुल यात्रियों में लगभग 75 प्रतिशत ग्रामीण और 25 प्रतिशत शहरी श्रद्धालु रहे हैं, जो इस बात का प्रमाण है कि शासन की यह पहल समाज के उस वर्ग तक प्रभावी ढंग से पहुंच रही है, जिसके लिए अयोध्या की यात्रा पहले आसान नहीं थी।

रायगढ़ जिले से रवाना होने वाले प्रत्येक जत्थे में श्रद्धालुओं का उत्साह देखते ही बनता है। जय श्रीराम के उद्घोष के साथ श्रद्धालु भाव-विभोर होकर यात्रा प्रारंभ करते हैं। अनेक श्रद्धालु इसे अपने जीवन का सबसे बड़ा आध्यात्मिक अवसर बताते हुए मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय और राज्य शासन के प्रति आभार व्यक्त करते हैं। कई श्रद्धालुओं का कहना है कि बचपन से रामायण में श्रीराम जन्मभूमि की कथा सुनते आए थे, लेकिन कभी यह कल्पना नहीं की थी कि उन्हें स्वयं अयोध्या जाकर रामलला के दर्शन का सौभाग्य मिलेगा।

### ग्रामीण अंचलों में सबसे अधिक प्रभाव, हर जत्थे के साथ बढ़ रहा उत्साह

योजना की सबसे उल्लेखनीय उपलब्धि यह है कि इसका लाभ बड़ी संख्या में ग्रामीण परिवारों तक पहुंचा है। अब तक यात्रा कर चुके 1,137 ग्रामीण श्रद्धालु इस बात के साक्षी हैं कि शासन की यह पहल गांव-गांव तक पहुंच रही है। जिन परिवारों के लिए आर्थिक परिस्थितियों के कारण अयोध्या जाना संभव नहीं था, उन्हें अब निःशुल्क यात्रा की सुविधा उपलब्ध हो रही है। रायगढ़ जिले में अब तक आयोजित यात्राओं में अधिकांश जत्थों में 110 से 112 श्रद्धालु शामिल रहे। कई बार सभी 112 सीटें पूर्ण रूप से भरी गईं, जो योजना के प्रति लोगों के बढ़ते विश्वास और उत्साह को दर्शाता है। शहरी क्षेत्रों से भी इस योजना को अच्छा प्रतिसाद मिला है। अब तक 387 शहरी श्रद्धालु इस योजना का लाभ लेकर अयोध्या धाम पहुंच चुके हैं। प्रत्येक जत्थे में औसतन 28 शहरी यात्रियों की सहभागिता रही, जिससे स्पष्ट है कि योजना समाज के सभी वर्गों तक समान रूप से पहुंच रही है।

### सुरक्षित, व्यवस्थित और जनहितकारी यात्रा प्रबंधन बना योजना की सफलता का आधार

रामलला दर्शन योजना की सफलता का एक महत्वपूर्ण पक्ष इसका सुव्यवस्थित संचालन भी है। रायगढ़ से श्रद्धालुओं को बसों के माध्यम से बिलासपुर रेलवे स्टेशन तक पहुंचाया जाता है, जहां से वे विशेष ट्रेन द्वारा अयोध्या धाम के लिए रवाना होते हैं। संपूर्ण यात्रा के दौरान जिला प्रशासन की ओर से अधिकारियों एवं कर्मचारियों की टीम श्रद्धालुओं के साथ रहती है, जिससे उन्हें यात्रा के दौरान किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। रायगढ़ जिले से हाल ही में 112 श्रद्धालुओं का 16वां जत्था भी अयोध्या धाम के लिए रवाना हुआ। रवाना होने के दौरान श्रद्धालुओं के चेहरों पर प्रसन्नता, श्रद्धा और भावुकता का अद्भुत संगम देखने को मिला। जय श्रीराम के जयघोष से पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठा। श्री रामलला दर्शन योजना आज रायगढ़ जिले में सामाजिक समरसता, धार्मिक आस्था और जनकल्याण का सशक्त उदाहरण बन चुकी है। मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय की इस दूरदर्शी पहल ने हजारों श्रद्धालुओं को निःशुल्क अयोध्या धाम के दर्शन का अवसर देकर उनके जीवन में अविस्मरणीय आध्यात्मिक अनुभव जोड़ा है। लगातार बढ़ती भागीदारी इस बात का संकेत है कि आने वाले समय में यह योजना और अधिक लोगों के लिए आस्था एवं विश्वास की नई राह खोलती रहेगी।

## एक नजर

### करेले की खेती से किसान ताराचंद ठाकुर की आर्थिक स्थिति सुधरी

**महासमुन्द, 27 जुलाई।** जिले के विकासखंड पिथौरा के ग्राम कसहीबाहरा के प्रगतिशील किसान श्री ताराचंद ठाकुर ने खेती में आधुनिक तकनीक और वैज्ञानिक सोच को अपनाकर कम भूमि से भी बेहतर आय अर्जित की है। पहले वे परंपरागत रूप से धान की खेती करते थे, लेकिन बढ़ती लागत और अपेक्षाकृत कम आय के कारण उनकी आर्थिक स्थिति में अपेक्षित सुधार नहीं हो पा रहा था।कृषक श्री ठाकुर ने अपनी आय बढ़ाने और खेती को लाभकारी बनाने के लिए उद्यानिकी विभाग से संपर्क किया। विभाग के मार्गदर्शन में वर्ष 2025-26 में राष्ट्रीय बागवानी मिशन के अंतर्गत सब्जी क्षेत्र विस्तार (करेला) योजना का लाभ प्राप्त किया। उन्होंने लगभग 1.00 हेक्टेयर क्षेत्र में ड्रिप सिंचाई एवं मल्चिंग जैसी आधुनिक तकनीकों का उपयोग करते हुए उन्नत विधि से करेला की खेती शुरू की। योजना के तहत उन्हें 24,000 की अनुदान राशि डीबीटी के माध्यम से उनके बैंक खाते में प्रदान की गई। आधुनिक तकनीक अपनाने से सिंचाई जल की बचत हुई, खरपतवार नियंत्रण में आसानी हुई तथा फसल की गुणवत्ता और उत्पादन दोनों में उल्लेखनीय वृद्धि हुई।किसान श्री ताराचंद ठाकुर बताते है कि पहले उन्हें धान की खेती से सीमित लाभ मिलता था, वहीं करेला की खेती ने उनकी आय में कई गुना वृद्धि कर दी। करेला की खेती से लगभग 100 क्विंटल उत्पादन प्राप्त हुआ। बाजार में बेहतर मूल्य मिलने से उन्हें लगभग डेढ़ लाख तक की आय अर्जित हुई, जिससे उनकी आर्थिक स्थिति मजबूत हुई।

### सामान्य सभा की बैठक 31 जुलाई को

**महासमुंद 27 जुलाई।** जिला पंचायत महासमुंद के सामान्य सभा की बैठक जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती मोंगरा पटेल की अध्यक्षता में 31 जुलाई को दोपहर 12:00 बजे से जिला पंचायत सभाकक्ष में आयोजित किया जाएगा। बैठक में शिक्षा विभाग, कृषि विभाग, सहकारिता विभाग, वन विभाग, महिला एवं बाल विकास, लोक निर्माण विभाग, ग्रामीण यांत्रिकी विभाग, स्वास्थ्य विभाग, जल संसाधन, समाज कल्याण, विद्युत, पशुपालन, मत्स्य, समग्र शिक्षा विभाग एवं प्रधानमंत्री ग्राम सड़क विभाग से संबंधित एवं अन्य विषय पर चर्चा की जाएगी। सभी संबंधित विभागों को निर्देशित किया गया है कि वे बैठक में अपने विभाग की अद्यतन जानकारी के साथ अनिवार्य रूप से उपस्थित रहें।

### जिले में अब तक 565.0 मिलीमीटर औसत वर्षा

**महासमुंद 27 जुलाई।** महासमुंद जिले में चालू मानसून के दौरान 01 जून 2026 से अब तक 565.0 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है। भू-अभिलेख से मिली जानकारी के अनुसार जिले में सर्वाधिक औसत वर्षा सरायपाली तहसील में 775.4 मिलीमीटर दर्ज की गई। वहीं अन्य तहसीलों में जिसमें पिथौरा में 712.8 मिलीमीटर, बसना में 632.8 मिलीमीटर, महासमुंद में 459.7 मिलीमीटर, बागबाहरा में 423.9 मिलीमीटर और सबसे कम वर्षा 385.5 मिलीमीटर कोमाखान तहसील में दर्ज की गई।

आज 27 जुलाई को 37.3 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई। जिले के तहसीलवार वर्षा में पिथौरा तहसील में 66.7 मिलीमीटर, सरायपाली में 62.3 मिलीमीटर, बसना में 48.5 मिलीमीटर, कोमाखान में 24.0 मिलीमीटर, बागबाहरा तहसील में 15.3 मिलीमीटर एवं महासमुंद तहसील में 7.5 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई।

# उच्च न्यायालय के न्यायाधीश एवं पोर्टफोलियो जज जस्टिस सचिन सिंह राजपूत ने किया न्यायालयों और जिला जेल का निरीक्षण



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**रायगढ़, 27 जुलाई।** उच्च न्यायालय छत्तीसगढ़, बिलासपुर के न्यायाधीश एवं रायगढ़ जिले के पोर्टफोलियो जज श्री जस्टिस सचिन सिंह राजपूत द्वारा 25 एवं 26 जुलाई 2026 को रायगढ़ जिले के विभिन्न न्यायालयों तथा जिला जेल का वार्षिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने न्यायालयीन व्यवस्थाओं, न्यायिक कार्यप्रणाली, आधारभूत सुविधाओं और प्रशासनिक व्यवस्थाओं का बारीकी से अवलोकन किया। साथ ही न्यायिक अधिकारियों, अधिवक्ताओं, न्यायालयीन कर्मचारियों, पक्षकारों तथा जेल में निरुद्ध बंदियों से संवाद कर उनकी समस्याओं एवं आवश्यकताओं की जानकारी ली।

जिला एवं सत्र न्यायालय सहित घरघोड़ा और खरसिया न्यायालय का किया निरीक्षण

25 जुलाई को न्यायाधिपति श्री जस्टिस सचिन सिंह राजपूत ने जिला एवं सत्र न्यायालय रायगढ़, बाह्य न्यायालय घरघोड़ा तथा बाह्य न्यायालय खरसिया का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने न्यायालयों की कार्यप्रणाली, न्यायालयीन अभिलेखों के संधारण, आधारभूत संरचना, न्यायिक प्रशासन तथा विभिन्न न्यायालयीन व्यवस्थाओं का विस्तृत अवलोकन किया। निरीक्षण के दौरान न्यायाधिपति ने न्यायिक अधिकारियों एवं न्यायालयीन कर्मचारियों से न्यायिक प्रकरणों के निराकरण, अभिलेखों के रख-रखाव तथा न्यायालयीन कार्यों के सुचारू संचालन के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने अधिवक्तागण एवं न्यायालय में उपस्थित पक्षकारों से भी सौहार्दपूर्ण वातावरण में संवाद किया तथा उनकी समस्याओं, सुझावों और आवश्यकताओं को जाना। उन्होंने न्यायिक कार्यों के त्वरित, प्रभावी एवं गुणवत्तापूर्ण निष्पादन पर विशेष जोर देते हुए न्यायालयीन प्रशासन में दक्षता बढ़ाने तथा न्यायिक सेवाओं को आम नागरिकों के लिए अधिक सुगम, सरल एवं जनोन्मुखी बनाने के संबंध में आवश्यक मार्गदर्शन एवं निर्देश दिए। उन्होंने न्यायालयों में उपलब्ध संसाधनों के बेहतर उपयोग तथा व्यवस्थाओं को और अधिक प्रभावी बनाने की दिशा में भी आवश्यक सुझाव दिए।

### जिला जेल में बंदियों से किया संवाद, भोजन की गुणवत्ता जांचने स्वयं ग्रहण किया भोजन



26 जुलाई को न्यायाधिपति श्री जस्टिस सचिन सिंह राजपूत ने जिला जेल, रायगढ़ का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने जेल परिसर की विभिन्न व्यवस्थाओं का विस्तृत निरीक्षण करते हुए बंदियों को उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं की जानकारी ली। न्यायाधिपति ने बंदियों के स्वास्थ्य, भोजन, स्वच्छता, आवास, चिकित्सा सुविधाओं सहित अन्य मूलभूत व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने निरुद्ध बंदियों से सीधे संवाद कर उनकी समस्याओं एवं आवश्यकताओं की जानकारी प्राप्त की और उनके समुचित एवं त्वरित निराकरण के लिए जेल प्रशासन को आवश्यक निर्देश दिए।निरीक्षण के दौरान उन्होंने बंदियों के लिए तैयार किए गए भोजन की गुणवत्ता का भी जायजा लिया। भोजन की गुणवत्ता एवं निर्धारित मापदंडों की जांच के लिए न्यायाधिपति ने स्वयं बंदियों के लिए तैयार भोजन ग्रहण किया। इस दौरान उन्होंने भोजन की गुणवत्ता, स्वच्छता एवं उपलब्धता के संबंध में आवश्यक जानकारी ली और जेल प्रशासन को बंदियों को गुणवत्तापूर्ण एवं पौष्टिक भोजन उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। न्यायाधिपति का यह वार्षिक निरीक्षण न्यायिक प्रशासन को अधिक प्रभावी एवं उत्तरदायी बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण रहा। निरीक्षण के माध्यम से जहां न्यायालयीन कार्यप्रणाली एवं प्रशासनिक व्यवस्थाओं को बेहतर बनाने पर जोर दिया गया, वहीं जिला जेल में निरुद्ध बंदियों के संवैधानिक एवं विधिक अधिकारों, स्वास्थ्य, गरिमापूर्ण जीवन तथा मूलभूत सुविधाओं के संरक्षण को भी प्राथमिकता दी गई।

### बस्तर के हजारों युवाओं ने थामा भाजयुमो का दामन

**जगदलपुर,27 जुलाई।** भारतीय जनता युवा मोर्चा के ज्वाइन भाजयुमो अभियान के अंतर्गत रविवार को जगदलपुर के आड़ावाल में आयोजित भव्य कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष अभिलाष यादव के नेतृत्व में बस्तर जिले के तेरह मंडल के एक हजार से अधिक युवाओं ने भारतीय जनता युवा मोर्चा की सदस्यता ग्रहण की। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में युवाओं की उपस्थिति ने भाजपा और भाजयुमो के प्रति युवाओं के बढ़ते विश्वास को प्रदर्शित किया।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं जगदलपुर विधायक किरण सिंह देव ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी युवाओं को राष्ट्र निर्माण का सबसे सशक्त माध्यम मानती है। भाजपा युवा मोर्चा के माध्यम से युवाओं को नेतृत्व, सेवा और जनहित के कार्यों से जोड़कर विकसित भारत के संकल्प को साकार किया जा रहा है। उन्होंने नवयुवाओं से संगठन की विचारधारा को समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने का आह्वान किया।

# जशपुर में 26वीं राज्य स्तरीय शालेय हॉकी प्रतियोगिता का भव्य शुभारंभ




**जशपुर, 27 जुलाई।** छत्तीसगढ़ शासन के स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित 26वीं राज्य स्तरीय शालेय हॉकी प्रतियोगिता का शुभारंभ रविवार को जशपुर के अंतरराष्ट्रीय स्तर के एस्ट्रोटर्फ हॉकी स्टेडियम में भव्य समारोह के साथ हुआ। यह प्रतियोगिता 26 से 29 जुलाई 2026 तक आयोजित की जाएगी, जिसमें प्रदेश के पांचों संभागों के प्रतिभाशाली खिलाड़ी अपनी खेल प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे।

प्रतियोगिता का शुभारंभ जशपुर विधायक श्रीमती रायमुनी भगत ने ध्वजारोहण कर तथा विभिन्न टीमों की सलामी लेकर किया। प्रतियोगिता में पांच संभागीय मुख्यालयों से 160 बालक एवं 80 बालिकाओं सहित कुल 240 खिलाड़ी भाग ले रहे हैं। इनके साथ 35 से अधिक कोच एवं मैनेजर भी उपस्थित हैं।इस अवसर पर विधायक श्रीमती रायमुनी भगत ने खिलाड़ियों को शुभकामनाएं देते हुए खेल भावना, अनुशासन और उत्कृष्ट प्रदर्शन के साथ अपने जिले एवं राज्य का नाम राष्ट्रीय स्तर पर गौरवान्वित करने का आह्वान कियनगर पालिका अध्यक्ष श्री अरविंद भगत ने कहा कि जशपुर के लिए यह गर्व का विषय है कि लगातार दूसरे वर्ष राज्य स्तरीय शालेय हॉकी प्रतियोगिता की मेजबानी का अवसर मिला है। उन्होंने बताया कि पिछले वर्ष भी 25वीं राज्य स्तरीय प्रतियोगिता का सफल आयोजन किया गया था। जशपुर में विकसित आधुनिक एस्ट्रोटर्फ हॉकी मैदान खिलाड़ियों को उच्च स्तरीय प्रशिक्षण और प्रतियोगिताओं के लिए बेहतर सुविधाएं उपलब्ध करा रहा है, जिससे जिले में हॉकी खेल को नई पहचान मिल रही है।उद्घाटन समारोह में नगर पालिका परिषद जशपुर के अध्यक्ष श्री अरविंद भगत, उपाध्यक्ष श्री यशप्रताप सिंह जूदेव सहित अनेक जनप्रतिनिधि, अधिकारी कर्मचारी, स्कूली बच्चे एवं गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

# जिला ग्रंथालय संचालन के लिए कलेक्टर ने ली बैठक

**महासमुंद 27 जुलाई।** महासमुंद नगर में जल्द ही जिला ग्रंथालय खुलने का सपना साकार होगा। लगभग 6 करोड़ की लागत से बने इस सर्वसुविधायुक्त भवन बनकर तैयार है। प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी में जुटे हजारों विद्यार्थियों के लिए यह सुनहरा अवसर प्रदान करेगा। इस संबंध में कलेक्टर श्री विनय कुमार लंगेह ने आज केन्द्रीय ग्रंथालय संचालन के लिए ग्रंथालय समिति की आवश्यक बैठक ली।

बैठक में उन्होंने ग्रंथालय की बेहतर संचालन के लिए समिति सदस्यों से सुझाव आमंत्रित किए। उन्होंने कहा कि जिले में बड़ी संख्या में युवा प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी में जुटते हैं। इस उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए केन्द्रीय ग्रंथालय का संचालन किया जाएगा। ताकि उन्हें बेहतर से बेहतर सुविधाएं मिल सकें। संचालन के लिए शासकीय दिशा-निर्देशों के अनुरूप एवं अन्य जनभागीदारी मॉडल पर भी विचार किया गया। इसके अलावा ग्रंथालय के लिए मानव संसाधन की आवश्यकता का आंकलन किया गया तथा उनकी पूर्ति हेतु संसाधनों की समीक्षा की गई। कलेक्टर श्री लंगेह ने कहा कि जिला ग्रंथालय का संचालन महत्वपूर्ण दायित्व है, जिसे 15 अगस्त तक संचालन किया जाना उचित होगा, जिससे विद्यार्थियों को जल्द से जल्द इसका लाभ मिल सके। बैठक में अन्य आवश्यक प्रक्रियाओं को तीन दिवस के भीतर पूर्ण करने के निर्देश दिए गए। बैठक में अपर कलेक्टर श्री रवि साहू, शिक्षा विभाग, वित्त, हाऊसिंग बोर्ड, नगर पालिका एवं पंजीयन विभाग के जिला अधिकारी मौजूद थे। उल्लेखनीय है कि नगर के कचहरी के पास 3328.20 वर्ग मीटर क्षेत्र में 6.66 करोड़ की लागत से 500 सीटर जिला ग्रंथालय का निर्माण किया गया है। लाइब्रेरी का निर्माण कार्य अक्टूबर 2023 से प्रारम्भ हुआ है। जिला लाइब्रेरी को पाठकों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए सर्वसुविधायुक्त बनाया गया है। जिसमें ई-लाइब्रेरी, अध्ययन कक्ष सहित अन्य सर्वसुविधायुक्त कक्ष निर्माण किया गया है। प्रथम तल में ओपन कैफेटेरिया की भी सुविधा होगी। इसके अलावा सामान्य जन एवं दिव्यांगों के लिए शौचालय का निर्माण दोनों तलों में किया गया है। प्रथम तल में 13 व्यवसायी कॉम्प्लेक्स का निर्माण भी किया गया है।

# पुलिस ने सुबह तक चलाया जांच अभियान,कई गिरफ्तार

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**दुर्ग, 27 जुलाई।** दुर्ग पुलिस ने आज भोर होने से पहले खुर्सीपार और जामुल थाना क्षेत्र में चेकिंग अभियान चलाया। इस अभियान में पुलिस के लगभग 50 अधिकारी - कर्मचारियों की मौजूदगी रही। इस दौरान अवैध शराब जप्त करने के साथ वारंटियों की धरपकड़ एवं संवेदनशील क्षेत्रों रहने वाले में संदिग्ध लोगों व्यापक सत्यापन किया गया दुर्ग डीआईजी विजय अग्रवाल के आदेशानुसार प्रातः 4 बजे से 8 बजे तक थाना खुर्सीपार एवं जामुल क्षेत्र में 50 अधिकारी-कर्मचारियों द्वारा विशेष चेकिंग अभियान संचालित कर संवेदनशील क्षेत्रों में सघन तलाशी एवं सत्यापन किया गया। थाना खुर्सीपार क्षेत्र की देवार बस्ती में



कार्रवाई के दौरान एक व्यक्ति के कब्जे से 34 पौवा अवैध शराब जप्त कर उसके विरुद्ध छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम की धारा 34(2) के तहत अपराध पंजीबद्ध कर वैधानिक कार्रवाई की गई।अभियान के दौरान कुल 02 स्थायी वारंट एवं 05 गिरफ्तारी वारंटों का तामील किया गया तथा एक गिरफ्तारी वारंटी की मृत्यु होने पर नियमानुसार उसका मृत्यु प्रमाण-पत्र प्राप्त किया गया।नालंदा परिसर के पीछे स्थित अटल आवास सहित संवेदनशील क्षेत्रों में निवासरत व्यक्तियों का सत्यापन, संदिग्ध व्यक्तियों की जांच एवं अपराध नियंत्रण की दृष्टि से व्यापक चेकिंग की गई अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ( शहर ) शोभराज अग्रवाल के मुताबिक अभियान का उद्देश्य वारंटियों की धरपकड़, अवैध गतिविधियों पर नियंत्रण, संदिग्ध व्यक्तियों का सत्यापन तथा कानून-व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ करना था। इस विशेष अभियान में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शहर शोभराज अग्रवाल के पर्यवेक्षण में भिलाई नगर सीएसपी सत्यप्रकाश तिवारी, छावनी सीएसपी प्रशांत पैकरा, खुर्सीपार टीआई लक्ष्मण केंवट, जामुल टीआई राकेश चंद्रवंशी, नेवई टीआई अनिल पटेल, भट्टी टीआई प्रकाश कांत, एसीसीयू निरीक्षक यातायात शाखा, रक्षित केंद्र तथा दोनों थाना क्षेत्रों के कुल 50 अधिकारी एवं कर्मचारियों द्वारा समन्वित एवं प्रभावी कार्रवाई की गई

# विवाद में प्राणघातक हमला करने वाले 5 लोग गिरफ्तार



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई, 27 जुलाई।** भिलाई जमीन की खरीदी-बिक्री के हिसाब किताब को लेकर हुए विवाद में आरोपियों ने पूर्व नियोजित तरीके से प्राणघातक हमला कर गंभीर चोट पहुंचाने वाले मामले में मोहन नगर थाने पुलिस ने घटना के 24 घंटे के भीतर लिस्टेड बदमाश समेत 5 आरोपियों को गिरफ्तार कर घटना में प्रयुक्त वाहन एवं धारदार हथियार बरामद किया है। प्रकरण में 02 अन्य आरोपी फरार हैं। जिनकी तलाश जारी है मोहन नगर पुलिस ने बताया कि 25 जुलाई की दोपहर लगभग 12 बजे प्रार्थी विनय कुमार सिंह अपने जीजा नरेंद्र सिंह एवं साथी रूपेश यादव के साथ देवभूमि लेआउट स्थित कार्यालय में जमीन की खरीदी.बिक्री के हिसाब.किताब के संबंध में पहुंचे थे वहां पूर्व से मौजूद आरोपीगण ने विवाद के दौरान गाली.गलौज करते हुए जान से मारने की नियत से प्रार्थी पक्ष पर हमला कर दिया। आरोपी विजय मेनन एवं उसके साथियों द्वारा धारदार हथियार तथा हाथ-मुक्कों से किए गए हमले में नरेंद्र सिंह सहित अन्य व्यक्तियों को गंभीर चोटें आईंए जिससे नरेंद्र सिंह बेहोश होकर गिर गए। प्रार्थी की रिपोर्ट पर थाना मोहन नगर में अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया विवेचना के दौरान पुलिस टीम ने कार्रवाई करते हुए घटना के महज 24 घंटे के भीतर 05 आरोपियों विक्की सिंह ;41 साल निवासी सुपेलाए रंजीत कुमार सिंह 43 वर्ष निवासी हुडको रोशन लाल साहू 44 साल निवासी गौरा चौक थाना मोहन नगर पप्पू कुमार सिंह 39 साल निवासी सेक्टर.7 व विजय मेनन 40 साल निवासी हाउसिंग बोड को गिरफ्तार किया है। विवेचना के दौरान प्रकरण में पूर्व नियोजित षड्यंत्र एवं सामूहिक अपराध से संबंधित साक्ष्य प्राप्त होने पर भारतीय न्याय संहिता बीएनएस की धाराएं 109, 1152, 29(6)351.(3) 61(2) एवं 111 के तहत कार्रवाई की है।

# दोस्तों के साथ पिकनिक मनाने गए युवक की डूबने से मौत



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई, 27 जुलाई।** भिलाई अमलेश्वर थान क्षेत्र के ग्राम जमराव स्थित खारून नदी में पिकनिक मनाने गए 12 दोस्तों में से एक युवक की नदी में डूबने से मौत हो गई करीब 16 घंटे तक चले रेस्क्यू अभियान के बाद? एसडीआरएफ ने सोमवार सुबह युवक का शव बरामद कर पुलिस को सौंप दिया पिकनिक मानने गए थे युवक जानकारी के अनुसार, 26 जुलाई की शाम करीब 5:30 बजे रायपुर निवासी ( 22 साल ) टोमेश ध्रुव अपने 11 दोस्तों के साथ ग्राम जमराव स्थित खारून नदी में पिकनिक मनाने गया था। नहाने के दौरान वह तेज बहाव की चपेट में आकर नदी में बह गया। घटना की सूचना मिलते ही कंट्रोल रूम के माध्यम से एसडीआरएफ की टीम मौके पर पहुंची और खोज अभियान शुरू किया 16 घंटे चला रेस्क्यू अभियान को अंधेरा होने के कारण रात में रोकना पड़ा सोमवार सुबह 5 बजे टीम ने दोबारा तलाश शुरू की सुबह करीब 9:05 बजे एसडीआरएफ के डीप डाइविंग एक्सपर्ट राजकुमार यादव और चंद्रप्रताप जंघेल ने तेज बहाव के बीच गहन गोताखोरी कर युवक का शव बरामद किया रेस्क्यू अभियान प्रभारी ईश्वर खरे के नेतृत्व में संचालित किया गया मृतक की पहचान टोमेश ध्रुव (22 साल ), पिता चुन्नूलाल ध्रुव, निवासी देवपुरी कमल विहार, रायपुर के रूप में हुई है। शव को आवश्यक कार्रवाई के लिए अमलेश्वर पुलिस को सौंप दिया गया है अमलेश्वर थाने पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### प्रधानमंत्री आवास योजना से साकार हो रहा लाखों परिवारों का अपने घर का सपना

**जशपुर, 27 जुलाई।** प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी की महत्वाकांक्षी प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) प्रदेश के हजारों जरूरतमंद परिवारों के लिए नई उम्मीद बनकर उभरी है। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में योजना का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जा रहा है, जिसके परिणामस्वरूप गरीब और वंचित परिवारों का वर्षों पुराना पक्के घर का सपना साकार हो रहा है। यह योजना केवल आवास उपलब्ध कराने तक सीमित नहीं है, बल्कि लोगों को सुरक्षित, सम्मानजनक और बेहतर जीवन की नई शुरुआत भी दे रही है।जशपुर जिले के फरसाबहार विकासखंड अंतर्गत तपकरा निवासी फूलमती ठाकुर की कहानी इस परिवर्तन की सशक्त मिसाल है। कभी उनका परिवार कच्चे मकान में रहने को विवश था। बरसात के दिनों में टपकती छत, भीगता सामान और असुरक्षित माहौल उनके जीवन की रोजमर्रा की चुनौती थी। हर वर्ष बारिश का मौसम नई परेशानियां लेकर आता था।प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के तहत उन्हें पक्का आवास स्वीकृत हुआ। शासन से मिली सहायता के माध्यम से उन्होंने अपना नया घर बनाया। आज उनका परिवार सुरक्षित वातावरण में सम्मानपूर्वक जीवन व्यतीत कर रहा है। पक्का मकान मिलने से न केवल रहने की चिंता समाप्त हुई है।

## एक नजर

### ई-20 ईंधन को लेकर वाहन मालिकों की शंकाओं को नज़रअंदाज़ नहीं किया जा सकता : इदरीस गांधी

**रायपुर, 27 जुलाई ।** छत्तीसगढ़ उर्दू अकादमी के अध्यक्ष इदरीस गांधी ने कहा है कि श्20 ईंधन नीति को लेकर छत्तीसगढ़ के अनेक वाहन मालिकों के मन में विभिन्न प्रकार की शंकाएं हैं। किसी भी नई नीति के साथ आम नागरिकों को स्पष्ट, सरल और तथ्यपरक जानकारी उपलब्ध कराना भी उतना ही आवश्यक है। उन्होंने कहा कि वाहन मालिकों को यह जानकारी आसानी से मिलनी चाहिए कि उनकी गाड़ी श्20 ईंधन के लिए उपयुक्त है या नहीं तथा इसका इंजन, माइलेज और रखरखाव पर क्या प्रभाव पड़ सकता है। श्20 ईंधन को लेकर माइलेज में कमी और रखरखाव खर्च बढ़ने जैसी आशंकाओं को भी सरकार को गंभीरता से लेते हुए तथ्यों के आधार पर स्पष्ट करना चाहिए। इदरीस गांधी ने राज्य सरकार से मांग की कि परिवहन विभाग और जनसंपर्क विभाग के माध्यम से श्20 ईंधन के संबंध में व्यापक जनजागरूकता अभियान चलाया जाए तथा पेट्रोल पंपों पर स्पष्ट जानकारी प्रदर्शित की जाए, ताकि छत्तीसगढ़ के वाहन मालिक बिना किसी भ्रम के सही निर्णय ले सकें। उन्होंने कहा कि नागरिकों का विश्वास, पारदर्शिता और समय पर सही जानकारी किसी भी नई नीति की सफ्लता का सबसे महत्वपूर्ण आधार है।

### ग्राम सिमरिया 'ब' में नाले के पास संदिग्ध परिस्थितियों में मिला शव

**डोंगरगढ़ 27 जुलाई। (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम सिमरिया 'ब' स्थित बरसाती नाले के पास सड़क किनारे एक युवक का शव पड़ा है। प्रथम दृष्ट्या शरीर के निरीक्षण पर कुछ चोट के कुछ निशान पाए गए हैं। ?सूचना पर वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के मार्गदर्शन में थाना भाटापारा ग्रामीण, साइबर सेल एवं एफ्एसएल (स्नस्रु) की टीम मौके पर उपस्थित है। शव का पंचनामा एवं शव निरीक्षण कार्यवाही पश्चात शव को पोस्टमार्टम हेतु भेजने की प्रक्रिया की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने एवं बारीकी से जांच के पश्चात ही घटना के वास्तविक कारणों का पता चल सकेगा। मामले में विवेचना व अग्रिम कानूनी कार्रवाई जारी है। घटना के संबंध में विस्तृत जानकारी पृथक से प्रेषित की जाएगी।

### आधुनिक तकनीक से मिर्च की खेती कर किसान राजेंद्र ने कमाए 6 लाख रुपए

**रायपुर, 27 जुलाई।** बीजापुर जिले के उसूर विकासखंड के ग्राम पुतकेल निवासी किसान एर्रागोला राजेन्द्र ने उद्यानिकी विभाग की तकनीकी सलाह और शासकीय योजना का लाभ लेकर खेती को लाभ का जरिया बना लिया है। आधुनिक तकनीक अपनाकर उन्होंने मिर्च की खेती से लगभग 6 लाख रुपये की आय अर्जित की है। किसान राजेन्द्र पहले मुख्य रूप से धान की खेती करते थे। धान की खेती के बाद उनकी शेष भूमि खाली रह जाती थी। आय बढ़ाने के उद्देश्य से उन्होंने उद्यानिकी विभाग से संपर्क किया और मिर्च की खेती के साथ-साथ विभागीय योजनाओं की जानकारी प्राप्त की। शुरुआत में मिर्च की खेती में लागत अधिक और लाभ कम होने के कारण उन्हें आर्थिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ा। इसी दौरान उद्यानिकी विभाग के अधिकारियों ने उन्हें खेती में मल्चिंग तकनीक अपनाने की सलाह दी। किसान को राष्ट्रीय बागवानी मिशन योजना के अंतर्गत 32,000 रुपए की अनुदान राशि प्रदान की गई। इस सहायता से उन्होंने मल्चिंग शीट का उपयोग कर मिर्च की खेती शुरू की। मल्चिंग तकनीक अपनाने से खेत में खरपतवार नियंत्रण, नमी संरक्षण और फ्सल की गुणवत्ता में सुधार हुआ। इसका सकारात्मक प्रभाव उत्पादन पर भी पड़ा। वर्ष 2026 में किसान एर्रागोला राजेन्द्र को लगभग 30 क्विंटल मिर्च का उत्पादन प्राप्त हुआ। इससे उन्हें करीब 6 लाख रुपये की आय हुई। बेहतर उत्पादन और आय से किसान का खेती के प्रति विश्वास और उत्साह बढ़ा है। किसान राजेन्द्र बताते हैं कि उद्यानिकी विभाग के तकनीकी मार्गदर्शन और शासकीय सहायता से उनकी खेती अधिक लाभकारी बनी है। उन्होंने कहा कि आधुनिक कृषि तकनीक और शासकीय योजनाओं का लाभ लेकर किसान अपनी आय बढ़ा सकते हैं। किसान राजेन्द्र की सफ्लता यह साबित करती है कि सही तकनीक, विभागीय मार्गदर्शन और शासकीय योजनाओं का लाभ लेकर किसान पारंपरिक खेती के साथ-साथ उद्यानिकी फ्सलों को अपनाकर अपनी आय में उल्लेखनीय वृद्धि कर सकते हैं।

# प्रकृति के साथ संतुलन और जल संरक्षण भविष्य की सुरक्षा के लिए आवश्यक : राज्यपाल

**रायपुर, 27 जुलाई।** राज्यपाल श्री रमेन डेका ने कहा कि मनुष्य, पेड़-पौधों और पशु-पक्षियों के बीच संतुलन बनाए रखना पर्यावरण संरक्षण के लिए अत्यंत आवश्यक है। जलवायु परिवर्तन, बढ़ता तापमान, जल संकट और प्रदूषण आज गंभीर चुनौती बनते जा रहे हैं। आने वाले समय में छत्तीसगढ़ को भी जल संकट का सामना करना पड़ सकता है, इसलिए हमें अभी से जल संरक्षण के लिए प्रभावी प्रयास करने होंगे। राज्यपाल श्री डेका ने आज प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय द्वारा पर्यावरण संरक्षण एवं आपदा प्रबंधन'के लिए आयोजित राष्ट्रीय अभियान का शुभारंभ करते हुए उक्त विचार व्यक्त किए। उन्होंने अभियान में शामिल ब्रह्माकुमारी बहनों एवं भाइयों को झंडी दिखाकर रवाना किया। यह अभियान 26 जुलाई से 9 अगस्त 2026 तक रायपुर से जबलपुर की यात्रा करते हुए छत्तीसगढ़ एवं मध्य प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों में पर्यावरण संरक्षण और आपदा प्रबंधन के प्रति जन-जागरूकता का संदेश देगा।



राज्यपाल ने कहा कि ब्रह्माकुमारीज़ संस्थान की यह पहल केवल एक यात्रा नहीं, बल्कि जन-जागृति का अभियान है। इसके माध्यम से बड़ी संख्या में लोगों को वृक्षारोपण, जल संरक्षण, प्लास्टिक मुक्त जीवनशैली और पर्यावरण के प्रति जिम्मेदार व्यवहार अपनाने के लिए प्रेरित किया जाएगा।

श्री डेका ने कहा कि प्रकृति हमारी मां के समान है और उसका संरक्षण करना हम सभी का दायित्व है। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ के निवासी सौभाग्यशाली हैं। यह प्राकृतिक संपदा से समृद्ध प्रदेश है। यहां के घने वन, जीवनदायिनी नदियां और समृद्ध जैव-विविधता हमारी अमूल्य धरोहर हैं। प्रदेश की जनजातीय संस्कृति भी सदियों से प्रकृति के साथ सामंजस्य और सह-अस्तित्व का संदेश देती आई है। बदलते समय में जलवायु परिवर्तन और पर्यावरणीय चुनौतियों से छत्तीसगढ़ भी अछूता नहीं है। इसलिए यहां की हरियाली और प्राकृतिक जल स्रोतों को संरक्षित करना आवश्यक है। राज्यपाल ने जल संरक्षण पर विशेष जोर देते हुए कहा कि पानी की उपलब्धता भविष्य की एक बड़ी चुनौती है। जल का विवेकपूर्ण उपयोग करने के साथ वर्षा जल संचयन और परंपरागत जल स्रोतों के संरक्षण को प्राथमिकता देनी होगी। पर्यावरण प्रदूषण कम करने के लिए इको फ्रेंडली व्यवस्थाओं तथा नवीकरणीय ऊर्जा के उपयोग को भी बढ़ावा देना होगा। राज्यपाल ने माइक्रोप्लास्टिक के बढ़ते दुष्प्रभावों पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि यह मानव स्वास्थ्य के लिए गंभीर चुनौती बन रहा है। माइक्रोप्लास्टिक का प्रभाव मां के दूध तक में दिखाई देना भविष्य की पीढ़ियों के स्वास्थ्य की दृष्टि से चिंताजनक है। उन्होंने सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग कम करने और पर्यावरण संरक्षण के अभियान से समाज एवं समुदाय के प्रत्येक वर्ग को जोड़ने पर जोर दिया।

# बलौदाबाजार में नाले में दिखा घड़ियाल, गांव में दहशत, वन विभाग ने की दूर रहने की अपील

- बलौदाबाजार के पहंदा गांव में खोरसी नाला में दिखा घड़ियाल, फोटो वायरल होने के बाद पहुंची वन विभाग की टीम

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार 27 जुलाई।** जिले के ग्राम पहंदा में ग्रामीणों ने खोरसी नाला में एक घड़ियाल दिखाई देने का दावा किया है. ग्रामीणों ने दूर से उसकी तस्वीरें खींचीं, जो सोशल मीडिया पर वायरल हो गई. तस्वीरें सामने आने के बाद लोगों ने इसकी सूचना तत्काल वन विभाग को दी. सूचना मिलते ही बलौदाबाजार वन परिक्षेत्र की रेंजर एकता कर के नेतृत्व में वन विभाग की टीम गांव पहुंची. अधिकारियों ने ग्रामीणों से पूरे घटनाक्रम की जानकारी ली और खोरसी नाला के आसपास का निरीक्षण किया. हालांकि तेज बहाव के कारण घड़ियाल दोबारा दिखाई नहीं दिया, लेकिन विभाग ने एहतियात के तौर पर पूरे इलाके में सतर्कता बढ़ा दी है.

नाले से दूर रहने की अपील

वन विभाग ने ग्रामीणों से फ्लिहाल खोरसी नाला के आसपास नहीं जाने की अपील की है. खासकर बच्चों और मवेशियों को नाले के किनारे नहीं ले जाने की सलाह दी गई है. रेंजर एकता कर ने गांव के सरपंच को मुनादी कराने के निर्देश दिए हैं, ताकि सभी ग्रामीणों तक यह सूचना पहुंच सके कि जब तक स्थिति पूरी तरह स्पष्ट नहीं हो जाती, तब तक कोई भी व्यक्ति नाले में नहाने या पानी लेने के लिए न जाए.

तस्वीरों में नाले के पानी में घड़ियाल जैसा जीव दिखाई देने का दावा किया गया है. इसी के बाद वन विभाग ने बिना देर किए मौके पर पहुंचकर निरीक्षण शुरू किया. अधिकारियों ने आसपास के क्षेत्र का भी मुआयना किया ताकि यह पता लगाया जा सके कि घड़ियाल अभी भी उसी क्षेत्र में मौजूद है या आगे निकल गया है.



### तेज बहाव में बहकर आने की आशंका

रेंजर एकता कर ने बताया कि प्रारंभिक तौर पर संभावना है कि घड़ियाल तेज पानी के बहाव के साथ किसी दूसरे जल स्रोत से यहां तक पहुंच गया हो. उन्होंने कहा कि अभी नाले में पानी का बहाव काफी तेज है, जिससे तलाश अभियान में दिक्कत आ रही है. वन विभाग का मानना है कि यह भी संभव है कि घड़ियाल बहाव के साथ आगे निकल गया हो. इसके बावजूद किसी भी तरह का जोखिम नहीं लिया जा रहा है।

### आसपास के गांवों को भी किया जा रहा सतर्क

वन विभाग ने सिर्फ पहंदा ही नहीं, बल्कि खोरसी नाला के किनारे बसे अन्य गांवों में भी मुनादी कराने के निर्देश दिए हैं. ग्रामीणों से कहा गया है कि यदि किसी को दोबारा घड़ियाल दिखाई देता है तो वह उसके पास जाने की कोशिश न करे और तुरंत वन विभाग को सूचना दे.

हमारी टीम मौके पर पहुंची और पूरे क्षेत्र का निरीक्षण किया. फ्लिहाल पानी का बहाव काफ्ी तेज है, इसलिए घड़ियाल दिखाई नहीं दे रहा है. हमने ग्रामीणों को नाले में नहाने और उसके किनारे जाने से मना किया है. सरपंच के माध्यम से मुनादी भी कराई जा रही है. संभावना है कि घड़ियाल बहाव के साथ कहीं और चला गया हो, लेकिन हमारी टीम लगातार निगरानी कर रही है.- एकता कर, बलौदाबाजार रेंजर घटना के बाद गांव में डर का माहौल है. कई ग्रामीणों ने बच्चों को अकेले नाले की ओर भेजना बंद कर दिया है. मवेशियों को भी फ्लिहाल दूसरी जगह पानी पिलाया जा रहा है. वन विभाग ने स्पष्ट किया है कि घबराने की जरूरत नहीं है, लेकिन सावधानी बेहद जरूरी है. विभाग की टीम लगातार निगरानी कर रही है और जैसे ही कोई नई जानकारी मिलेगी, ग्रामीणों को तत्काल सूचित किया जाएगा।

## शिक्षा और राष्ट्र निर्माण में धर्मेंद्र प्रधान का योगदान सदैव स्मरणीय रहेगा: डॉ. अरविंद नाथ तिवारी

**रायपुर 27 जुलाई।** भाजपा चिकित्सा प्रकोष्ठ के जिला संयोजक डॉ. अरविंद नाथ तिवारी ने केंद्रीय शिक्षा मंत्री श्री धर्मेंद्र प्रधान के त्यागपत्र पर अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि सार्वजनिक जीवन में पद अस्थायी होता है, लेकिन सेवा, कार्य और व्यक्तित्व की पहचान स्थायी होती है। श्री प्रधान ने अपने कार्यकाल में शिक्षा व्यवस्था को नई दिशा देने का जो प्रयास किया, वह लंबे समय तक याद किया जाएगा।

उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति के माध्यम से भारतीय शिक्षा प्रणाली को आधुनिक, व्यावहारिक और रोजगारोन्मुख बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल की गई। नई पीढ़ी को वैश्विक प्रतिस्पर्धा के अनुरूप तैयार करने, तकनीकी शिक्षा को बढ़ावा देने तथा शोध और नवाचार की संस्कृति विकसित करने में श्री धर्मेंद्र प्रधान की भूमिका उल्लेखनीय रही है।डॉ. तिवारी ने कहा कि लोकतांत्रिक व्यवस्था में हर जनप्रतिनिधि अपने कार्यों के प्रति जवाबदेह होता है। श्री धर्मेंद्र प्रधान का त्यागपत्र इस बात का प्रमाण है कि भारतीय लोकतंत्र में संवैधानिक परंपराओं और नैतिक मूल्यों का सम्मान सर्वोपरि है। यह निर्णय राजनीतिक जीवन में उत्तरदायित्व और मर्यादा



की भावना को और अधिक सुदृढ़ करता है।

उन्होंने कहा कि भाजपा का प्रत्येक कार्यकर्ता राष्ट्रहित को सर्वोच्च मानकर कार्य करता है। श्री धर्मेंद्र प्रधान ने संगठन और सरकार दोनों में अपनी जिम्मेदारियों का सफ्लतापूर्वक निर्वहन करते हुए करोड़ों युवाओं, विद्यार्थियों और शिक्षकों के हित में अनेक निर्णय लिए, जिनका सकारात्मक प्रभाव आने वाले वर्षों में भी देखने को मिलेगा। अंत में डॉ. अरविंद नाथ तिवारी ने विश्वास व्यक्त किया कि श्री धर्मेंद्र प्रधान भविष्य में भी संगठन और देशहित के कार्यों में सक्रिय भूमिका निभाते रहेंगे तथा अपने अनुभव और नेतृत्व से राष्ट्र निर्माण की प्रक्रिया को नई ऊर्जा प्रदान करेंगे। उन्होंने उनके उत्तम स्वास्थ्य, दीर्घायु और उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं भी दीं।

## स्वाभिमान और उद्यमशीलता की मिसाल है सिंधी समाज: राज्यपाल रमेन डेका



**रायपुर, 27 जुलाई।** छत्तीसगढ़ के राज्यपाल श्री रमेन डेका ने कहा है कि सिंधी समाज स्वाभिमान और आत्मनिर्भरता का जीवंत प्रतीक है। देश के विभाजन की विभीषिका और विस्थापन की पीड़ा सहने के बावजूद इस समाज ने अपने परिश्रम और दृढ़ संकल्प से न केवल स्वयं को पुनः स्थापित किया, बल्कि राष्ट्र निर्माण में भी अग्रणी भूमिका निभाई है। राज्यपाल श्री डेका आज रायपुर में पूज्य छत्तीसगढ़ सिंधी पंचायत द्वारा आयोजित 'मुखी संवाद' (विचार, तर्क एवं सुझाव परिचर्चा) कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में बोल रहे थे।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राज्यपाल ने कहा कि विभाजन के समय अपनी मातृभूमि, संपत्ति और सांस्कृतिक धरोहरों को छोड़कर आए सिंधी समाज ने उस असीम वेदना को अपनी शक्ति बनाया। कठिन परिस्थितियों के बावजूद समाज ने अपनी संस्कृति और परंपराओं को सहेजते हुए व्यापार, उद्योग, शिक्षा और समाज सेवा के क्षेत्र में उल्लेखनीय मुकाम हासिल किया है।

श्री डेका ने कहा कि किसी भी समाज की रीढ़ उसकी पंचायतें होती हैं। सिंधी समाज की पंचायत व्यवस्था सामाजिक समरसता बनाए रखने के साथ-साथ प्रगतिशील सोच को भी बढ़ावा देती है। उन्होंने प्रसन्नता व्यक्त की कि 'मुखी संवाद' में प्रदेशभर की 128 पंचायतों के प्रतिनिधि एक मंच पर एकत्रित हुए हैं, जो समाज की संगठनात्मक शक्ति को दर्शाता है।राज्यपाल ने समाज के प्रतिनिधियों से आह्वान किया कि वे सिंधी भाषा, संस्कृति और परंपराओं के संरक्षण के लिए एकजुट होकर प्रयास करें। उन्होंने विशेष रूप से बच्चों और युवा पीढ़ी को अपनी सांस्कृतिक जड़ों से जोड़ने तथा महिला विंग के माध्यम से महिलाओं को और अधिक सशक्त बनाने पर जोर दिया। कार्यक्रम के अंत में राज्यपाल ने पूज्य छत्तीसगढ़ सिंधी पंचायत को इस सफ्ल आयोजन के लिए बधाई दी।

## उद्योग मंत्री ने जैन स्वाध्याय भवन के जीर्णोद्धार कार्य का किया लोकार्पण

**रायपुर, 27 जुलाई।** लोकार्पण कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कहते हुए मंत्री श्री देवांगन ने कहा कि जैन मिलन समिति एवं जैन समाज के सभी प्रबुद्ध जनों का आशीर्वाद एवं स्नेह सदैव प्राप्त होता रहा है। आप सभी के माध्यम से भवन के जीर्णोद्धार कार्य हेतु मांग की गई थी। भगवान महावीर के आशीर्वाद एवं आप सभी के स्नेह का ही परिणाम है कि इस भवन के जीर्णोद्धार हेतु सीएसआर मद से तत्काल स्वीकृति दिलाई गई और आज भव्य भवन आप सभी समाज के स्नेहिल बंधुवो को समर्पित करने का अवसर प्राप्त हो रहा है।

मंत्री श्री देवांगन ने कहा कि मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व मे कोरबा नगर का तेज गति से विकास हो रहा है। विशेषकर सभी समाज के मांग अनुरुप सामाजिक विकास आज नए आयाम की ओर बढ़ रहा है। अब तक 56 समाजिक विकास कार्यो को स्वीकृति दिलाई कर प्रारम्भ कराकर तेजी से पूर्ण कराए जा रहे है। इस अवसर पर समाज के अध्यक्ष डॉ प्रदीप जैन ,जिला चेम्बर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष श्री योगेश जैन, जिला उपाध्यक्ष श्री प्रफुल्ल तिवारी , मंडल अध्यक्ष श्री राजेश राठौर, एल्डरमैन श्री ईश्वर साहू, श्री सुधीर जैन, डॉ प्रिंस जैन, प्रकाश जैन, सोनू जैन,मुकुल जैन,अशोक जैन, प्रमोद जैन, आशीष जैन, श्री पारस जैन, मनीष जैन सहित अधिक संख्या मे समाज के वरिष्ठ जन उपस्थित रहे। इस अवसर पर महापौर श्रीमती संजू देवी राजपूत ने सम्बोधित करते हुए कहा कि सुशासन की सरकार मे कैबिनेट मंत्री श्री लखन लाल देवांगन के नेतृत्व में आज शहर विकास के साथ -साथ सामाजिक विकास की नई गाथा लिखी जा रही है। हर मद का उपयोग समाज एवं शहरवासियों के मांग अनुरूप प्रारंभ के साथ पूर्ण भी हो रहे हैं। जिसका लाभ आज सभी वर्ग को मिल रहा है। समाज के वरिष्ठ जन श्री सुधीर जैन ने मंच से कहा कि आज मंत्री श्री लखन लाल देवांगन के नेतृत्व मे कोरबा नगर का लगातार विकास तेज गति से हो रहा है। आज श्री देवांगन द्वारा जैन मिलन समिति को इस महत्वपूर्ण विकास कार्यो की सौगात मिली है। श्री सुधीर जैन द्वारा मंत्री श्री देवांगन का आभार जताया ।

## घर-घर पहुंची स्वास्थ्य विभाग की टीम, कोर्रा के ग्रामीणों को मिला स्वास्थ्य सुरक्षा का भरोसा

**रायपुर, 27 जुलाई।** सुकमा जिले के दूरस्थ ग्राम पंचायत कोर्रा में स्वास्थ्य विभाग की टीम ने घर-घर पहुंचकर ग्रामीणों को शासकीय स्वास्थ्य योजनाओं का लाभ दिलाया। जिला प्रशासन की पहल से आयोजित विशेष अभियान के दौरान 100 आयुष्मान कार्ड वितरित किए गए, जबकि 14 बुजुर्गों के वय वंदन कार्ड भी तैयार किए गए।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आर.के. सिंह के मार्गदर्शन और जिला परियोजना समन्वयक अमृतेश सिंह के नेतृत्व में आयोजित इस अभियान का उद्देश्य दूरस्थ क्षेत्रों के पात्र हितग्राहियों को स्वास्थ्य योजनाओं से जोड़ना था। इस अभियान की खास बात यह रही कि स्वास्थ्य विभाग की टीम केवल शिविर तक सीमित नहीं रही। टीम ने गांव में घर-घर जाकर पात्र हितग्राहियों का सत्यापन किया और आवश्यक प्रक्रिया पूरी कर उन्हें योजनाओं का लाभ दिलाया।

इस दौरान पात्र ग्रामीणों को आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के अंतर्गत आयुष्मान कार्ड वितरित किए गए। वहीं बुजुर्गों को स्वास्थ्य सुरक्षा प्रदान करने के उद्देश्य से 14 वय वंदन कार्ड भी बनाए गए।

आयुष्मान कार्ड मिलने से पात्र परिवारों को योजना के तहत उपचार संबंधी सुविधाओं का लाभ लेने में आसानी होगी। वहीं वय वंदन कार्ड बुजुर्गों के लिए स्वास्थ्य सुरक्षा का महत्वपूर्ण माध्यम है। स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों और मैदानी अमले ने ग्रामीणों को दोनों योजनाओं के लाभ और उपयोग की जानकारी भी दी।

दूरस्थ और दुर्गम क्षेत्रों में सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाने में स्थानीय जनप्रतिनिधियों, मितानिनों और स्वास्थ्य विभाग के मैदानी अमले ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उनके सहयोग से पात्र हितग्राहियों की पहचान कर उन्हें मौके पर ही योजनाओं से जोड़ा गया।

# 'मन की बात' में बार-बार छत्तीसगढ़ का उल्लेख प्रदेशवासियों के लिए गौरव की बात: मुख्यमंत्री

**रायपुर, 27 जुलाई।** मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने आज राजधानी रायपुर के फफडीह स्थित दया भवन में युवा साथियों, जनप्रतिनिधियों और आम नागरिकों के साथ प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के लोकप्रिय मासिक रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' की 136वीं कड़ी का श्रवण किया। कार्यक्रम के उपरांत मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी का 'मन की बात' कार्यक्रम देशवासियों के साथ संवाद का एक ऐसा सशक्त मंच बन गया है, जो समाज के बीच हो रहे सकारात्मक और प्रेरणादायी कार्यों को राष्ट्रीय पहचान दिलाता है। देशभर के लोगों को प्रत्येक माह इस कार्यक्रम की उत्सुकता से प्रतीक्षा रहती है। प्रधानमंत्री इस कार्यक्रम के माध्यम से ऐसे व्यक्तियों, संस्थाओं, नवाचारों और जन-अभियानों को सामने लाते हैं, जो बिना किसी प्रसिद्धि या व्यक्तिगत अपेक्षा के समाज और राष्ट्र के निर्माण में महत्वपूर्ण योगदान दे रहे हैं।

छत्तीसगढ़ के नवाचारों को लगातार मिल रही राष्ट्रीय पहचान

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी द्वारा पिछले कुछ महीनों में 'मन की बात' कार्यक्रम में लगातार छत्तीसगढ़ की उपलब्धियों, सांस्कृतिक विरासत और नवाचारों का उल्लेख किया जाना प्रत्येक प्रदेशवासी के लिए गर्व की बात है। प्रधानमंत्री ने इससे पहले मल्हार की समृद्ध पुरातात्विक विरासत, बस्तर ओलंपिक और बस्तर पंडुम जैसे अभिनव आयोजनों का उल्लेख कर छत्तीसगढ़ की सांस्कृतिक शक्ति, जनजातीय परंपराओं और युवा प्रतिभाओं को राष्ट्रीय मंच प्रदान किया था।



उन्होंने कहा कि आज के कार्यक्रम में प्रधानमंत्री द्वारा कोरबा में जल संरक्षण और भूजल पुनर्भरण की दिशा में किए जा रहे उत्कृष्ट कार्यों का उल्लेख किया गया। यह छत्तीसगढ़ के लिए एक और गौरवपूर्ण उपलब्धि है। प्रधानमंत्री द्वारा प्रदेश की उपलब्धियों का राष्ट्रीय मंच पर उल्लेख किए जाने से न केवल छत्तीसगढ़वासियों का उत्साह बढ़ता है, बल्कि राज्य के नवाचारों और जनभागीदारी आधारित विकास मॉडल को देशभर में नई पहचान भी मिलती है।

**कोरबा के जल संरक्षण प्रयासों की प्रधानमंत्री ने की सराहना :** 'मन की बात' कार्यक्रम में प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने 'कैच द रेन' अभियान के अंतर्गत देशभर में वर्षा जल संचयन, भूजल पुनर्भरण, पुराने जल स्रोतों के पुनर्जीवन और वृक्षारोपण के लिए किए जा रहे प्रयासों की चर्चा की। उन्होंने छत्तीसगढ़ के कोरबा में जल संरक्षण की दिशा में किए जा रहे कार्यों को उत्साहजनक बताते हुए उनकी सराहना की।

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि कोरबा में वैज्ञानिक पद्धति से जल संरक्षण और भूजल पुनर्भरण के लिए भू-स्थानिक मैपिंग, शैलो एक्विफ्र मैनेजमेंट, रिचार्ज वेल तथा अन्य आधुनिक तकनीकों का उपयोग किया जा रहा है। इन प्रयासों का उद्देश्य वर्षा जल को अधिकतम मात्रा में संरक्षित करना, भूजल स्तर में सुधार लाना और क्षेत्र में जल उपलब्धता को दीर्घकालिक रूप से सुनिश्चित करना है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी ने 'कैच द रेन' अभियान के माध्यम से बारिश की प्रत्येक बूंद को सहेजने का जो संदेश दिया है, वह वर्तमान और भविष्य दोनों की आवश्यकता है। जल केवल प्राकृतिक संसाधन नहीं, बल्कि मानव जीवन, कृषि, पर्यावरण और भावी पीढ़ियों के सुरक्षित भविष्य का आधार है।

**जल संरक्षण को जनभागीदारी का व्यापक अभियान बनाएगी राज्य सरकार:** मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि राज्य सरकार प्रदेश में जल संरक्षण, वर्षा जल संचयन, भूजल पुनर्भरण, तालाबों और अन्य परंपरागत जल स्रोतों के संरक्षण तथा वृक्षारोपण की दिशा में निरंतर कार्य कर रही है। सरकार का प्रयास है कि जल संरक्षण के कार्य केवल सरकारी योजनाओं और विभागीय गतिविधियों तक सीमित न रहें, बल्कि प्रत्येक नागरिक की भागीदारी से एक व्यापक जन-अभियान का स्वरूप लें।

**कारगिल विजय दिवस पर वीर शहीदों को श्रद्धांजलि :** मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी ने 'मन की बात' की शुरुआत कारगिल विजय दिवस पर देश के वीर जवानों को श्रद्धापूर्वक नमन करते हुए की। कारगिल विजय दिवस भारतीय सेना के अदम्य साहस, अप्रतिम शौर्य, दृढ़ संकल्प और सर्वोच्च बलिदान का प्रतीक है। मुख्यमंत्री ने कहा कि कारगिल युद्ध में मातृभूमि की रक्षा के लिए अपने प्राणों का सर्वोच्च बलिदान देने वाले वीर जवानों की शौर्यगाथा सदैव देशवासियों को राष्ट्रसेवा के लिए प्रेरित करती रहेगी।

**'हर घर तिरंगा' अभियान में उत्साह से सहभागिता की अपील:** मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी ने आगामी स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर 'हर घर तिरंगा' अभियान को पूरे उत्साह और गौरव के साथ आगे बढ़ाने का आह्वान किया है। उन्होंने प्रदेशवासियों से अपील की कि वे अपने घरों और प्रतिष्ठानों पर पूरे सम्मान के साथ तिरंगा फ्हराएं तथा राष्ट्र की एकता, अखंडता और गौरव के इस उत्सव में सहभागी बनें।


### //शपथ पत्र//

मैं सीता मांझी पति श्री हेमेन्द्र मांझी मांझीगुड़ा, तहसील- बीजापुर की निवासी हूं।

मैं मांझीगुड़ा तहसील - बीजापुर की स्थायी निवासी हूँ ।

मेरे पुत्र का सही नाम प्रियांशु मांझी (PRIYANSHU MANJHI) है जो उनके शालेय अभिलेखों तथा जाति निवास तथा अन्य अभिलेखो में दर्ज है। लेकिन उनके आधार नं 274085019524 में नाम प्रयांशु मांझी (PRAYANSHU MANJHI) अंकित है जो त्रुटि पूर्ण है जिसको बदलकर सही नाम प्रियांशु मांझी (PRIYANSHU MANJHI) कराना चाहती हूं।

मैं अपने पुत्र प्रियांशु मांझी (PRIYANSHU MANJHI) का नाम बदलकर यदि कोई गैर कानूनी काम करती हूं तो उसके लिए मैं पूर्णतः स्वयं जिम्मेदार रहूंगी।

मेरी नाबालिग पुत्र प्रयांशु मांझी (PRAYANSHU MANJHI) का नाम प्रियांशु मांझी (PRIYANSHU MANJHI) बदलने में कोई आपत्ति नहीं है।

मैं यह शपथ पत्र अपने पूरे होशोहवास में रहकर हस्ताक्षर कर रही हूं तथा सक्षम अधिकारी के समक्ष प्रस्तुत कर रही हूं।

शपथकर्ता
सीता मांझी

### //शपथ पत्र//

मैं हेमबती मांझी (HEMBATI MANJHI) पति हीरा सिंह मांझी उम्र 41 वर्ष ग्राम (बीजापुर), मांझीगुड़ा, तहसील - बीजापुर, जिला- बीजापुर की निवासी हूं।

मैं ग्राम (बीजापुर), मांझीगुड़ा तहसील- बीजापुर जिला-बीजापुर की स्थायी निवासी हूं ।

मेरे आधार नं. 589043659389 में नाम हेमवती मांझी (HEMVATI MANJHI) अंकित है। जो गलत है नया नाम हेमबती मांझी (HEMBATI MANJHI) करवाना चाहती हूं। जो मेरे भारत निर्वाचन आयोग द्वारा परिचय पत्र क्रमांक IFKO11399 में दर्ज है ।

मेरा पुराने नाम हेमवती मांझी (HEMVATI MANJHI) सबंधी से किसी भी न्यायालय में कोई भी प्रकरण लंबित नहीं है और न ही किसी बैंक में ऋण राशि शेष हैं।

मैं मेरा उपनाम बदलकर यदि कोई गैर कानूनी काम करती हूं तो उसके लिए मैं पूर्णतः स्वयं जिम्मेदार रहूंगी।

मैं यह शपथ पत्र अपने पूरे होशोहवास में रहकर हस्ताक्षर कर रही हूं तथा सक्षम अधिकारी के समक्ष प्रस्तुत कर रही हूं।

शपथकर्ता
हेमबती मांझी

## एक नजर

### सुरभि पांडेय को मिली डॉक्टरेट की उपाधि



**रायपुर, 27 जुलाई।** गुरु घासीदास विश्वविद्यालय द्वारा रूरल टेक्नोलॉजी विभाग में कु. सुरभि पांडेय को डॉक्टरेट उपाधि प्रदान की गई है। उन्होंने अपना शोध कार्य डॉ. भास्कर चौरसिया के मार्गदर्शन में सफलतापूर्वक पूरा किया। उनके शोध का विषय स्टडीस आन आइसोलेशन एंड आइडेन्टीफिकेशन ऑफएंडोफिटिक फंगाई एंड देयर बायोएक्टिव मालीक्यूल्स फ्राम कर्कुमा कैसिया रोबेक्स था। यह शोध पादप कवक और उनके बायोएक्टिव अणुओं के अलग ही पहचान पर केंद्रित था, जो ग्रामीण प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान है। जांजगीर (छत्तीसगढ़) निवासी सुरभि पाण्डेय ने अपना प्रजेन्टेशन देते समय बताया कि कर्कुमा कैसीया (काली हल्दी) एक महत्वपूर्ण औषधीय पौधा है, जिसका उपयोग पारंपरिक चिकित्सा पद्धतियों में लंबे समय से किया जाता रहा है।

### एमेजॉन के मशीन लर्निंग समर स्कूल ने पाँच साल पूरे किए

**रायपुर, 27 जुलाई।** आज एमेजॉन इंडिया के मशीन लर्निंग समर स्कूल (एम.एल.एस.एस) को पाँच साल पूरे हो गए। यह एक निशुल्क, वर्चुअल प्रोग्राम है, जो साल 2021 से अब तक 12,000 से अधिक इंजीनियरिंग स्टूडेंट्स को मुख्य आर्टिफिशियल इंटैलिजेंस (ए.आई) और मशीन लर्निंग (एम.एल) में प्रशिक्षित कर चुका है। यह कोर्स हर साल चार वीकेंड तक एमेजॉन साईंटिस्ट्स द्वारा कराया जाता है। इस प्रोग्राम के लिए अब तक कुल 4 लाख से अधिक रजिस्ट्रेशन हो चुके हैं। जहाँ पहले एडिशन में 3,927 रजिस्ट्रेशन हुए थे, वहीं साल 2026 में 1.3 लाख से अधिक रजिस्ट्रेशन हुए। अपने छठवें साल में एम.एल.एस.एस लगातार एकेडेमिक पाठ्यक्रम और उद्योग के लिए तैयार ए.आई स्किल्स के अंतर को दूर कर रहा है। यह स्टूडेंट्स को व्यापक स्तर पर रिकमेंडेशन सिस्टम, नैचुरल लैंग्वेज प्रोसेसिंग, कंप्यूटर विजन और फोरकास्टिंग आदि की चुनौतियों का हैंड्स-ऑन अनुभव प्रदान कर रहा है। एमेजॉन एम.एल.एस.एस ने पिछले पाँच सालों में लगातार अपने पाठ्यक्रम का विकास करके इसे मशीन लर्निंग में हो रही प्रगति के अनुरूप बनाया है। यह विभिन्न संस्थानों और भौगोलिक क्षेत्रों के स्टूडेंट्स को प्रैक्टिकल और उद्योग के अनुकूल लर्निंग उपलब्ध कराता है। यह प्रोग्राम एक व्यवस्थित प्रणाली का पालन करता है, जो अपार क्षमता वाले स्टूडेंट्स को पहचानने तथा उनकी मशीन लर्निंग की क्षमताओं का विकास करने के लिए डिजाईन की गई है।

### आयुष्मान योजना में भ्रष्टाचार के नाम पर भ्रम फैला रही कांग्रेस : मिश्रा

**रायपुर, 27 जुलाई।** भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता डॉ. विजय शंकर मिश्रा ने रविवार को एक बयान जारी कर आयुष्मान योजना को लेकर कांग्रेस के लगाए आरोपों का खंडन किया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की



बुनियाद झूठ की राजनीति पर टिकी हुई है, मुद्दा विहीन कांग्रेस आयुष्मान योजना को लेकर अनर्गल प्रलाप कर रही और जनता में भ्रम फैलाने की कोशिश कर रही है। भाजपा प्रदेश प्रवक्ता डॉ. विजय शंकर मिश्रा ने कहा कि वास्तविक स्थिति यह है कि वित्तीय वर्ष 2026-27 में राज्य शासन द्वारा योजना के अंतर्गत उपचार प्रदान करने वाले निजी अस्पतालों को 451 करोड़ रुपए राशि का भुगतान किया जा चुका है, वहीं निजी अस्पतालों के 379 करोड़ रुपए के दावों का भुगतान प्रक्रियाधीन है, इसके लिए सरकार ने 287 करोड़ राशि जारी गई है, जिससे भुगतान की कार्यवाही निरन्तर जारी है। भाजपा प्रवक्ता डॉ. मिश्रा ने कहा कि अस्पतालों को दावा राशि का भुगतान एक सतत एवं नियमित प्रक्रिया है, जो उपलब्ध बजटीय संसाधनों एवं स्वीकृत दावों के आधार पर किया जाता है।

### निधन

#### करण ठाकुर

**रायपुर, 27 जुलाई।** रायपुर प्रेस क्लब कर्मचारी रीना ठाकुर के सुपुत्र करण ठाकुर



(29) का आज अकास्मिक निधन हो गया है। उनका अंतिम संस्कार मारवाड़ी श्मशान घाट में किया गया। प्रेस क्लब अध्यक्ष मोहन तिवारी महासचिव गौरव शर्मा भारतीय, उपाध्यक्ष दिलीप साहू, कोषाध्यक्ष दिनेश यदु, संयुक्त सचिव निवेदिता साहू, भूपेश जांगड़े ने गहरा दुख व्यक्त करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की है।

# राजधानी के अशोका आइकन में दिनदहाड़े 70 लाख की चोरी

**रायपुर, 27 जुलाई।** राजधानी के मोवा स्थित अशोका आइकन में करोड़ों की चोरी की वारदात सामने आई है. दिनदहाड़े घर में अलमारी तोड़कर 51.50 रुपए कैश समेत सोने-चांदी के जेवरात पर अज्ञात चोरों ने हाथ साफ किया. चोरी गई संपत्ति की कुल कीमत 70 लाख रुपए आंकी गई है. घटना के बाद पूरे इलाके में हड़कंप मच गया है. पूरा मामला पंडरी थाना क्षेत्र का है. जानकारी के मुताबिक, घटना उस वक्त हुई जब परिवार नया रायपुर किसी काम से गया हुआ था. वापस आने पर उनके होश उड़ गए. अलमारी का ताला टूटा हुआ था, जिसमें रखे 51.50 लाख कैश और सोने-चांदी के जेवरात गायब थे. उन्होंने पुलिस को घटना की सूचना दी.



» सोने-चांदी के जेवरात और 51.50 लाख कैश पार

#### रसोइए पर साथियों के साथ मिलकर चोरी का आरोप

पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू की. इस दौरान परिवार के सदस्यों ने घर में काम करने वाले रसोइए महेंद्र कुमार यादव पर चोरी का आरोप लगाया. आशंका जताई कि इसने अपने साथियों के साथ मिलकर वारदात को अंजाम दिया है. फिलहाल पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है. सोसाइटी में आने-जाने वाली की डिटेल्स के साथ सीसीटीवी कैमरे खंगाले जा रहे हैं. वहीं पुलिसकर्मी आरोपी और उसके साथियों की तलाश में जुटे गए हैं.

# अर्पण दिव्यांग पब्लिक स्कूल में बच्चों को गणवेश एवं कापी-किताब वितरण

**रायपुर, 27 जुलाई।** अर्पण दिव्यांग पब्लिक स्कूल में आज बच्चों को गणवेष एवं कापी किताब बच्चों को वितरित की गई। मुख्य अतिथि शहर जिला कांग्रेस के अध्यक्ष श्री कुमार मेनन तथा विशिष्ट अतिथि समाजसेवी आकाश धावना एवं प्रसिद्ध मोटिवेशनल स्पीकर सौरभ जैन थे। अध्यक्षता मंजू श्रीश्री माल ने की। उक्त अवसर पर कुमार मेनन ने कहा कि बच्चों के लिए पढ़ाई के साथ-साथ उससे ज्यादा आवश्यकता स्किल डेवलपमेंट की है ताकि बच्चे मल्टी टेलेंटेड हो और अपनी आत्म निर्भरता हेतु कई काम कर सके।साथ ही उन्होंने अपनी ओर से बच्चों को गणवेष प्रदान किया। उन्होंने कहा कि ईश्वरीय शक्ति के चलते ये बच्चे किसी बात को सामान्य बच्चों से जल्द कैच करने में पारंगत होते हैं।



विशिष्ट अतिथि आकाश धावना ने 1 बच्चे को गोद लेकर उसकी पढ़ाई भोजन में होने वाले खर्च का जिम्मा उठाते हुए कहा कि इन बच्चों को ईश्वर ने अतिरिक्त शक्ति प्रदान की है ये इशारे में ही अपने काम बड़ी फूर्ति से करने की क्षमता रखते हैं। शेखर जैन ने खेल खेल में बच्चों को पढने् की आदत पर जोर दिया खासकर गणित और विज्ञान इनके रुचि के विषय बताया।

मंजू श्री श्री माल ने इन बच्चों को समय समय पर स्पीच थेरेपी की मदद के साथ इनसे बोलने की आदत डालनी चाहिए कहा। संस्था के अध्यक्ष प्रकाश शर्मा ने अतिथियों को जानकारी देते हुए बताया कि यह शाला निः शुल्क सारी सुविधाएं बच्चों को मुहैया कराती है जहाँ उच्च कोटि के भोजन से लेकर योगा तथा आर्ट एंड क्राफ्ट की शिक्षा दी जाती है तो दूसरी ओर स्किल डेवलपमेंट पर विशेष ध्यान दिया जाता है। उक्त अवसर पर डायरेक्टर डॉ राकेश पांडे,सीमा छाबड़ा,प्राचार्य कमलेश शुक्ला,दिनेश शुक्ला, धनंजय त्रिपाठी, वीरेंद्र शर्मा,संहित अनेक गणमान्य जन उपस्थित थे।

## नए एसपी से कल्पना तिवारी ने की भेंट



**रायपुर, 27 जुलाई।** जिला पंचायत अध्यक्ष कल्पना योगेश तिवारी ने बेमेतरा के नवनियुक्त पुलिस अधीक्षक त्रिलोक बंसल से सौजन्य मुलाकात कर उन्हें बेमेतरा जिले के पुलिस अधीक्षक पद का कार्यभार ग्रहण करने पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ प्रेषित कीं। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष तिवारी ने विश्वास व्यक्त किया कि बंसल के कुशल नेतृत्व में बेमेतरा जिले में कानून व्यवस्था और अधिक सुदृढ़ होगी तथा अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित होगा। उन्होंने कहा कि जिले को अपराधमुक्त, सुरक्षित एवं शांतिपूर्ण बनाने के लिए जिला पंचायत हर स्तर पर पुलिस प्रशासन के साथ समन्वय स्थापित कर सहयोग करने के लिए सदैव तत्पर रहेगी। कल्पना योगेश तिवारी ने पुलिस अधीक्षक त्रिलोक बंसल को उनके नए दायित्व के सफल एवं जनहितकारी निर्वहन के लिए शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि प्रशासन और जनप्रतिनिधियों के आपसी सहयोग से जिले के विकास, सुरक्षा एवं सामाजिक सौहार्द को नई दिशा मिलेगी। सौजन्य भेंट के दौरान जिले के विकास, कानून व्यवस्था तथा आम नागरिकों की सुरक्षा से जुड़े विभिन्न विषयों पर सकारात्मक चर्चा भी हुई।और सांथ में पीयुष शर्मा जी मौजूद रहे।

## परजीवी है कांग्रेस : संजय

**रायपुर, 27 जुलाई।** छत्तीसगढ़ राज्य नागरिक आपूर्ति निगम (नान) के अध्यक्ष संजय श्रीवास्तव ने कांग्रेस पार्टी पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि कांग्रेस आज अपने बलबूते कोई जनआंदोलन खड़ा करने में सक्षम नहीं है और परजीवी राजनीति कर दूसरों के आंदोलनों में अपना राजनीतिक लाभ तलाश रही है। श्रीवास्तव ने कहा कि कांग्रेस द्वारा पूर्व केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे को लेकर राजनीति करना



दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने कहा कि नीट पेपर लीक मामले में छात्रों की भावनाओं का सम्मान करते हुए केंद्रीय शिक्षा मंत्री ने नैतिक जिम्मेदारी स्वीकार की। उन्होंने स्वयं कहा कि युवा शक्ति ही राष्ट्र शक्ति है। यह केंद्र सरकार की जवाबदेही और संवेदनशीलता को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस इस पूरे छात्र आंदोलन में अपनी भूमिका तलाशने का प्रयास कर रही है। यदि छात्रों को कांग्रेस के नेतृत्व पर भरोसा होता तो वे आंदोलन का नेतृत्व कांग्रेस को सौंपते या उसका समर्थन मांगते। लेकिन छात्रों ने कांग्रेस की ओर देखा तक नहीं। इसके बावजूद कांग्रेस प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से इस्तीफे की मांग कर केवल राजनीतिक लाभ लेने का प्रयास कर रही है। संजय श्रीवास्तव ने कहा कि कांग्रेस पहले अपने कार्यकाल का जवाब दे। छत्तीसगढ़ में भूपेश बघेल सरकार के दौरान हुए पीएससी भर्ती घोटाले पर कांग्रेस की नैतिकता कहाँ थी, क्या उस समय तत्कालीन शिक्षा मंत्री ने इस्तीफा दिया था, उस मामले में तत्कालीन पीएससी अध्यक्ष टामन सिंह सोनवानी आज भी जेल में हैं। उन्होंने आगे कहा कि राजस्थान में अशोक गहलोत सरकार के दौरान भी पेपर लीक के कई मामले सामने आए थे।

## मोबाइल, कम्प्यूटर के अत्यधिक उपयोग से दृष्टि कमजोर होने की आशंका : मिश्र

रायपुर, 27 जुलाई। हमारी आंखें प्रकृति का अनमोल उपहार हैं। इनके माध्यम से हम अपने आसपास की दुनिया को



देखते, सीखते और जीवन का आनंद लेते हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार, दृष्टि हानि के अधिकांश कारणों की समय पर जांच, उचित उपचार तथा जागरूकता से रोकथाम की जा सकती है। इसलिए प्रत्येक व्यक्ति को आंखों की देखभाल और नियमित नेत्र परीक्षण के महत्व को समझना चाहिए। डॉ दिनेश मिश्र ने दृष्टि हीनता के कारणों पर चर्चा करते हुए कहा कुछ बच्चों में जन्म से ही आंखों की विकृतियां (जन्मजात दोष) पाई जाती हैं। यदि जन्म के बाद समय पर नेत्र परीक्षण कराया जाए तो इनमें से कई समस्याओं का सफल उपचार संभव है। विटामिन ए की कमी बच्चों में रतौंधी तथा कॉर्निया को गंभीर क्षति पहुंचा सकती है। हरी पत्तेदार सब्जियां, गाजर, पपीता, आम, दूध और अंडे जैसे पौष्टिक आहार इसके अच्छे स्रोत हैं। बैक्टीरियल, वायरल तथा फंगल संक्रमण भी आंखों में लालिमा, दर्द, पानी आना और दृष्टि कम होने का कारण बन सकते हैं। संक्रमण होने पर स्वयं दवा लेने के बजाय नेत्र विशेषज्ञ से परामर्श लेना चाहिए। डॉ मिश्र ने कहा दृष्टि दोष (निकट दृष्टि, दूर दृष्टि और एस्टिग्मैटिज्म) आज बच्चों और युवाओं में तेजी से बढ़ रहे हैं। नियमित नेत्र परीक्षण कराकर सही नंबर का चश्मा पहनना आवश्यक है। मोतियाबिंद बढ़ती उम्र में अंधत्व का सबसे सामान्य कारण है, लेकिन आधुनिक शल्य चिकित्सा द्वारा इसका सफल उपचार संभव है। कांचबिंदु (ग्लूकोमा) एक गंभीर रोग है जो बिना किसी प्रारंभिक लक्षण के धीरे-धीरे आंख की रोशनी नष्ट कर देता है।

## कैट चलाएगा हर घर तिरंगा अभियान



**रायपुर, 27 जुलाई।** कैट के राष्ट्रीय वाइस चेयरमेन एवं राष्ट्रीय व्यापारी कल्याण बोर्ड (भारत सरकार) के सदस्य अमर पारवानी, छत्तीसगढ़ इकाई के चेयरमेन जितेन्द्र दोशी, विक्रम सिंहदेव, प्रदेश अध्यक्ष परमानंद जैन, वाइस चेयरमेन सुरिन्दर सिंह, जीवत बजाज, प्रदेश महामंत्री अवनीत सिंह, प्रदेश कोषाध्यक्ष विजय पटेल, कार्यकारी अध्यक्ष राजेन्द्र जग्गी, वासु माखीजा, राम मंधान, भरत जैन, राकेश ओचवानी एवं शंकर बजाज ने संयुक्त रूप से बताया कि कॉन्फ़ेडरेशन ऑफऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) की 25 जुलाई 2026 से शुरू हुई दो दिवसीय राष्ट्रीय व्यापारी बैठक आज नई दिल्ली में संपन्न हुई। इस महत्वपूर्ण सम्मेलन में देश के विभिन्न राज्यों से आए 200 से अधिक वरिष्ठ व्यापारी नेताओं ने भाग लिया। सम्मेलन में व्यापार एवं उद्योग से जुड़े अनेक समसामयिक विषयों, व्यापारियों के हितों, देश के आर्थिक विकास में व्यापार जगत की भूमिका तथा 12 से 15 अगस्त, 2026 तक भारत मंडपम, नई दिल्ली में आयोजित होने वाले भारतीय व्यापार महोत्सव-2026 की तैयारियों एवं उसके सफल आयोजन पर विस्तृत चर्चा की गई।

## भैरव सोसायटी में महापूजन व गुरुभक्ति 29 को



**रायपुर, 27 जुलाई।** आचार्य भगवंत जिनमणिप्रभ सूरीश्वर जी द्वारा प्रतिष्ठित चमत्कारी जिनकुशल सूरि जैन दादाबाड़ी, भैरव सोसायटी में 29 जुलाई को गुरुपूर्णिमा महोत्सव धूमधाम व श्रध्दापूर्वक मनाया जाएगा।

सीमंधर स्वामी जैन मंदिर व दादाबाड़ी ट्रस्ट के अध्यक्ष संतोष बैद व महासचिव महेन्द्र कोचर ने बताया कि प्रातः 6 बजे स्नात्र महोत्सव से गुरुपूर्णिमा महोत्सव का आरम्भ होगा। सैकड़ों बच्चों व श्रावक श्राविकाओं द्वारा अष्टप्रकारी पूजा, गुरुवंदना पश्चात 9 . 30 बजे से दादागुरुदेव की बड़ी पूजा में गुरु गुणानुवाद किया जावेगा। दादागुरुदेव की बड़ी पूजा के लाभार्थी श्रीमति पुष्पादेवी मनोज कविता कोठारी, पदमचंद पंकज नीलेश गोलछा, , महेन्द्र कुमार तरुण कुमार मानस गौरव दिया कल्प गर्वित प्रेरित कोचर, पदमचंद मनीष बरड़िया मुंबई, वर्तिका वर्धमान वैभव चोपड़ा, अनमोल ममता दर्श जैन, जयचंद रमेश मोहन बच्छावत, बसंत जितेन्द्र नाहर, नीलम चंद डॉ अंशुल बरड़िया, गुमान चंद सुरेश झाबक, करणमल संपतलाल घीया, गुलाब चंद सोहन लाल टीकम जी गोलछा, संतोष सरला बैद, मोहन लाल नवीन नमित भन्साली, अशोक अरुणा अमित कोठारी, मनोहरमल पुगलिया, मंजू महेन्द्र मयंक पूजा कोठारी, राजेश करुणा सिंघी, प्रकाश चंद प्रदीप बरमट, बजीवनलाल डॉ योगेश बंगानी, तिलोकचंद नितिन निकेश बरडिया, अपूर्व दिशा मालू, इंदरचंद सुशीला देवी आकाश श्रीश्रीमाल चम्पालाल विक्रम गुंदेचा, इंदरचंद जय कुमार, विजय कुमार सांखला परिवार व गुरुभक्त परिवार हैं। ट्रस्टी नीलेश गोलछा व डॉ योगेश बंगानी ने बताया कि गुरुदेव की छतरी को सुगंधित पुष्प से सजाया जावेगा। मंजू कोठारी ने बताया कि रात्रि में खरतरगच्छ महिला परिषद, सीमंधर महिला मण्डल व गुरुभक्तों द्वारा चारों दादागुरुदेव को समर्पित भक्ति की जावेगी।




# नकटी विवाद पर कांग्रेस ने बनाई जांच समिति

**रायपुर, 27 जुलाई।** नकटी गांव के प्रभावित परिवारों को न्याय दिलाने के लिए छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने एक जांच समिति बनाई है। इस समिति की तीसरी बैठक रविवार को हुई। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि सरकार प्रभावित परिवारों के प्रति पूरी तरह उदासीन है। एक महीना बीत जाने के बाद भी पुनर्वास और न्याय पर कोई ठोस फैसला नहीं हुआ है। कांग्रेस अब इस मामले में कानूनी लड़ाई की रणनीति बना रही है। बैठक में पार्टी के कई वरिष्ठ नेता और पदाधिकारी मौजूद रहे। यह लगातार तीसरी बैठक थी, जिसमें मामले की समीक्षा की गई। नकटी के पीड़ित परिवारों का मुद्दा अब सिर्फ स्थानीय स्तर तक सीमित नहीं रहा, बल्कि यह प्रदेश स्तर की राजनीति में भी अहम मुद्दा बन गया है।

**उसी जगह पुनर्वास और राजस्व ऑडिट की मांग**

कांग्रेस की मांग है कि प्रभावित परिवारों का उसी स्थान पर सम्मानजनक पुनर्वास किया जाए और उन्हें मकान उपलब्ध कराया जाए। इसके अलावा तोड़फोड़ वाली जगह और आसपास की भूमि का राजस्व ऑडिट भी सार्वजनिक करने की मांग रखी जाएगी। पार्टी का कहना है कि इससे यह स्पष्ट हो सकेगा कि किन प्रभावशाली लोगों के हित में गरीबों के मकान तोड़े गए। कांग्रेस के मुताबिक पारदर्शिता के लिए यह जानकारी सार्वजनिक होना जरूरी है।

**दीपक बैज ने सरकार पर लगाया उदासीनता का आरोप :** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने बैठक में कहा कि सरकार नकटी के प्रभावित परिवारों के प्रति पूरी तरह उदासीन है। उनके मुताबिक एक महीना बीत जाने के बाद भी पुनर्वास और न्याय को लेकर कोई ठोस फैसला नहीं लिया गया। उनका कहना है कि बरसात के मौसम में प्रभावित परिवार खुले आसमान के नीचे रहने को मजबूर हैं। यह स्थिति बताती है कि प्रशासन की तरफ से अब तक राहत के ठोस कदम नहीं उठाए गए हैं।

**कानूनी लड़ाई के लिए बनेगी पांच सदस्यीय टीम:** कांग्रेस ने अब इस मामले को अदालत तक ले जाने की तैयारी शुरू कर दी है। इसके लिए पार्टी के विधि विभाग की पांच सदस्यीय टीम गठित की जाएगी। यह टीम न्यायालयीन लड़ाई की पूरी रणनीति तैयार करेगी। इसके साथ ही प्रभावित परिवारों के पुनर्वास से जुड़े कानूनी पहलुओं पर भी काम किया जाएगा।

**संयोजक बोले, यह मामला सामाजिक न्याय से जुड़ा:** जांच समिति के संयोजक और पूर्व मंत्री धनेंद्र साहू ने कहा कि यह मामला केवल पुनर्वास तक सीमित नहीं है। उनके मुताबिक यह सामाजिक न्याय और संवैधानिक अधिकारों से भी जुड़ा हुआ मुद्दा है। उनका कहना है कि समिति इस पूरे मामले को व्यापक नजरिए से देख रही है, ताकि प्रभावित परिवारों को उनका हक मिल सके।

कौशल किशोर मिश्र प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी की ओर से तरुण छत्तीसगढ़, तरुण छत्तीसगढ़ प्रेस टॉवर, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर ( छ.ग. ) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक- कौशल किशोर मिश्र, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2024-26